डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर
आश्विन कृष्ण पक्ष 9, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 26 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-342, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



यह मेरी खूबसूरत यात्रा को शेयर करने का...

संसेक्स
85,169.87 ▲ +255.83
डॉलर
83.564 ▲ -0.042
पलामू सर्राफा
10 ग्राम 75,560
01 किलो 92,210

## एक नजर

### सांसद सरफराज अहमद बने झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष

**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष चुने गये हैं। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में सरफराज अहमद ने एक वोट से अपने निकटम प्रतिद्वंदी अबरार अहमद को शिकस्त दी। सरफराज को कुल पांच वोट मिले जबकि अबरार को चार वोट मिले। बताते चलें कि डॉ सरफराज अहमद 2019 में झामुमो के टिकट पर गांडेय सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। बाद में उन्होंने इस सीट को छोड़ दिया। इसके बाद इस सीट पर उपचुनाव हुआ, जिसमें कल्पना सोरेन ने जीत हासिल की। डॉ सरफराज वर्ष 1980 और 2009 में भी कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं।

### बारिश के बावजूद पांकी में सांसद रवि किशन का जोरदार स्वागत

**पांकी।** प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में गोरखपुर के सांसद और भोजपुरी फिल्म अभिनेता रवि किशन ने जनता को संबोधित किया। भारी बारिश के बावजूद हजारों की भीड़ कार्यक्रम में शामिल हुई। रवि किशन ने भाजपा की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि झारखंड की जनता मौजूदा सरकार से ऊब चुकी है। अब भाजपा राज्य में सत्ता में आने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार लोगों को नाकामी और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया। बालू के दामों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जो बालू 500 रुपए में मिलता था, वह अब 5000 में बिक रहा है, जो राज्य की जनता के शोषण का प्रतीक है। झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों का बोलबाला है और लव जिहाद चरम पर है। उन्होंने सवाल उठाया कि इन समस्याओं के लिए जिम्मेदार कौन है। इसका जवाब कौन देगा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के खिलाफ साजिश रची जा रही है। उनकी संपत्तियों को लूटा जा रहा है। राज्य में एक विशेष समुदाय की जनसंख्या घटने पर भी उन्होंने चिंता जताई। इसे एक साजिश का हिस्सा बताते हुए जनता से वोट शेष पृष्ठ 11 पर

## आज | कल

तीसरी आंख




# केंद्र सरकार झारखंड के साथ कर रही अन्याय संसाधनों की लूट में लिप्त है : कल्पना सोरेन

▸▸ **हेमंत सोरेन की सरकार को गिराने के लिए भाजपा का षड्यंत्र, झारखंड की जनता देगी करारा जवाब**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए, जिसमें उन्होंने कहा कि केंद्र झारखंड के साथ अन्याय कर रही है और राज्य की खनिज संपत्तियों को हड़पने में लगी है। उन्होंने केंद्र पर झारखंड के खनिजों की लूट का आरोप लगाते हुए कहा, 'कोयले के लिए केंद्र पर हमारा बकाया राजस्व 1.36 लाख करोड़ रुपये है।' झारखंड के शिवाजी मैदान में आयोजित 'मईयां सम्मान यात्रा' के दौरान कल्पना सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'भाजपा सत्ता हथियाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। वे यहां बाहर के बड़े नेताओं को बुलाकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, लेकिन झारखंड की जनता समझ चुकी है। हम हर चुनौती का सामना करेंगे, चाहे जितने बड़े नेता आ जाएं, यहां की माताएं और बहनें हेमंत सोरेन का समर्थन कर रही हैं। कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा का एजेंडा झारखंड की जनता को भ्रमित करने का है, लेकिन झारखंड की माताएं और बहनें भाजपा की साजिशों को नाकाम करेंगी। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं और उनकी सरकार झारखंड की जनता के हित में काम कर रही है। भाजपा चाहे जितने भी नेता झारखंड भेज दे, हमारी माताएं और बहनें उनकी रक्षा करेंगी। उन्होंने सभा में उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे भाजपा के सत्ता हथियाने के प्रयासों को विफल करें और शेष पृष्ठ 11 पर

# भगवान बिरसा मुंडा की धरती से भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेंके : रवि किशन

▸▸ **झारखंड में घुसपैठियों और लव जिहाद के मुद्दे पर सांसद रवि किशन का कड़ा बयान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा में बुधवार को आयोजित बीजेपी की परिवर्तन यात्रा में गोरखपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद और भोजपुरी फिल्म स्टार रवि किशन ने झारखंड में घुसपैठियों और लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता के मौर्या फार्म हाउस पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा, 'झारखंड में



बांग्लादेशी घुसपैठिए राज कर रहे हैं और लव जिहाद का मामला चरम पर है।' रवि किशन ने यह भी कहा कि झारखंड के आदिवासी राजा हैं, लेकिन उनके खिलाफ षड्यंत्र रचे जा रहे हैं और उनकी संपत्ति का शोषण किया जा रहा है। 'यहां एक समुदाय की जनसंख्या में कमी आ रही है, जबकि दूसरे को मजबूत किया जा रहा है। यह किसी की साजिश है, और अब जनता को इसका जवाब देना होगा,' उन्होंने कहा। सांसद ने बालू की किल्लत शेष पृष्ठ 11 पर

## सीएम हेमंत सोरेन ने मोदी को पत्र लिखा 1.36 लाख करोड़ बकाया दिलाने की मांग की

# हमारी मांग सिर्फ न्याय की विशेषाधिकार की नहीं

▸▸ **हेमंत ने कहा कि झारखंड में कार्यरत कोयला कंपनियों पर राज्य का मार्च 2022 तक 1,36,042 करोड़ रुपये का है बकाया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्रीय कोल कंपनियों पर झारखंड के 1.36 लाख करोड़ की बकाया राशि का भुगतान कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रति सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा है, झारखंडियों का हक मांगो तो जेल में डाल देते हैं, पर अपने हक के लिए हर कुबार्नी मंजूर है। हम भाजपा के सहयोगी राज्यों की तरह स्पेशल स्टेटस नहीं मांग रहे, ना ही हम कुछ राज्यों की तरह केंद्रीय बजट का बड़ा हिस्सा मांग रहे हैं। हमें बस हमारा हक दे दीजिए, यही हमारी मांग है। हमारी मांग सिर्फ न्याय की है, विशेषाधिकार की नहीं। सोरेन ने कहा है कि झारखंड के लोगों ने अपने राज्य के लिए लंबा संघर्ष किया है और अब हम चाहते हैं कि हमारे संसाधनों एवं अधिकारों का उचित उपयोग हो। प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में उन्होंने लिखा है कि झारखंड राज्य का सामाजिक-आर्थिक विकास मुख्य रूप से खनन और खनिजों से होने वाले राजस्व पर निर्भर करता है, जिसमें से 80 प्रतिशत कोयला खनन से आता शेष पृष्ठ 11 पर




**हेमंत भुगतान के लिए पीएम के सामने रखे दो विकल्प**

- जब तक बकाया राशि का भुगतान किस्तों में नहीं हो जाता तब तक कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को ब्याज राशि का भुगतान करना शुरू करना चाहिए।
- भारतीय रिजर्व बैंक में कोल इंडिया के खाते में जमा राशि से झारखंड राज्य को सीधे डेबिट कराया जाये। जैसा कि झारखंड राज्य बिजली बोर्ड के साथ डीवीसी के बकाया मामले में किया गया था।

## कल्पना सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और बेबी देवी ने पंचायत समिति सदस्य सविता सिंह के घर जितिया पूजा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, बेबी देवी ने पलामू के पांकी इलाके में जितिया पूजा की है। कल्पना सोरेन, बेबी देवी और दीपिका पांडेय सिंह ने पलामू के पांकी गांव के तेतराई पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सविता सिंह के घर पर की जितिया की पूजा-अर्चना। दरअसल बुधवार को मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में मंईयां सम्मान सभा का आयोजन किया गया था। मंईयां सम्मान यात्रा का नेतृत्व विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह कर रही थी। मेदिनीनगर के बाद यह यात्रा मनिका, लातेहार विधानसभा क्षेत्र होते पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। देर शाम पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई में मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा के समापन के बाद मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, बेबी देवी और कल्पना सोरेन ने सभास्थल के पास ही पंसस सविता सिंह के घर उनके परिजनों के साथ जितिया पूजा की।

# कदाचार मुक्त हुई सीजीएल परीक्षा, प्रश्न पत्रों पर लगा था क्यूआर कोड : प्रशांत कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बुधवार को कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा कदाचार मुक्त हुई है। पहली बार प्रश्न पत्रों की डिजिटल कोडिंग की गयी थी। हर प्रश्न पत्र के ऊपरी हिस्से में क्यूआर कोड लगाया गया था। किसी तरह का कदाचार न हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों में 9217 जैमर और 15236 सीसीटीवी लगाए गए थे। कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में कुल



6,39,100 वैध आवेदन प्राप्त हुए थे। वैध आवेदनों पर प्रवेश पत्र जारी किये गये। 21 एवं 22 सितंबर को तीन पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कुल उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या 3,04,769 रही। उन्होंने कहा कि परीक्षा के आयोजन के लिए राज्य के सभी 24 जिलों में कुल 823 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय-महाविद्यालय के प्रधान केन्द्राधीक्षक नियुक्त किये गये। कुमार ने बताया कि कुल 823 केन्द्रों पर परीक्षा कक्ष की कुल संख्या 10,917 थी, जिसमें कुल 26,671 वीक्षक नियुक्त किये गये थे। परीक्षा में आयोग के एसओपी के अनुसार जिला प्रशासन के जरिये कुल 824 स्टैटिक दण्डाधिकारी, 857 परीक्षा ऑबजर्वर एवं कुल 415 गश्ती दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

### होमगार्ड बहाली में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर नहीं हुई कार्रवाई

**रांची।** 2016 रांची जिला में होमगार्ड जवानों के नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। इस विज्ञापन के आधार पर अनीता दास नामक अभ्यर्थी ने भी फॉर्म भरा था। सभी परीक्षाओं में इन्हें योग्य पाते हुए इनका चयन कर लिया गया। दिलचस्प बात यह है कि महिला की होमगार्ड में बहाली के लिए न्यूनतम ऊंचाई 148 सेंटीमीटर होनी चाहिए जबकि अनिता दास की ऊंचाई 141 सेंटीमीटर थी। इसके बावजूद रांची जिला के अधिकारियों ने इन्हें सभी मापदंड में योग्य पाते हुए इनका शेष पृष्ठ 11 पर

# जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक का मामला पहुंचा झारखंड हाई कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एसएससी-सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक की जांच की मांग को लेकर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। जनहित याचिका दायर कर मांग की गई है कि पेपर लीक मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच की जाए। क्योंकि, पुलिस की एसआईटी की जांच अब तक सार्वजनिक नहीं हुई और न ही उस जांच में सभी तथ्य सामने आए हैं। हालांकि, अब तक यह जनहित याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है। राज्य सरकार ने जनवरी महीने में एसएससी सीजीएल की परीक्षा ली थी, जिसमें पेपर लीक का मामला सामने आया था, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच की थी। पेपर लीक मामले की जांच के लिए तीन डीएसपी समेत सात पुलिस अधिकारियों की एसआईटी गठित की थी। एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट भी कोर्ट में सौंप दी है। उल्लेखनीय है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्जाम (एसएससी-सीजीएल) की परीक्षा का पेपर 28 जनवरी को लीक हो गया था। इसके बाद आयोग ने पहले थर्ड पेपर यानी सामान्य ज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी थी। अभ्यर्थियों के हंगामे के बाद आयोग को तीनों पत्रों की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। एसएससी-सीजीएल की इस परीक्षा के जरिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर नियुक्ति की जानी थी। इसके लिए साढ़े छह लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। रांची पुलिस की एसआईटी ने पेपर लीक के इस केस में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम और उनके दो बेटों को फरवरी महीने में ही गिरफ्तार किया था। इनके पास से कई अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड, कई नामों वाले ब्लैंक चेक और कुछ मोबाइल फोन बरामद किए गए थे।

## इंडिया

# चमकते सितारों के बीच ईमानदार दीयों की सुध लेगा कौन ?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

जिस प्रकार न्याय होना ही नहीं चाहिए दिखना चाहिए कहा जाता है उसी प्रकार राजनीति की नई परिभाषा बन गई है काम हो न हो दिखना जरुर चाहिए। सदन से सड़क तक दिखावे की राजनीति में जनता के सवाल अधूरे हैं। सदन की सदस्यता के लिए सामान्य से माननीय बनने के लिए हर कोई अपनी ब्रांडिंग कर रहा है या करा रहा है पर इन चमकते सितारों के बीच कहीं सचमुच अच्छा करने वाले पिछड़ तो नहीं रहे हैं जो मीडिया से दूर हैं। इन्हें टिकट देने के लिए खोजेगा कौन? मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि नवजात शिशु अपने मां बाप का ध्यान आकृष्ट करने के लिए रोते हैं और यही प्रवृत्ति राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ ज्यादा ही प्रचलित हो गई है जब समाचारों में बने रहने से लेकर भोली भाली जनता को प्रभावित करने के लिए असामान्य और लीक से हटकर दिखावे के कार्य किए जा रहे हैं।पक्ष हो या विपक्ष सदन चले तब न बह गई टूटी फूटी सड़क, सुखाड़, पेंशन स्कीम, बदहाल अस्पताल, पीने के पानी की समस्या, भ्रष्टाचार के कारण परेशान पब्लिक या किसी के जीने मरने के सवाल पर चर्चा हो। सदन के गिने चुने कार्यदिवस में गंभीर और जनता से जुड़े सवालों के लिए जगह ही नहीं बचती क्योंकि पक्ष और विपक्ष दोनों को दिखावे की नूरा कुश्ती भाती है। कभी सर्वोच्च न्यायालय की तरह मुद्दों और तर्कों पर आधारित सदन के उच्च स्तरीय बहसों के सदियों तक उदाहरण दिए जाते थे और अब जीवंत प्रसारण में असंसदीय ही नहीं राजनीतिक रैलियों की तरह आरोप प्रत्यारोप के बीच आसन की चेतावनी और ऐतिहासिक निलंबन देखकर या पढ़कर आम आदमी को मिलेगा क्या? प्रखंड से लेकर राज्य या देश स्तर तक की गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक परंपरा के माध्यम से सामान्य लोगों को माननीय बनाया जाता है जैसे पहले राजा महाराजा होते थे। राजा महाराजा बादशाह तक को उनके कर्तव्यों का बोध कराया जाता था। अनेक ऐसे उदाहरण हैं जब रक्षक के रूप में कार्य करता राजा शहीद हो जाता था या उसके परिजन तक की हत्या हो जाती थी। तब आज की तरह संचार के साधन नहीं थे पर राजधर्म याद कराया जाता था आज जनता की गाढ़ी कमाई से आधुनिक राजा महाराजाओं को सुरक्षा से लेकर सभी सुविधाएं टैक्स फ्री कमाई तक की सुविधा के बीच राजधर्म स्मरण कराने का समय है। आजकल रिश्वत को संस्कार स्वीकार करने की औपचारिकता मात्र बची है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल रिकॉर्ड मतों से सत्ता प्राप्त करते हैं क्योंकि उन्होंने वायदा किया था कि सभी अवैध झुग्गी झोंपड़ियों को नियमित किया जाएगा जो केंद्र सरकार की भूमि पर बनी थी। फ्री बिजली पानी जैसी सुविधाओं पर हाईकोर्ट तक की टिप्पणी है। झारखंड बिहार के शिक्षा मित्र या पारा शिक्षक, स्वास्थ्य और शिक्षा की परियोजनाओं से जुड़े लाखों अनुबंधकर्मी और पुरानी पेंशन स्कीम की आस लगाए सरकारी सेवक उसी पार्टी को वोट देंगे जो उन्हें आकाश कुसुम तोड़कर देने का पक्का आश्वासन देगा। लगभग एक दशक पूर्व बिहार के शिक्षामित्र मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सेवा नियमितीकरण के अनुरोध को ठुकरा कर कड़ी टिप्पणी की थी कि आप शिक्षा मित्र नहीं शिक्षा शत्रु हैं जो सरकारी नौकरी की विहित बहाली प्रक्रिया बिना पूरी किए बहाल हुए हैं अतः आपकी सेवा नियमित नहीं की जा सकती ।इस समाचार को कम प्रचारित किया गया ।वस्तुस्थिति आज भी वही है कि विश्व बैंक संपोषित परियोजनाओं में पक्की सरकारी नौकरी उनकी शर्तों की बंदिश के कारण नहीं हो सकती क्योंकि परियोजना का काम स्थायी नहीं होता जो पश्चिमी चलन है। पर इन्हीं अनुबंधकर्मियों को स्थायी करने का लालच देकर राजनीति दशकों से चल रही है। जिस जनता को प्रभावित करने के लिए सदन से सड़क तक प्रदर्शन किए जाते हैं उस जनता को अवश्य यह पूछना चाहिए कि हमारे सवाल और हमारी समस्याएं क्यों नहीं पूछी गईं और इस बार उनका समाधान होगा ही इसकी क्या गारंटी है? मीडिया को भारी विज्ञापन देकर या उल्टे पुल्टे कार्यों से समाचारों में बने रहने की आम आदमी की राजनीति की देखादेखी अब रुकनी चाहिए।इसमें युवाओं की बड़ी भूमिका हो सकती है जो सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते हैं। आवश्यकता है टिकट बांटने वाले से लेकर वोट देने वाले चमकते सितारों को नहीं टिमटिमाते दीयों को भी देखे जो ईमानदारी से रौशनी फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।



## जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने झारखंड हाई कोर्ट के 16वें चीफ जस्टिस के रूप में ली शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के 16वें चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने बुधवार को शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें राजभवन के बिरसा मंडप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। वे झारखंड के 16वें चीफ जस्टिस बन गए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाई कोर्ट के अन्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता राजीव रंजन, हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष , काउंसिल के अध्यक्ष सदस्य एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और महाधिवक्ता कार्यालय के सभी अधिवक्ता समेत हाई कोर्ट के कई अधिवक्ता मौजूद थे। जस्टिस एम एस राम चंद्र राव इससे पहले हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस थे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### अबुआ आवास को लेकर लाभुक व पंचायत सचिव के बीच नोक-झोंक

**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र के पथरा गांव निवासी रेयासत अंसारी ने पंचायत सचिव रमेश मेहता के उपर अबुआ आवास योजना में रिश्वत लेने का आरोप लगाया। इस मामले को लेकर लाभुक रियासत अंसारी व पंचायत सचिव रमेश मेहता के बीच में बुधवार को चैनपुर प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में कहा सुनी भी हुई। रेयासात अंसारी ने मौके पर पंचायत सचिव रमेश से कहा कि तिरपाल के नीचे परिवार के साथ घर में रहने पर मजबूर हैं। वह छह माह से प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर भी अवगत कराया है, फिर भी पंचायत सचिव रमेश मेहता रिश्वत के चक्कर में उसका प्रधान मंत्री आवास नहीं किया और अब अबुआ आवास भी नहीं कर रहें हैं।

### बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें : रविंद्र मेहता

**सगालीम।** नीलंबर पीतांबर प्रखंड के ओरिया पंचायत सचिवालय के प्रांगण में बुधवार को समाजसेवी रविंद्र मेहता के नेतृत्व में पांकी विधानसभा के नेता कुशवाहा बिनोद सिन्हा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा कर बूथ लीड सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर विचार की गई। रविंद्र मेहता ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना आवश्यक है। मौके पर पांकी विधानसभा के नेता बिनोद सिन्हा ने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए उनकी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता के हित के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने ओरिया पंचायत के हरेक बूथ को, एकजुट होकर बूथ लीड कराने का संकल्प लिया।

# मंईयां सम्मान यात्रा में देरी, ग्रामीणों की नाराजगी के बीच कार्यक्रम स्थगित

**▸▸ समय पर नहीं शुरू हुआ कार्यक्रम, इंतजार के बाद ग्रामीण लौटे घर**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मंइया सम्मान यात्रा का आयोजन मंगलवार को छतरपुर के गुलाब चंद्र अग्रवाल कॉलेज में होना था, लेकिन कार्यक्रम में देरी के चलते इसे स्थगित करना पड़ा। यात्रा का निर्धारित समय दोपहर 3:05 बजे था, लेकिन शाम 7:00 बजे तक भी कार्यक्रम शुरू नहीं हो सका, जिससे नाराज होकर बड़ी संख्या में ग्रामीण वापस लौट गए। मंइया सम्मान यात्रा मंगलवार को पलामू में प्रवेश करने वाली थी और इसके तहत हैदरनगर में दोपहर 1:30 बजे सभा निर्धारित की गई थी, लेकिन शाम 5:00 बजे तक भी सभा शुरू नहीं हो सकी। इसी तरह, हुसैनाबाद में 2:05 बजे और छतरपुर में 3:05 बजे सभा होनी थी,



लेकिन चार घंटे से भी अधिक की देरी के कारण सभी कार्यक्रम प्रभावित हुए। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों ने बताया कि इंतजार के बावजूद समय पर कार्यक्रम नहीं होने के कारण उन्हें मायूस होकर घर लौटना पड़ा।

**कार्यक्रम स्थल पर इंतजार करते ग्रामीण और**

**खाली मंच बने रहे चर्चा का विषय :** छतरपुर के गुलाब चंद्र अग्रवाल कॉलेज में ग्रामीणों की भारी भीड़ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंची थी, लेकिन शाम 6:00 बजे तक भी कोई गतिविधि शुरू नहीं हुई। धीरे-धीरे कुर्सियां खाली होने लगीं और ग्रामीण मायूस होकर अपने घरों को लौटने लगे। स्थिति यह रही कि 7:00 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर कुछ ही लोग बचे थे। इस घटना की पुष्टि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने बताया कि छतरपुर समेत अन्य स्थानों पर ग्रामीणों की उपस्थिति कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण थी, लेकिन समय पर कार्यक्रम शुरू न होने से सभी को निराशा हाथ लगी। मंइया सम्मान यात्रा का शुभारंभ सोमवार को गढ़वा के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से हुआ था और इसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह था। लेकिन छतरपुर के कार्यक्रम की असफलता ने आयोजनकताओं की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भविष्य में ऐसे आयोजनों के समय प्रबंधन पर ध्यान देना जरूरी है, ताकि लोगों की उम्मीदों पर पानी न फिरे।

## कल्पना सोरेन का सतबरवा में जोरदार स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्रावास प्रांगण में मंगलवार को आयोजित मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपए दिए जा रहे हैं। इसके पूर्व खामडीह में प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार, सचिव श्रीनिवास चौधरी, बाबु खान, मेघनाथ राम के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ हजारों महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। विधायक कल्पना सोरेन ने रिमझिम बारिश के बीच कहा कि यह बारिश राज्य में सुख समृद्धि का संकेत दे रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री सम्मान योजना लाई है। कल्पना सोरेन ने उपस्थित हजारों महिलाओं से पूछा कि महिला सम्मान योजना का लाभ चाहिए, तो दोनों हाथ उठाएं, महिलाओं ने दोनों हाथ उठा कर कहा मिलना चाहिए। मंत्री बेबी देवी ने मंईयां सम्मान योजना को झारखंड सरकार की सबसे महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए, हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पुनः एक बार सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि लाने के लिए दिन रात लगे हैं। मौके पर विधायक दीपिका पांडेय सिंह, विधायक रामचंद्र सिंह, झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, सचिव सोनू सिद्दकी, विकास प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच

## खेलकूद से बढ़ता है आत्मविश्वास : विधायक

नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के कोनवाई पंचायत के कोनवाई हाई स्कूल के मैदान में आयोजित स्व. बाल्मीकि सिंह के स्मृति में राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता थे। मैच से पहले विधायक ने पूर्व मंत्री स्व. मधु सिंह और स्व. अमरनाथ सिंह के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही स्व. बाल्मीकि सिंह के प्रतीमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विधायक डॉ. मेहता को मैदान में प्रवेश करते ही खेल समिति के लोगों और कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे, बम पड़ाके से भव्य स्वागत किया। उसके बाद पुनः फाइनल मैच को प्रारम्भ किया गया। फाइनल मैच उत्तर प्रदेश राज्य के सोनभद्र और कोलकाता के बीच खेला गया। उत्तर प्रदेश सोनभद्र की टीम ने 1 गोल से विजय प्राप्त किया। विधायक डॉ. मेहता ने विजेता को 31000 रुपये नकद राशि, शील्ड,



उपविजेता को 25000 नकद राशि व शील्ड देकर उत्साह बढ़ाया। दोनों टीमों में मैच काफी रोमांचक रहा। विधायक ने कहा कि कभी जीत से इतराएं नहीं और हार से घबराए नहीं। खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन का एकमात्र उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभा को एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान कर उन्हें निखारना है, ताकि भविष्य में अपनी प्रतिभा का जलवा वे अपने जिला, राज्य और राष्ट्र के लिए बिखेर सके। उन्होंने कहा कि खेलकूद से आत्म विश्वास बढ़ता है। आयोजित टूर्नामेंट में स्वः बाल्मीकि सिंह के पत्नी और उनके पुत्र मनीष सिंह और मस्तान सिंह के अलावे मुखिया मंजू देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्यामनंदन ओझा, लौरिक सिंह, समाजसेवी बृजदेव सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामचरित्र सिंह, कार्तिक सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### अनुपम को शतरंज में मिला प्रथम स्थान



**मोहम्मदगंज।** खेलो झारखंड की अंडर-14 शतरंज प्रतियोगिता में स्थानीय अपग्रेडेड प्लस टू हाई स्कूल के छात्र अनुपम कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह जानकारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर छात्र अनुपम ने खुद का और स्कूल का मान बढाया है। इससे विद्यालय परिवार गौरवांवित हुआ है। अनुपम की यह उपलब्धि औरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय छात्र अनुपम के लगन के साथ ही शारिरिक शिक्षक प्रियहित कुमार सोनी के बेहतर मार्गदर्शन को दिया है। जो इस प्रतियोगिता के दौरान अनुपम के साथ मौजूद थे।

### कल्पना सोरेन का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**नावाबाजार।** मंईयां सम्मान यात्रा के तहत गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री दीपिका सिंह पांडेय,मंत्री मिथलेश ठाकुर, बेबी देवी, पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, नावाबाजार पहुंचे। श्री संकट मोचन सिद्धि धाम महावीर मंदिर के पास पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी सहित जेएमएम व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभी नेताओं का जोरदार स्वागत किया। मौके पर कल्पना सोरेन ने भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा हेमंत सरकार की योजनाओं को रोक सकती है तो रोककर दिखाए। राज्य की हेमंत सरकार पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है। मंईयां समान योजना, बिजली बिल माफी, पूर्व में पचास हजार केसीसी ऋण की माफी, एक बार फिर से दो लाख रुपए केसीसी ऋण माफी सहित कई योजनाएं चलाई गई। भाजपा को यह पसंद नहीं आ रहा। एक षड्यंत्र के तहत हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया। मौके पर बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी, नावाबाजार सीओ शैलेश कुमार, पंड़वा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, प्रभु कुमार, कनीय अभियंता शैलेश कुमार, ज्योति कुमारी, सुनैना कुमारी, शीला पंडित, जेएमएम के संजय सिंह, सत्येन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

### झामुमो का विधानसभा स्तरीय कार्यालय खुला



**हुसैनाबाद।** जपला-छतरपुर मुख्य पथ के दिनेश चौक के समीप झामुमो का हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन जेएमएम नेत्री सह विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, मिथलेश ठाकुर, दीपिका पांडेय सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह आदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में पार्टी कार्यालय खुलने से कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती के लिए कार्य करने में काफी सुविधा होगी। उन्होंने समर्पित पार्टी कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी व संगठन का विस्तार करते हुए पूरी मुस्तैदी के साथ जुट जाये। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की संपत्ति हैं। गुरु जी ने जो सपना देखा था, उसे आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साकार कर रहें हैं। इस मौके पर जेएमएम के वरीय नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ. एजाज आलम, राज अली, बरुन सिंह, राहुल रमन, संजय पाठक, धर्मेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रान मेल में छपी खबर को समाजसेवी ने किया सीएम को किया ट्वीट

**मोहम्मदगंज।** युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा ने रानमे में बुधवार को उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के अस्तित्व पर मंडराया संकट, एक शिक्षक के सेवानिवृत्ति के बाद बंद होने का खतरा... शीर्षक से छपी खबर को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम को ट्वीट करते इस विद्यालय को अधिग्रहित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि खबर को मंत्री बेबी देवी, जेएमएम, डीसी पलामू और आइपीआरडी झारखंड को भी इससे टैग किया है। उन्होंने कहा कि मैट्रिक परीक्षा परिणाम के मद्देनजर इस विद्यालय के गरिमामय अतीत और वर्तमान को देखते हुए इसका जलसंसाधन से शिक्षा विभाग में अधिग्रहित करते हुए इसके भविष्य को संवारने की जरूरत है।

## विधानसभा में सड़क का जाल बिछाया गया : चंद्रवशी

नवीन मेल संवाददाता

**उंटारी रोड।** प्रखंड में राज्य संपोषित योजना से एक सड़क का निर्माण व दो सड़कों का सुदृढ़ीकरण की आधारशीला बुधवार को पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रखी। इसके तहतह जोगा पंचायत के जोगा रेलवे फाटक से लेकर कल्याणपुर गांव तक सड़क का निमार्ण, कुल्ही कनवाह मोड़ पहाड़ से लेकर करकट्टा बाजार तक सड़क की सुदृढ़ीकरण व कल्टू मोड़ से लेकर मुरमा कलां गांव तक सड़क का सुदृढ़ीकरण शामिल है। कल्याणपुर में सड़क की आधारशिला रखने के उपरांत विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होनें कहा कि कोई भी सड़क, पुल पुलिया का निमार्ण बाकी नही है। पूरे विधानसभा में सड़क का जाल बिछाया गया। वहीं केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। साथ ही अपने पूर्व व वर्तमान के कार्यकाल में किए गए कार्यों का बखान किया। मुखिया कमला देवी ने बसडिया मोड़ से लेकर जोगा ग्राम होते हुए करकट्टा बाजार तक सड़क निर्माण कराने की मांग विधायक



से किया। उन्होनें कहा कि सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। बरसात के दिनों में राहगीरों को चलना काफी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने सड़क की निर्माण कराने को लेकर विधायक का ध्यानाकृष्ट कराया । कुल्ही ग्राम में बन रहे शंकर भगवान की मंदिर व दरुआ ग्राम में बन रहे राधा कृष्णा मंदिर निर्माण हेतु विधायक ने दोनों जगहों पर 50-50 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया।

मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, मुखिया कमला देवी, पूर्व मुखिया नंदू चौधरी, मानदेव साह, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र नाथ शर्मा, महेंद्र शर्मा, उपप्रमुख खोखन राम, राजाराम मेहता, संजय चौधरी, नंदा पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

### आरपीएफ ने महिला, दिव्यांग बोगी में यात्रा कर रहे 10 व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** जपला आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक राजेश कुमार मीणा आरपीएफ पुलिस बल के जवानों ने मंगलवार को डेहरी-बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन में एक अभियान चलाकर महिला बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे 10 लोगों को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर न्यायालय भेज दिया। इस संबंध में आरपीएफ पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि डेहरी-बरवाडीह शटल पैसेंजर सवारी गाड़ी में विशेष अभियान चलाकर सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें पांच महिला बोगी में, चार दिव्यांग बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे थे। वहीं अनाधिकृत रूप से खाद्य सामग्री बेचने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उक्त लोगों को अग्रेतर कार्रवाई के लिए मेदिनीनगर रेल न्यायालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे लोगों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अभियान में मुख्य रूप से आरपीएफ के एएसआई जेपी यादव, दिनेश प्रसाद,अनवर हुसैन, अनील तिवारी, सुनील, एसके राय आदि शामिल थे।

## सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस से भारी मात्रा में शराब बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला आरपीएफ पोस्ट ने अप सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस के जनरल कोच से 456 बोतल शराब बरामद किया है। गुप्त सूचना मिली थी कि सिंगरौली पटना-एक्सप्रेस के जेनरल डिब्बे में शराब ले जाई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मीणा जपला के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक दिनेश प्रसाद, सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार तिवारी व प्रधान आरक्षी अनवर हुसैन, प्रधान आरक्षी सुनील कुमार राय, प्रधान आरक्षी सुधीर कुल्लू एवं प्रधान आरक्षी सुभाषचन्द्र सिंह ने सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस को जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर आगमन के बाद जेनरल कोच को चेक किया। चेक करने पर सीट के नीचे नौ अदद सफेद रंग का प्लास्टिक का बोरा लावारिस हालत में देखा गया, जिससे शराब की गंध आ रही थी। उक्त प्लास्टिक के बोरे के पास किसी भी व्यक्ति को न पाकर कोच में मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गयी कि यह बोरा किसका है, किन्तु किसी ने उक्त बोरे को अपना नहीं बताया। साथ ही कुछ यात्रियों द्वारा यह भी बताया गया कि उनलोग नगर ऊंटारी, गढ़वा से चढ़े है। यह सब बोरा पहले से ही सीट के नीचे रखा था। संदेह होने पर उक्त सभी बोरे को जपला रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। चेक करने पर उसमें टनाका ब्रांड व शक्तिमान ब्रांड का देशी शराब पाया गया। सभी 09 अदद सफेद रंग के प्लास्टिक बोरे में टनाका ब्रांड का देशी शराब 180 एमएल का 420 बोतल, जिसका मूल्य 16,800 रुपये व शक्तिमान ब्रांड का देशी शराब 180 एमएल का 36 बोतल, जिसका मूल्य 1,980 रूपया है। प्रत्येक बोतल पर सेल इन झारखंड ऑनली अंकित पाया गया। नियमानुसार उक्त 09 अदद प्लास्टिक बोरे से पाये गये कुल 456 बोतल टनाका ब्रांड व शक्तिमान ब्रांड का देशी शराब कुल अनुमानित मूल्य 18,780 रूपया को सहायक उपनिरीक्षक दिनेश प्रसाद ने जब्ती सूची तैयार कर जब्त किया। सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस से लावारिस हालत में पाये गये जब्त 456 बोतल टनाका ब्रांड एवं शक्तिमान ब्रांड देशी शराब के बाबत अग्रिम कार्यवाही करने के लिए उत्पाद अधीक्षक कार्यालय डालटनगंज को अग्रसारित कर दिया गया।

## भोजपुरी फिल्म अभिनेता रवि किशन को देखने के लिए उमड़े लोग

नवीन मेल संवाददाता



**सगालीम।** भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में गोरखपुर के सांसद सह भोजपुरी फिल्म अभिनेता रवि किशन पलामू जिले के पांकी प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान में पहुंचे। मौके पर भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने फिल्म अभिनेता सह सांसद रवि किशन को पुष्प गुच्छा देकर स्वागत की। सांसद रवि किशन ने पांकी विधानसभा की जनता को भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि इस बार झारखंड में भाजपा अपना परचम लहराएगी। इसकी तैयारी परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम से की जा रही है। वर्तमान की राज्य सरकार ने झारखंड वासियों को नाकामी के शिवा कुछ नहीं दिया, जिसके कारण इस सरकार से जनता ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि ना सहेंगे ना कहेंगे बदल के रहेंगे। इस दौरान फिल्म अभिनेता रवि किशन ने कुछ फिल्मी गाने गाकर भी लोगों का मनोरंजन बढ़ाया। इस पर लोगों ने खूब तालियां बजाई। परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्याम नंदन ओझा, सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# संतान की लंबी उम्र के लिए माताओं ने किया निर्जला उपवास, मनाया जितिया पर्व

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हिंदू धर्म में मान्यता के अनुसार, बुधवार को माताओं ने अपने संतान की दीघार्यु और सुख-समृद्धि के लिए आस्था और निर्जला उपवास के साथ जितिया व्रत का पालन किया। इस व्रत पर महिलाएं भगवान जीमूतवाहन की पूजा कर अपने बच्चों के कष्ट और रोग दूर करने की प्रार्थना करती हैं। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाए जाने वाले जितिया पर्व पर माताओं ने विधिवत पूजा और कथा श्रवण किया। पंडित सत्येंद्र दूबे, महेंद्र दूबे और अरुण कुमार दूबे ने महिलाओं को व्रत की कथा सुनाई, जिसमें अनिता कुमारी, शशिकला कुमारी, कविता देवी, सरस्वती देवी और शांति कुमारी सहित कई श्रद्धालु महिलाएं शामिल थीं।



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के युद्ध के बाद द्रौपदी को जितिया व्रत के महत्व के बारे में बताया था, जब उन्होंने अश्वत्थामा द्वारा मारे गए उत्तरा के गर्भस्थ पुत्र को पुनः जीवन दिया था। इस व्रत का उद्देश्य संतान की दीघार्यु और कल्याण की कामना करना है।

## मनरेगाकर्मियों की हड़ताल 66 वें दिन जारी

**▸▸ 27 को कैबिनेट की बैठक में फैसले का कर रहे इंतजार**

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर स्थायीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर बुधवार को 66 वें दिन भी मनरेगाकर्मचारी हड़ताल पर डटे रहे। इस दौरान प्रखंड, जिला और प्रदेश स्तर पर विभिन्न प्रकार के आंदोलनात्मक कार्यक्रम चलते आ रहे हैं। इसमें इस प्रखंड के सभी मनरेगाकर्मी भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हड़ताल पर बने रहने की वजह इसके मुद्दे पर अबतक किसी स्तर पर बात नहीं बनना है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री के ओएसडी, फिर मंत्री, मुख्य मंत्री, विभाग के सचिव और संयुक्त सचिव के साथ लंबी वार्ता हुई। अंत में मनरेगा कमिश्नर के साथ वार्ता हुई। इसमें सभी बिंदुओं पर वार्ता हुई। लेकिन ग्रेड पे पर सहमति नहीं बन सकी। विभाग केवल बार-बार मानदेय वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा और हेल्थ इंश्योरेंस के 20-20 लाख देने पर सहमति जताई है। मगर संघ इस पर सहमत नहीं है। अब एक बड़ी उम्मीद है कि 27 को राज्य कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला लिया जा सकता है। कर्मचारियों ने बताया कि रांची में मनरेगा कमिश्नर के साथ वार्ता का कोई फलाफल नहीं निकलने पर मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने निर्णय लिया गया है। इसके पहले 18 से सांकेतिक के बाद 22 जुलाई से अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू हो गया था। इस प्रखंड में आबेदीन अंसारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, अविनाश कुमार सहायक अभियंता, प्रभंजन कुमार, राहुल कुमार कनीय अभियंता, जगत प्रसाद मेहता लेखा सहायक, उपेंद्र पासवान कंप्यूटर सहायक, नाजमा खातून, अजीत कुमार पाठक, शमशाद अहमद, जनेश्वर राम, संजय बैठा, नरेंद्र कुमार बैठा और राजीव कुमार ग्राम रोजगार सेवक हड़ताल में शामिल हैं।

## एक नजर

### आश्वासन के बाद धरना समाप्त

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी कर्मी पिछले दो दिनों से बकाया राशि भुगतान एवं नई कंपनी के तहत बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। कर्मियों के चरणबद्ध आंदोलन के कारण मंगलवार को विश्वविद्यालय में पूरी तरह कार्य ठप रहा। प्रमंडलीय आयुक्त सह नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति बाल किशुन मुंडा ने कर्मचारियों को अपने आवास पर बुलाकर उनकी मांगों को सुना एवं उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि राजभवन से पत्राचार के माध्यम से वेतन भुगतान हेतु बातचीत चल रही है। बहुत जल्द बकाया राशि की भुगतान होगी। वहीं उन्होंने नई कंपनी के तहत कर्मियों को पुनः बहाल करने के विषय पर कहा कि कर्मियों को पुनः बहाल करने अथवा न करने का निर्णय चयनित की गई कंपनी पर है। कर्मियों ने कुलपति से आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया।

### हेमंत सरकार की 'मंईयां सम्मान योजना' से बढ़ा महिलाओं का सम्मान

# झारखंड में बेटियों के जन्म को लक्ष्मी के रूप में देखा जाएगा: कल्पना सोरेन




### मंईयां शब्द मां, बेटी और बहन का प्रतीक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के कस्तूरबा गांधी स्कूल में मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान संध्या चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक कल्पना सोरेन ने छात्राओं को मंईयां योजना के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अब झारखंड में बेटियों के जन्म को लक्ष्मी के रूप में देखा जाएगा और उन्हें समाज में विशेष सम्मान मिलेगा। कल्पना सोरेन ने मंईयां का अर्थ समझाते हुए कहा कि यह शब्द मां, बेटी और बहन का प्रतीक है। झारखंड सरकार की इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये दिए जा रहे हैं, जो उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का प्रतीक है। मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर और दीपिका पांडेय सिंह ने भी छात्राओं को संबोधित किया। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं के मान-सम्मान को बढ़ाने के लिए की जा रही पहलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए हैं। कार्यक्रम के दौरान, कल्पना सोरेन और अन्य अतिथि छात्राओं के साथ जमकर झूमे, जिससे आयोजन और भी यादगार बन गया।

### कस्तूरबा की छात्राओं का बढ़ाया उत्साह

कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल, राजवाडीह में आयोजित मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और बेबी देवी ने छात्राओं के साथ आत्मीय संवाद किया। कल्पना सोरेन ने मंईयां शब्द के महत्व को बताते हुए कहा कि यह शब्द झारखंड की मातृशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि झारखंड में बेटियों का जन्म अब सौभाग्य माना जाएगा और उन्हें लक्ष्मी का स्वरूप माना जाएगा।

### महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है : मंत्री

कार्यक्रम में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मंईयां योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना ने झारखंड की महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है।

### सरकार बेटियों को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है: दीपिका पांडेय सिंह

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड सरकार बेटियों को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के बाद छात्राओं ने गाने पर नृत्य किया और अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए अभियंताओं की बैठक आयोजित

## बिजली समस्या से आम नागरिकों को निजात दिलाना हमारी प्राथमिकता है: महाप्रबंधक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदीनीनगर।** पलामू और गढ़वा जिले के अभियंताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक महाप्रबंधक सुनील कुमार की अध्यक्षता में आज बिजली विभाग के महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने सभी अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे आम नागरिकों को बिजली संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए तत्पर रहें। महाप्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि बिजली का बिल सभी घरों से समय पर और सही तरीके से वसूला जाना चाहिए। उन्होंने ऊर्जा मित्रों को हर घर तक पहुंचने और मीटर रीडिंग लेने का कार्य करने का निर्देश दिया, जिससे राजस्व में वृद्धि हो सके। उन्होंने इस कार्य को ठीक से करने पर जोर दिया, क्योंकि इससे राजस्व संग्रहण में मदद मिलेगी। महाप्रबंधक ने कहा कि विभाग की प्राथमिकता है कि आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कहीं से भी किसी प्रकार की शिकायत मिलती है, तो उसका सत्यापन अवश्य किया जाए। इस हेतु विशेष सेल का गठन किया गया है, जो सक्रिय रूप से काम करेगा। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा भी की गई। महाप्रबंधक ने अभियंताओं को कई निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता उपभोक्ताओं को संतुष्ट करना है, और इसके लिए सभी अभियंताओं को सख्ती से कार्य करना होगा। उन्होंने स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया की मॉनिटरिंग पर भी जोर दिया और कहा कि इसे समय-समय पर जांचा जाना चाहिए। बैठक में, महाप्रबंधक ने सभी अभियंताओं से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें और जनता के प्रति अपनी सेवा को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि यदि कोई अभियंता अपनी जिम्मेदारी में चूक करता है, तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।



इस बैठक का उद्देश्य बिजली व्यवस्था में सुधार लाना और आम नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करना है, ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। बैठक में बिजली विभाग गढ़वा अंचल के अधीक्षण अभियंता असगर अली, डाल्टनगंज अंचल के अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता संतोष चौधरी, सोहन सिंह, शमशाद आलम, महेश्वर कुमार, राजेश कुमार, प्रकाश कुमार, संतोष कुमार, शकील आलम, उमेश डांगी, अभिषेक कुमार और सुमन दुबे ने भाग लिया। वहीं सहायक अभियंताओं में अमित खेस, दामोदर कुमार, राजदेव मेहता, दुर्गा शंकर सिंह, सोमेश कुमार और राम प्रसाद महतो मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें और उपभोक्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 40 हजार मामलों का निपटारा करने का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 28 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 40 हजार मामलों का निपटारा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह अदालत सुबह 10:30 बजे से न्यायालय कार्य अवधि तक चलेगी। श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में एम ए सी टी, पारिवारिक विवाद और विद्युत मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 37,178 मामलों का निस्तारण किया गया था। उन्होंने कहा कि इस बार मामलों के निपटारे के लिए विभिन्न पीठों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न केवल न्यायालय में लंबित मामले, बल्कि प्रिलिटिगेशन से संबंधित मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। इसमें सुलहनीय प्रकृति के फौजदारी मामले, सभी प्रकार के दीवानी मामले, विद्युत अधिनियम से संबंधित मामले, विवाहोत्तर प्रताड़ना के मामले, राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, उपभोक्ता संरक्षण फोरम के मामले, बैंक ऋण के मामले, नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी के मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा के मामले, पारिवारिक विवाद के मामले और अन्य प्रिलिटिगेशन मामले शामिल हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एक सशक्त माध्यम है, जो सुलभ, सरल और त्वरित न्याय प्रदान करता है। इसमें मामलों के निपटारे से पक्षकारों के बीच का मन-मुटाव समाप्त होता है। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनंद सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रगेश निगम, और निबंधक कमल प्रकाश भी उपस्थित थे। आवश्यकता के अनुसार, अधिक से अधिक पक्षकारों को उपस्थित रहकर अपने मामलों का निपटारा कराने के लिए प्रेरित किया गया है।

## लोक अदालत के तहत विशेष टिकट चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के निर्देशानुसार बुधवार को लोक अदालत के अंतर्गत गढ़वा रोड, जपला, बरवाडीह, टोरी, पतरातू और बरकाकाना रेलवे स्टेशनों पर मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी डालटनगंज, प्रजेश निगम ने स्वयं सीआईटी, जीआरपी और आरपीएफ के साथ टीम बनाकर डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर कमान संभाली और सघन टिकट चेकिंग अभियान का संचालन किया। इस अभियान में शक्तिपुंज एक्सप्रेस, रांची-चोपन एक्सप्रेस और बरकाकाना-डेहरी पैसेंजर के यात्रियों के टिकटों की जांच की गई, जिसमें सैकड़ों बिना टिकट यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि यह अभियान नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत चलाया जा रहा है, जिसका आयोजन 28 सितंबर को रेलवे न्यायालय, डालटनगंज में किया जाएगा। उस दिन रेलवे से संबंधित सभी मामले प्ली बार्गेनिंग और प्लीड गिल्ट के माध्यम से माननीय रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष निपटाए जा सकेंगे।

## झारखंड आंदोलन के स्थलों का होगा कायाकल्प: कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चियांकी में जेएमएम युवा नेता दीपक तिवारी के नेतृत्व में झारखंडी अस्मिता को एकजुट करने निकली कल्पना सोरेन का मंईयां सम्मान यात्रा के क्रम में स्वागत किया गया। दीपक तिवारी ने निजी खर्च से रंग रोगन के उपरांत सजा कर भगवान बिरसा मुंडा स्मारक स्थल का स्वरूप याद दिलाया। 30 साल पहले दिशोम गुरु शिबू सोरेन व दिवंगत खुर्शीद अहमद द्वारा बनाए गये के प्रतिमा का अनावरण आज भी उपेक्षित हैं। कल्पना सोरेन ने माल्यार्पण कर स्थल को जागृत कर दिया। मौके पर मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, रामचंद्र सिंह समेत आगंतुकों का स्वागत करते हुए फूल माला से लाद दिया।



कल्पना सोरेन ने दिवंगत खुर्शीद अहमद की पत्नी रेहाना बीबी से मुलाकात कर उनका आभार जताया। उनके परिवार की त्याग, तपस्या, बलिदान के दम पर झारखंड निर्माण की परिकल्पना साकार हुई। दीपक तिवारी ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का जनाधार बढ़ा है। महागठबंधन का हर उम्मीदवार पलामू से जीत कर जाएगा। कार्यक्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, सचिव सन्नू सिद्दीकी, वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी, महताब खान, अविनाश देव, परवेज अख्तर, कृष्ण कन्हैया दुबे, बलराम उरांव, समीर तिग्गा, चिंटू लाल, अमित पांडेय, गोदन भूइयां, विकास तिवारी, आलोक तिवारी, नाजनीन अफरोज, आशा देवी, कलाम अहमद, सुर्यदेव राम समेत अन्य मौजूद थे।

### हल्की बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**मेदिनीनगर। शहर** में बुधवार को कहीं बूंदा -बांदी तो कहीं हल्के दर्ज की बारिश हुई। बारिश के घर लोगों में परेशानी का सामना करना पड़ा।जितिया व्रत कर रही महिलाओं को मंदिर तथा पूजा स्थल जाने आने में भी परेशानी हुई। बहरहाल बुधवार को तापमान में 4 डिग्री तक कमी आई जिससे मौसम सुहावना हो गया। शाम को शहरवासी अपने परिवार के साथ मौसम का आनंद लेने घरों से बाहर निकलें। अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार शाम तक 2.4 एमएम वर्षा हुई। देर रात तक बादल छाए रहे। गुरुवार को भी मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है।

### निर्जला व्रत | संतानों की सुख-समृद्धि और रोग मुक्त करने की कामना की

# जीवित्पुत्रिका व्रत पर माताओं ने रखा 24 घंटा का निर्जला उपवास



### जितिया को लेकर मान्यता

जितिया को जीवित्पुत्रिका व्रत भी बोला जाता है। सनातन धर्म में माताओं द्वारा अपने संतान की लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन के लिए किया जाने वाला विशेष व्रत है। जितिया में माताएं निर्जल और निराहार रहकर अपनी संतान की सुरक्षा और कल्याण की कामना करती हैं। जीवित्पुत्रिका व्रत ज्यादातर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड की महिलाएं करती हैं। इस व्रत की शुरूआत भी एक दिन पहले नहाए खाए से होती है। उसके बाद अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को माताएं इस कठिन व्रत को रखती हैं। इस व्रत को छठ पर्व के बाद सबसे कठिन पर्व माना गया है। उत्तर भारत का यह लोकप्रिय संतानों को समर्पित व्रत धीरे-धीरे पूरे देश में फैल रहा है।

### जितिया के दिन जीमूतवाहन की पूजा का विधान है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संतान की चिरंजीवी व सुखद जीवन की कामना को लेकर माताओं ने बुधवार को जीवित्पुत्रिका व्रत का उपवास रखा। सुबह में व्रती माताओं ने सरगही की और 24 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। इस दिन माताएं पूजा-अर्चना कर जीवित्पुत्रिका व्रत कथा का श्रवण करेंगी। कई स्थानों पर जितिया का अनुष्ठान भी किया जाता है। इस दौरान अष्टमी के दिन महिलाएं निर्जला व्रत रख विधि विधान से धूप, दीप, पुष्प,हलवा फल आदि अर्पित कर पूजा अर्चना कर अपनी संतान की लंबी आयु की कामना की। संतानों की सुख-समृद्धि, रोग मुक्त वातावरण की कामना की। पूजा के बाद विभिन्न मंदिरों व घरों में सामूहिक रूप से जितिया व्रत कर रही महिलाओं को पुरोहित ने जितिया कथा सुनाई। जितिया के दिन जीमूतवाहन की पूजा का विधान है। अष्टमी के दिन प्रदोष काल में जीत जीतमूवाहन की मूर्ति बनाई जाती है। साथ ही चील और सियारिन की मूर्तियां भी गोबर से बनाई जाती हैं। सबसे पहले जीमूतवाहन को धूप, दीप और फूल, मिठाई, एक धान का पौधा, अक्षत चढ़ाकर तथा चील और सियार को लाल सिंदूर लगाते हैं। उसके बाद चील और सियारिन का कथा सुनाते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने का प्रयास: अजय कुमार



**मेदिनीनगर।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई संघ के पुनर्गठन के उपलक्ष्य में वार्षिक उत्सव दिवस मनाया गया। इसमें बारालोटा मध्य विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर उन सभी बच्चों को जिज्ञासा को जाना गया। साथ ही उन बच्चों के लिए किताब, कलम, पेंसिल, इरेजर का वितरण किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि आज का दिन बहुत ही सुनहरा अवसर है। इसलिए गरीब बच्चों के साथ बैठकर उनकी मदद कर उनको शिक्षा के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। संघ के सचिव त्रिपुरारी प्रसाद गहलोत ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों का कल्याण करना और शैक्षणिक माहौल को बनाना है। मौके पर प्रमंडलीय संरक्षक प्रदीप नारायण, कोषाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद सोनी, उपाध्यक्ष अशरफ अली, गायत्री कुमारी, गीतांजलि कुमारी, मीना कुजूर, राजकुमारी, पुष्पा कुमारी, डॉ. पुष्प लता सहित अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सोना महल में तीन दिवसीय भव्य ज्वेलरी प्रदर्शनी की शुरूआत



**मेदिनीनगर।** पलामू शहर के प्रसिद्ध ज्वेलरी शोरूम सोना महल में 25 से 27 सितंबर तक गोल्ड, डायमंड, एंटीक ज्वेलरी का भव्य ज्वेलरी प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें मुंबई, राजकोट, दिल्ली कोयंबटूर एवं दुबई तक की ज्वेलरी उपलब्ध है। संचालक धनंजय कुमार सोनी एवं संतोष कुमार सोनी का कहना है कि सोना महल के 19 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में ग्राहकों के लिए 20,000 की खरीदारी पर लक्की ड्रा कूपन दिया जा रहा है। जिसमे एक चमचमाती मारुति कार दी जाएगी। प्रदर्शनी में लाइटवेट ज्वेलरी को प्राथमिकता रखी गई है जिसमें लोग सोने, हीरे एवं चांदी की जेवरात अपने बजट पर कर सकते है। प्रदर्शनी की तैयारी सोना महल की तरफ से धूमधाम से रखी गई है। संचालक का कहना है कि पलामू शहर में यह हमारी लगातार 17वीं प्रदर्शनी है इस तरह का प्रदर्शनी रखने से ग्राहकों को बहुत लाभ मिलता है।

### श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति, पलामू की नई कार्यकारिणी का विस्तार

**मेदिनीनगर।** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति, पलामू की कार्यकारिणी का बुधवार को विस्तार किया गया। जय भवानी संघ चौक स्थित रिलेक्स इन होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। ललन सिन्हा को महासमिति का महामंत्री और सतीश कुमार पांडेय को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान श्री जौहरी ने बताया कि स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया को महासंरक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, सतवीर सिंह राजा, मनोज कुमार सिंह, जीवन प्रसाद सिंह, अनिल कुमार सिंह, सोनू सिंह नामधारी, बसंत जौहरी, अविनाश देव, दीपक सिंघानिया, शिव प्रसाद गुप्ता, बबलू गुप्ता, अनिल साहू, संजीव तिवारी, कल्याण वर्मा, मनोज सिंह, और अजय तिवारी को मार्गदर्शक मंडल का सदस्य बनाया गया है। **नए पदाधिकारी और आगामी शोभायात्रा की घोषणा :** महासमिति की नई कार्यकारिणी में नवीन तिवारी, वीएम पांडेय, उदय शुक्ला, महेश तिवारी, अनिल दुबे, कमल गुप्ता, सतीश तिवारी, हरीशंकर सिंह, रजनीश सिंह, अरविंद अग्रवाल, राहुल मिश्रा, नवीन गुप्ता, लवली गुप्ता, अविनाश सिन्हा छोटू, सुमित भट्टाचार्य, सुधीर सौंडिक, मनोहर लाली, प्रवीण कुमार तिवारी, श्यामजी चौधरी, राजेंद्र राम, बृजेश शुक्ला, रुपा सिंह, रचिता शरण, मंजुलता दुबे, मंजू गुप्ता, मीना गुप्ता, लीलावती देवी, और उषा माखड़िया को उपाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### जरूरतमंदों को न्याय दिलाना पीएलवी का कार्य और कर्तव्य: सचिव




**मेदिनीनगर।** पारा लीगल वॉलिंटियर्स (पीएलवी) के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन बुधवार को जिला व्यवहार न्यायालय के उद्यान परिसर में किया गया। इस अवसर पर पलामू के डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि जरूरतमंदों और गरीबों को न्याय और मदद दिलाना पीएलवी का मुख्य कार्य और कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपए से कम है, उन्हें कोर्ट फीस भी जमा नहीं करनी पड़ेगी; इसका खर्च डीएलएसए उठाएगा। श्रीवास्तव ने पीएलवी के ओरिएंटेशन और कार्य-कर्तव्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जो लोग वकील रखने और कोर्ट फीस देने में असमर्थ हैं, उन्हें डीएलएसए मदद करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि डीएलएसए में न्याय पाने के लिए एक भी पैसे का खर्च नहीं होता। पीएलवी यह सुनिश्चित करेंगे कि जरूरतमंदों को कोई भी खर्च न करना पड़े। उन्होंने बताया कि पीड़ितों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है और सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाना भी पीएलवी का कर्तव्य है। इसके अलावा, उन्होंने यह सुझाव दिया कि छोटे-छोटे झगड़ों का समाधान स्थानीय स्तर पर समझौता करके किया जाए, ताकि उन्हें थाना या न्यायालय में नहीं लाना पड़े। इस कार्यक्रम में झारखंड के बेस्ट पीएलवी अवार्डेड करण कुमार थापा ने कहा कि यदि पीएलवी अपना कर्तव्य सही तरीके से निभाते हैं, तो उन्हें समाज में सम्मान मिलेगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष पांडेय ने पीएलवी को विधिक स्वयं सेवक के रूप में कार्य करने का अवसर बताया और कहा कि उन्हें सेवा भावना के साथ काम करना है। कार्यक्रम में डालसा के कार्यालय प्रमुख संजीव कुमार सिंह के साथ नव चयनित पीएलवी शैलेंद्र कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार शुक्ला, महेन्द नाथ सिंह, इंदु भगत, उर्मिला मिश्रा, अनिता मिंज, मुकेश मुंडा, सुखाड़ि मिंज, सूचित कुमार, ऋषि कुमार, बसंती देवी, शैल शिखा, नीकु पाठक, संगम स्वराज और सैकड़ों अन्य पीएलवी उपस्थित थे।

# ग्रामीण बैंक ने लोन की राशि नहीं चुकाने पर घर सील किया

**सीओ व पुलिस के उपस्थिति में ऋण बकायेदार का घर बैंक नीलामी करेगी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** लोन की राशि नहीं चुकाने पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने बुधवार को भवनाथपुर बुका निवासी राहुल कुमार सिंह पिता रमेश सिंह के घर को सील कर अपने कब्जे में ले लिया है। उक्त कार्रवाई भवनाथपुर सीओ आफताब आलम एवं भवनाथपुर पुलिस के नेतृत्व में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रूपेश कुमार ने की। क्षेत्रीय प्रबंधक रूपेश कुमार ने बताया कि घर मालिक द्वारा 2015 में ग्रामीण बैंक से बिजनेस लोन के रूप में 15 लाख रुपए का ऋण लिया गया था, जिसमे ऋणधारक ने गिरवी के रूप में अपनी घर मकान बैंक में गिरवी रखी थी। ऋण स्वीकृत होने के डेढ़ दो वर्ष में ही उनकी सिविल खराब हो गई। समय पर ऋण राशि चुकता करने के लिए कई बार कहा गया, लेकिन वह ऋण की राशि बैंक को वापस नहीं कर रहे थे। ऋण की राशि चुकाने के लिए बकाएदार को कई बार नोटिस भी दिए जाने के साथ ही घर खाली करने से संबंधित नोटिस दिया गया था। इसके बाद भी न तो वह ऋण चुकता किए और ना ही घर खाली कर रहे थे। सीओ व पुलिस के उपस्थिति में ऋण बकायेदार का घर सील कर बैंक अपने कब्जा लेते हुए इसकी नीलामी करेगी। नीलामी में मिलने वाली राशि से बैंक अपना ऋण चुकता करेगी और शेष राशि को मकान मालिक के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जायेगी। मौके पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बुका के शाखा प्रबंधक दिव्या पांडेय, थाना के एसआई प्रदीप उरांव, निरंजन शर्मा व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## एक नजर

### भ्रष्टाचार के खिलाफ बूथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**मेराल।** प्रखंड के लातदाग बीएड कॉलेज के सभागार में मंगलवार को पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ उत्तरी व दक्षिणी मंडल के बूथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उसका उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, सुरेश गुप्ता सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त अवसर पर कार्यशाला में सभी बूथ के अध्यक्ष व कार्यकर्ता के अलावा, अनेकों लोग कार्यशाला में शामिल थे। पूर्व मंत्री गिरिनाथ ने कहा कि 15 वर्षों के शासनकाल में जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। उन्हें पूछने वाला कोई नहीं है। जनता त्रस्त है। किसान काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अगले 5 साल में लूट मचाने के लिए तैयारी कर रही है। उसे कोई पूछने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि एक-एक व्यक्ति को भ्रष्ट लोगों को हटाने के लिए संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र लोक लाज से चलता है किसी के साथ भेदभाव नहीं होता है। लोगों को मजबूती के साथ लड़ाई लड़ना होगा। तभी इस व्यवस्था को परिवर्तन कर सकते हैं। इसके लिए सभी लोगों को संकल्प लेना होगा।

## पौधरोपण अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने लगाए पौधे

**गढ़वा।** उमेश सिंह एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अतिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक अमित कुमार सिंह और प्राचार्य दीपक कुमार तिवारी ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सुंदर और फुलदार पौधे लगाए गए। निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि बागवानी मानसिक, शारीरिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। प्राचार्य दीपक कुमार तिवारी ने कहा कि पौधारोपण तनाव कम करता है और मानसिक स्पष्टता बढ़ाता है। विद्यालय परिसर में 100 से अधिक पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में अजीत तिवारी, रतन चतुर्वेदी, राजेश चौबे, खुशबू पांडेय, सुरेंद्र शर्मा, आभा चौबे, चंचला दीक्षित, शिवानी, सोनाली सिंह, कविता सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुखिया ने पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव में बुधवार को मुखिया मुंगा साह ने 2.49 लाख की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। उक्त सड़क 15वीं वित्त की राशि से शंभू साह के घर से नागेंद्र ठाकुर के घर तक बनेगी। इस अवसर पर मुखिया मुंगा साह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुखिया को फंड नहीं मिल रहा है। इस कारण पंचायत के अन्य गांवों की सड़कें नहीं बन पा रही है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे सभी सड़कों का निर्माण कराया जायेगा। मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, राजा प्रसाद, अजय सिंह, महेन्द्र चौबे, प्रमोद प्रसाद,संतोष कुमार, विनोद प्रसाद, विरेन्द्र लाल, दिनेश गुप्ता,अरबिंद वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# पुलिस की देख-रेख में बच्चा भुइयां का अंतिम संस्कार किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई।** थाना के बाल कक्ष ग्रह में मौत हुई बच्चा भुइयां के शव का मंगलवार रात्रि जरही गांव के नदी के किनारे पुलिस पदाधिकारियों देख रेख में रात्रि 12 से दो बजे के बीच दाह संस्कार कर दिया गया। मृतक की पत्नी बसंती देवी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद उसके पति के शव को घर के बजाय सीधे थाना लाया गया। वहां से उनके अलावा छोटे पुत्र छोटू भुइयां को साथ लेकर सीधे गांव के नदी के किनारे ले जाया गया। वहां पर मध्य रात्रि में उनके पति के शव का दाह संस्कार कर दिया गया। बसंती ने कहा कि वह दोनों मां व पुत्र ने दाह संस्कार प्रक्रिया का विरोध करते रहें, लेकिन पुलिस पदाधिकारियों द्वारा उसकी



अनसुनी कर दाह संस्कार कर ही दिया गया। भारतीय भुइयां विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष नरेश भुइयां, जिला अध्यक्ष सुरेश कोरबा सहित भुइयां विकास परिषद के अन्य लोगों ने बुधवार को मृतक के घर पहुंच पीड़ित परिवार का हाल-चाल जाना।उन्होंने कहा कि बच्चा भुइयां आत्महत्या नहीं बल्कि पुलिस की पिटाई से उसकी मौत हुई है। सच्चाई को छुपाने के उद्देश्य से थाना के पुलिस पदाधिकारी उसे फांसी का रूप दिया गया है। विकास परिषद के लोगों ने कहा कि पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ जन आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने दोषी पुलिस पदाधिकारी को निलंबित करने की मांग की। साथ ही मृतक के परिजन को 20 लख रुपए की मुआवजा देने के साथ घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग सरकार से की जाएगी।

**केतार से कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम शुरू**

# कांग्रेस का सिंबल व झंडा जलाने वाले को नहीं करेंगे सहयोग : मानस सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा के नेतृत्व में बुधवार को मां चतुभुर्जी मंदिर में दर्शन पूजन के पश्चात कांग्रेसियों ने विधानसभा स्तरीय कांग्रेस पार्टी आपके द्वार कार्यक्रम प्रारंभ किया। चतुभुर्जी मंदिर परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मानस सिन्हा ने कहा कि जनता का रूझान महागठबंधन के साथ है। इसलिए भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी सभी प्रखंडों का दौरा करते हुए पार्टी को नये स्तर से मजबूत करेगी। उन्होंने कहा की सभी नौ प्रखंडों में 20 सूत्री अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी का है, जो जनहित कार्य में लगे हुए हैं। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी हर हाल में चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और झामुमो नेता ताहिर अंसारी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव में वैसे व्यक्ति का समर्थन कभी नहीं करेंगी, जो व्यक्ति 2014 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को धोखा देते हुए कांग्रेस का सिंबल फाड़कर और झंडा जलाकर दूसरे पार्टी में भागने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जो लोग समांतवाद से तंग आकर राजनितिक में आये थे। आज वह लोग भी पिछलग्गू बनकर घुम रहे हैं। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर तंज कसते हुए कहा कि इस पार्टी में राजतंत्र है। टिकट का कोई दावेदार नहीं मिल रहा है। जबकि कांग्रेस पार्टी में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट लेने वाले नेताओं की कतार लगी है। भवनाथपुर में पार्टी मजबूत स्थिति में है। गठबंधन से झामुमो को सीट मिलता भी है तो कांग्रेस यहां राज परिवार को मदद नहीं करेगा और चुनाव कांग्रेस लड़ेंगी। मौके पर जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, जिला प्रवक्ता राहुल दुबे, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, संजय सिंह, शैलेन्द्र प्रताप देव, देवचंद्र यादव, क्यामुदिन अंसारी, अनील राम, राजनाथ राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जितिया जतरा मेला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रखंड के जाटा पंचायत के ढोटी गांव स्थित बाबा रक्शैल राज मंदिर पर शुक्रवार को जिउतिया जतरा मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला की तैयारी पूरी कर ली गई है। मेला के दौरान आयोजित होने वाली कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर एक कमेटी बनाई गई है। जिसमें उदय कुमार कुशवाहा को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं हरखू साह को महासचिव व दीपक कुमार कुशवाहा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि मेला संचालन का जिम्मेवारी लालू कुमार मेहता को दिया गया है। समिति अध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा ने कहा कि शुक्रवार को सुबह छह बजे अनुष्ठान कर पुजा पाठ प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके बाद से ही मेला प्रारम्भ हो जाएगा। वहीं 11 बजे दिन से भजन कीर्तन गीत संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।जिसमें गढ़वा जिले के सभी प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। जो मेला में अपने अपने अंदाज में कला पेश कर चार चांद लगाने का काम करेंगे। साथ ही साथ गढ़वा जिले के सभी जनप्रतिनिधि मंत्री, विधायक, सांसद को आमंत्रण पत्र देकर आने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मेले में गढ़वा जिले के अलावा अन्य कई जिलों और दुसरे राज्यों छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश से भी भक्त गण पुजा करने के लिए आते हैं। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर समिति के लोग काफी मेहनत करते हैं। बैठक में मुख्य रूप से मंदिर के पुजारी नन्द किशोर मेहता, निरंजन कुमार कुशवाहा, अनिल कुमार कुशवाहा, सरद यादव, प्रेम दिवाना ब्यास, शिवशंकर मेहता, कृष्णा साह, अनिल शर्मा, भरदुल यादव, बीरबल मेहता, गुलाब यादव, अरुण मेहता, मनोज यादव, शंभू महतो, अरुण यादव आदि उपस्थित थे।



# विश्व हृदय दिवस के अवसर पर 'रन फॉर हार्ट' का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रभात मेडिकल सेंटर के तत्वाधान में 'रन फॉर हार्ट' का 29 सितंबर को आयोजन किया जाएगा। हृदय रोग विशेषज्ञ, डीएम कार्डियोलॉजी डॉ. पंकज प्रभात ने प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हृदय रोगों के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। यह दौड़ सुबह छह बजे से गढ़वा के नया समाहरणालय परिसर से शुरू होकर बाइपास होते हुए रंका रोड स्थित शगुन बैंक्विट हॉल परिसर तक जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, एसडीओ गढ़वा सहित कई प्रमुख चिकित्सक भी होंगे। रन फॉर हार्ट के समापन पर शगुन बैंक्विट हॉल में एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। उसका विषय हृदय को सुरक्षित रखना है। डॉ.पंकज ने जिले के सभी समाजसेवी संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों और शहर के प्रबुद्ध नागरिकों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया है, ताकि वह हृदय रोगों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

# भाजपा ने मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** मंडल कार्यालय में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मंडल कार्यसमिति के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, 48 बूथ अध्यक्षों सहित पंचायत संयोजक, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि और अन्य सम्मानित कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर सभी उपस्थित लोगों ने अपनी श्रद्धा अर्पित की। मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और उनके विचारों पर चर्चा की। वक्ताओं ने बताया कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (तब जनसंघ) को एक मजबूत वैचारिक आधार प्रदान किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय जैसे सिद्धांतों ने भारतीय राजनीति में एक नई दिशा दी, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने बीजेपी के लिए अद्वितीय योगदान दिया। उन्होंने संगठन को एक मजबूत वैचारिक नींव पर खड़ा किया, जिसका मूल उद्देश्य न केवल राजनीतिक शक्ति हासिल करना था, बल्कि समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करना था। उनके अंत्योदय के सिद्धांत का बीजेपी की नीतियों पर गहरा प्रभाव रहा है। समाज के सबसे कमजोर और गरीब वर्गों को मुख्यधारा में लाने का संकल्प है। उन्होंने भारतीय राजनीति में स्वदेशी विचारधारा को स्थापित किया, जिससे भाजपा को एक देशप्रेमी, स्वाभिमानी, समाज कल्याणकारी पार्टी के रूप में पहचाना जाने लगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी, रामप्रीत गुप्ता, विनोद सिंह, बुद्धनाथ गुप्ता,सुनील रौशन, कलामुद्दीन अंसारी, अमित जायसवाल सहित कई भाजपा नेता उपस्थित थे।



## पूजा-अर्चना

**प्रखंड क्षेत्र में जितिया पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया**

# निर्जला उपवास रख माताओं ने संतान की सुख व दीर्घायु की कामना की

**पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पूजा सामग्री के साथ भगवान जीमूतवाहन की पूजा की**

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड क्षेत्र में जितिया पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व माताओं द्वारा अपनी संतान की दीघार्यु और सुख-समृद्धि के लिए किया जाता है। इस अवसर पर माताओं ने निर्जला व्रत रखा और भगवान की पूजा-अर्चना की। पूरे दिन बिना जल और अन्न ग्रहण किए माताओं ने कठिन उपवास रखा। पर्व के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पूजा सामग्री के साथ भगवान



जीमूतवाहन की पूजा की, जो इस व्रत के प्रमुख देवता माने जाते हैं। पूजा के बाद गांव और कस्बों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। महिलाओं ने धार्मिक गीत और कथाएं सुनाईं। इस दौरान एकजुट होकर सामूहिक पूजा और गीत-भजन का आयोजन किया गया। जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। स्थानीय मंदिरों में भी विशेष पूजा और अनुष्ठान किए गए। पर्व के समापन पर माताओं ने व्रत तोड़ने के बाद पारंपरिक भोजन ग्रहण किया। जितिया पर्व माताओं के संतान के प्रति असीम प्रेम और उनकी सलामती की कामना का प्रतीक है, जो हर वर्ष इसी उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाता है।

## बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर।** टाऊनशिप मुख्य मार्ग पर देवीधाम के समीप बुधवार दोपहर बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक अरसली उतरी निवासी अख्तर अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र मसरूल आलम को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि मसरूल मोटरसाइकिल ने घर लौट रहा था। उसी दौरान भवनाथपुर टाऊनशिप मुख्य मार्ग पर देवीधाम के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार से उसकी टक्कर हो गई।

## न्यूज बॉक्स

### राधिका नेत्रालय में 34 मरीजों का निः शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

**गढ़वा।** राधिका नेत्रालय, चिरोजिया मोड़ में बुधवार को 34 मोतियाबिंद मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया गया। नेत्रालय के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के साथ चश्मा और दवा भी दी जा रही है। अब तक 456 मोतियाबिंद मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड लाना अनिवार्य है।

### सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन

**गढ़वा।** बरडीहा हाई स्कूल मैदान में सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने फीता काटकर किया। उन्होंने खेल के महत्व पर जोर दिया और कहा कि यह आयोजन शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत करेगा। पहला मैच बिश्रामपुर और कांडी के बीच खेला गया, जिसमें कांडी ने 4-3 से जीत दर्ज की। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला एक अक्टूबर को होगा।

### फार्मा को विजिलेंस सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फामेर्सी संकाय की ओर से फार्मा को विजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने फार्मा विजिलेंस के महत्व पर व्याख्यान दिए। मौके पर डॉ. मनीष दुबे ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नेहा दुबे, राहुल कुमार, रोहित गुप्ता, हिमांशु आदि ने सहयोग किया।

### धुरकी में बाल विवाह और भ्रूण हत्या पर रोकथाम के लिए बैठक

**गढ़वा।** धुरकी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने बुधवार को प्रखंड के अधिकारियों के साथ बैठक की। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा बाल विवाह और भ्रूण हत्या पर रोकथाम के अभियान में सहयोग देने का निर्देश दिया गया। असहाय परिवारों की कन्याओं का सर्वे कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

### ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था में पौधारोपण

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था परिसर में अग्रणी बैंक के 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। अग्रणी बैंक प्रबंधक सत्यदेव रंजन, डीडीएम नाबार्ड दीपक पासवान और निर्देशक इंदुभूषण लाल ने पौधारोपण किया। सत्यदेव रंजन ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया और सभी से पौधे लगाने की अपील की।

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में विश्व फार्मासिस्ट दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि फार्मासिस्टों पर समाज की स्वास्थ्य व्यवस्था की जिम्मेदारी है। समारोह में फार्मासिस्टों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का संकल्प दिलाया गया।

### जन चेतना मंच ने गांधी जयंती पर सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया

**गढ़वा।** जन चेतना मंच की बैठक नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में हुई, जिसकी अध्यक्षता पवन कुमार केसरी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 1 अक्टूबर को गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सेमिनार में महात्मा गांधी के आंदोलन पर चर्चा होगी।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का धरना प्रदर्शन

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा जिला इकाई ने समाहरणालय के समक्ष शिक्षा, रोजगार और महिला सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। विनीत पांडेय ने सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि पांच वर्षों में राज्य सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। छात्र नेता शुभम तिवारी ने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर है और रोजगार की स्थिति चिंताजनक है।

### बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग सत्र की शुरूआत

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र से इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी की पढ़ाई शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय में बीटेक, डिप्लोमा और आईटी में नामांकन के बाद नवनामांकित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन और इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### हाजत में मौत मामले में बसपा ने दुःख व्यक्त किया

**भवनाथपुर।** बसपा नेता पंकज चौबे ने डंडई थाना के हाजत में एक एक व्यक्ति की मौत पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस के बर्बरतापूर्ण पिटाई के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने उसे आत्महत्या का रूप दिया है। इसके बाद भी जी नही भरा तो ग्रामीणों पर आंशु गैस हवाई फायर किया गया। कुछ नामित और अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर दहशत का माहौल बनाया गया है। उन्होंने सरकार से मांग करता किया है कि दोषी पुलिस कर्मी के विरुद्ध करवाई कर पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये नकद व एक सदस्य को सरकारी नौकरी का लिखित आश्वासन दें। मांगे पूरी नहीं होने पर बसपा द्वारा धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

### आंगनबाड़ी सेविका के चयन के लिए आमसभा का आयोजन

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत वनसानी पंचायत भवन में आंगनबाड़ी सेविका के चयन के लिए आमसभा का आयोजन मुखिया लाइची देवी की अध्यक्षता में की गई। मौके पर सर्वसम्मति वनसानी की आंगनबाड़ी सेविका मृतका निर्मला देवी की आश्रित पुत्रवधु चांदनी कुमारी का चयन किया गया। मौके पर उपस्थित बीडीओ सह सीडीपीओ नंदजी राम और महिला पर्यवेक्षिका रंजना यादव ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मौके पर शिक्षक मृत्युंजय यादव, एएनएम सुषमा कुमारी, पंचायत सचिव, अजीत सिंह, मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर पासवान, मानिकचंद पासवान, धर्मजीत पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

### मारपीट की घटना में महिला घायल

**गढ़वा।** कांडी थानांतर्गत सड़की गांव निवासी सुदामा चंद्रवंशी की पत्नी 60 वषीर्या धर्मशिला देवी मंगलवार को मारपीट की घटना में घायल हो गई । उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि धर्मशीला देवी अपने खेत में पानी को घेर रही थी। उसी क्रम में सूर्यदेव चंद्रवंशी, बसंत चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी ने अपनी जमीन बताते हुए उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## एक नजर

### चोरों ने की सोलर प्लेट चोरी

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिमरातरी के छत से चोरों ने मंगलवार की देर रात सोलर प्लेट की चोरी कर लिया। इसे लेकर विद्यालय सचिव रवि प्रियदर्शी ने थाना में चोरी की घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। बताया गया कि विद्यालय में पेयजल की सुविधा को लेकर बारियातु पंचायत के मुखिया डेगन गंझु ने 15 वें वित्त से सोलर प्लेट,पानी टंकी, समरसेबल लगाया गया था। जिसमे विद्यालय भवन के छत पर लगा तीन सोलर प्लेट की चोरी हो गई। बताया जाता है कि इस प्रकार की घटना कई विद्यालय में पूर्व में घटना घट चुकी है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### हथियारबंद अपराधियों ने लूटी बाइक

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरुंद छत्तीसगढ़ मोड़ स्थित तीन अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने सोमवार रात बाइक लूट ली। इस घटना के बाद अपराधी छत्तीसगढ़ की ओर भाग गए। घटना की जानकारी देते हुए लूट के शिकार हुए असगर अंसारी ने बताया कि गुमला जिला के चैनपुर गांव से लौटने के क्रम में छत्तीसगढ़ मोड़ पर रात तीन लोग हथियार का भय दिखाकर गाड़ी रुकवाया। मारपीट कर मोबाइल और पैसे की मांग की। किसी तरह जान बचाकर वह बाइक छोड़कर भागे। लूट के शिकार असगर अंसारी के पिता मुमताज अंसारी ने बताया कि इस संबंध में थाने को आवेदन देकर अज्ञात लुटेरों पर मामला दर्ज कराया गया है।

### 200 किलों महुआ शराब नष्ट किया

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना प्रभारी अरविंद होरेंज के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के विरुद्ध बुधवार को सघन छापेमारी अभियान चलाया। सरना टोली व जाम टोली गांव में दर्जनों जगह करीब 200 किलों महुआ जावा नष्ट किया। कई लीटर महुआ शराब को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने कहा अवैध महुआ शराब बनाने के रोकथाम के लिए सघन छापेमारी अभियान जारी रहेगा। छापेमारी अभियान में आईआरबी के जवान व जिला पुलिस बल शामिल थे।

### संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने की जितिया

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में जितिया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर व्रतियों ने निर्जला उपवास कर जितिया की कथा सुन कर अपने बच्चों की लंबी आयु की कामना भी की। प्रखंड के विभिन्न गांवों के जितिया अखरा बुधवार की रात करम डाल की विधिवत पूजा की गई। इस दौरान रात भर परंपरागत गीतों की धुन और मांदर की थाप पर लोग झूमते रहे। गुरुवार की सुबह माताओं ने पूजा-अर्चना कर निर्जला उपवास तोड़ कर अपने बच्चों की लंबी उम्र और सलामती की दुआ मांगी।

### एसडीएम के रूप में विपिन दुबे ने प्रभार लिया

**महुआडांड़।** एसडीएम के रूप में बुधवार को विपिन कुमार दुबे ने पदभार ग्रहण किया। पत्रकारों के साथ बातीचत करते हुए कहा कि भूमि विवाद समेत लोगों की समस्या पर कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। निर्वतमान एसडीएम रतन कुमार सिंह से पदभार ग्रहण किया। एसडीएम रतन कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर एसडीम विपिन कुमार दुबे का स्वागत किया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिमांशु चंद्र मांझी, अनुमंडल के अन्य अधिकारियों ने भी नये एसडीम का स्वागत किया। पदभार ग्रहण करते हुए एसडीएम विपिन कुमार दुबे डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए सड़क, सुरक्षा, सड़क जाम समेत अन्य समस्याओं पर कई निर्देश दिए।

# महिलाओं को आत्मसम्मान के लिए प्रोत्साहन राशि दे रही सरकार : कल्पना



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के होटल हाइवे हिल में बुधवार को मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम में गांडेय विधायक सह झामुमो नेत्री कल्पना मुर्मू सोरेन ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की लोकप्रियता से घबरा कर विपक्ष उनके खिलाफ षड्यंत्र रच रही है। यहां बाहरी नेताओं को उनके खिलाफ उतारा जा रहा है। मगर उनको झारखंड की जनता जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। हेमंत सोरेन को षडयंत्र के तहत जेल भेजने वालों को झारखंड की जनता माफ नहीं करेगी। राज्य के महिलाओं को आत्मसम्मान के साथ जीने के लिए हेमंत सोरेन की सरकार उन्हें प्रोत्साहन राशि दे रही है। झारखंड सरकार किसानों के कृषि ऋण माफ कर दिया। विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली बकाया माफ किया गया। दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। बेघरों को अबुआ आवास दिया जा रहा है, लेकिन विपक्ष ये सब पचा नहीं पा रहा है और कोर्ट में पीआईएल दायर कर नाटक कर रही है। उन्होंने सभा में उपस्थित महिलाओं से पूछा कि बताएं कि मंईयां सम्मान योजना चलते रहनी चाहिए या बंद होनी चाहिए। महिलाओं ने हाथ उठाकर कहा कि यह योजना बंद नहीं होनी चाहिए। सभा में शिक्षा मंत्री बैधनाथ राम, महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी,कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला सचिव शमशुल होदा, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, केंद्रीय सदस्य दीपू सिंहा, इस्तयाक खान, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार उंराव, मो. इजहार, मो. सरफराज, सुभम गिरी समेत हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थे। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह, बीडीओ चन्दन प्रसाद, अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जात-पात उंच-नीच का भेदभाव करने वाले घूम रहे हैं : कल्पना



**बालूमाथ।** मंईयां सम्मान यात्रा बालूमाथ पहुंचने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह का झामुमो कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर कल्पना ने कहा कि राज्य में जात-पात उच्च-नीच भेदभाव की राजनीति कर राज करने वाले गांव-गांव घूम रहे हैं। ऐसे लोगों से जनता सावधान रहें। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जन-जन को विकास योजनाओं से जोड़ने के लिए काम किया है। उन्हें विकास योजना में एक मंईयां सम्मान योजना भी है। यह योजना वर्षों पहले मुख्यमंत्री ने प्लान किए थे। भाजपा के षड्यंत्रकारी नेताओं के चलते माता, बहनों को यह योजना का लाभ थोड़ी देर से मिली है। यह योजना चलती रहेगी, बंद होने वाली नहीं है। मौके पर मंत्री बैद्यनाथ राम, विधायक रामचंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, मोहम्मद इमरान, राजेश यादव, प्रदीप गंझू, बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, इंस्पेक्टर परमानंद बिरुवा, थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, थाना प्रभारी राजा दिलावर सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### 2 अक्टूबर को पीएम मोदी देंगे लातेहार को दो सौगात

**लातेहार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर पर लातेहार जिला को दो सौगात देने जा रहे है। यह सौगात शिक्षा के क्षेत्र के लिए है। आगामी दो अक्टूबर को पीएम मोदी जिले के गारू और बरवाडीह में बने एकलव्य विद्यालय का ऑनलाईन उदघाटन करेंगे, जिसके बाद इन दोनों विद्यालयों में कक्षा 6 और सात में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इस संबंध में आईटीडीए के निदेशक प्रवीण कुमार गागराई ने बताया की उदघाटन को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। विद्यालय के शुरू हो जाने से गारू और बरवाडीह के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए काफी सुविधा होगी। विद्यालय प्रारंभ हो जाने से अच्छी शिक्षा के लिए बच्चों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस विद्यालय में उन्हें उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान की जाएगी। श्री गागराई ने कहा कि खुशी है विद्यालय के प्रारंभ हो जाने से यहां के आस पास के बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगा, जिससे वह भविष्य में अच्छे स्थान पर अपनी जगह बना सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा व झामुमो की महिला सम्मान यात्रा हुई आमने सामने

**चंदवा।** शहर के इंदिरा गांधी चौक पर बुधवार शाम अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गई। जंहा बालूमाथ की ओर से आ रही भाजपा की परिवर्तन यात्रा और झामुमो की मंईयां सम्मान यात्रा एक ही समय पर आमने-सामने हो गई। भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल सिने स्टार सह गोरखपुर के सांसद रवि किशन और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन का काफिला जाम में फंस गई। दोनों पार्टी के समर्थकों की भीड़ के कारण काफिला काफी देर तक जाम में फंसा रहा। हुआ यूं कि होटल हाइवे हिल में आयोजित सभा को संबोधित कर कल्पना सोरेन व मंत्री जैसे ही इंदिरा गांधी चौक पहुंचे। उसी वक्त बालूमाथ की ओर से भाजपा की परिवर्तन यात्रा भी इंदिरा गांधी चौक पर पहुंच गई। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए किसी तरह से कल्पना सोरेन समेत मंत्रियों व सासंद के काफिले को जाम से बाहर निकाला। इस दौरान दोनों ही पार्टी के समर्थकों ने जमकर अपने अपने पार्टी व नेताओं के समर्थन में नारे लगाये।

### पक्ष-विपक्ष के आमने-सामने होने से आवागमन बाधित

**लातेहार।** झारखंड सरकार की मंईयां सामान योजना यात्रा और भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा आमने-सामने हो गई। दरअसल लातेहार से मंईयां सामान यात्रा में चल रहे मंत्रियों का काफिला जब चंदवा पहुंचा तब उधर से भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन रैली करते हुए सांसद रवि किशन भी चंदवा पहुंचे। इस कारण दोनों तरफ से वीआईपी गाड़ियों की कतार लग गई। लगभग आधे घंटे से 45 मिनट तक फंसे रहे मंत्री व सांसद। प्रशासनिक महकमा को यह समझ में नहीं आ रहा था कि पहले किन की गाड़ियों को आगे निकाला जाए, क्योंकि दोनों तरफ से दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता अपने-अपने विधायक व मंत्री-सांसद को सुनने के लिए खड़े थे। एक समय ऐसा भी लग रहा था कि कहीं दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता अपने-अपने नेताओं को जाम से मुक्त करने में लगे थे। हालांकि प्रशासन को दोनों कार्यक्रम की जानकारी थी। तब भी ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई।

# बहुरूपिए झारखंड का दौरा कर जनता को ठगने का प्रयास कर रहें : कल्पना

**लातेहार।** मंईयां सम्मान यात्रा बुधवार को लातेहार पहुंची। इस यात्रा के दौरान लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रम में विधायक कल्पना सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जेल भेजने वालों को सबक सिखाने का समय आ गया है। मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम के तहत झारखंड की मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह के साथ विधायक कल्पना सोरेन भ्रमण पर निकली हैं। इस क्रम में लातेहार में आयोजित कार्यक्रम में कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड की बेटियों, बहनों, माता को सम्मान देने का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने काम किया है। हेमंत सोरेन ने झारखंड के विकास के लिए जो कार्य किया है वह अपने आप में मिसाल है। कुछ बहुरूपिए इस समय झारखंड का दौरा कर जनता को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास में जो लोग बाधक हैं, उन लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में भेज कर झारखंड के विकास को बाधित करने का कार्य किया था। अब समय आ गया है कि ऐसे लोगों को जनता सबक सिखाए। महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी, शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड में ऐसा माहौल तैयार किया है, जहां बेटियों को जन्म से लेकर बुढ़ापे तक किसी न किसी रूप से सरकारी योजना का लाभ मिलेगा। मंत्रियों ने कहा कि यदि विरोधियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत जेल नहीं भेजा होता तो आज झारखंड में कई अन्य विकास योजनाएं धरातल पर उतर चुकी होती। कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव समेत कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### ईवीएम-वीवीपैट मशीन का प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम

**बारियातू।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर 24 सितम्बर को शिबला पंचायत में प्रकाश कुमार के द्वारा मतदान केंद्र संख्या 45,46,47,48,49,50,51,52,53,54, 55 तथा डाढ़ा पंचयात अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 73,74,75,76,77, 78 में आलोक कुमार दुबे द्वारा ईवीएम वीवीपैट मशीन का प्रशिक्षण व मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। आलोक कुमार दुबे ने बताया कि प्रशिक्षण में विधानसभा चुनाव को लेकर ईवीएम व वीवीपैट मशीन की जानकारी मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण स्तर पर जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान प्रक्रिया के बारें में जानकारी दी गई।

# हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त हैं : रवि किशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** भोजपुरी अभिनेता सह गोरखपुर के सांसद रवि किशन का लातेहार जिला के बालूमाथ के रोड शो में भव्य स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि रवि किशन को माला पहना कर व अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। रवि किशन ने परिवर्तन यात्रा के दौरान जनसभा में कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार करने में लिप्त है, जनता त्रस्त है। झारखंड में प्रचुर मात्रा में मिनरल्स होने के बावजूद भी रोजगार के लिए लोग पलायन कर रहे हैं। झारखंड की माताएं, बहने सुरक्षित नहीं हैं। शिक्षा की उचित व्यवस्था नहीं है। सरकार वैसा वादा कर रही है जिसको पूरा नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा राज्य में घुसपैठियों ने अपना शाख बना लिया है। लव जिहाद का मामला बढ़ते जा रही है। कानून व्यवस्था ठप है। झारखंड में भाजपा का डबल इंजन की सरकार आई तो कानून व्यवस्था के साथ-साथ जन-जन का विकास होगा। हर वह व्यवस्था होगी जो उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में है। भ्रष्टचार मुक्त सरकार होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने की। मंच संचालन बालूमाथ युवा प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वर यादव ने किया। मौके पर लातेहार विधानसभा प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, पूर्व विधायक प्रकाश राम, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, राजधानी यादव, रामजतन साहू,अमित कुमार, जिला परिषद प्रियंका कुमारी, चेतालाल रामदास, बृजमोहन राम, जिप सदस्य रमेश राम, आशा मनी लकड़ा, अमलेश कुमार सिंह, रविंद्र साव, लव कुमार सिंह, सहित हजारों महिला-पुरुष ग्रामीण के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### परिवर्तन सह संकल्प यात्रा के जनसभा में शामिल हुए सांसद

**प्रतापपुर (चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन सह संकल्प यात्रा को लेकर प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में रथ यात्रा निकाली गई। रथ पर ग्रामीणों ने पुष्पों की वर्षा की। इसके बाद प्लस टू हाई स्कूल मैदान में जनसभा आयोजित की गई। अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष रामदेव भोक्ता व संचालन जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता ने किया। जनसभा में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद कालीचरण सिंह व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर अतिथियों ने किया। वहीं मंचासीन अतिथियों को महिला मोर्चा द्वारा बनाए गए पत्तों एवं फूलों से बने टोपी पहनाकर तथा लगभग 51 किलो की फूलों की हार सामूहिक रूप से पहना कर स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार चतरा को स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह पर जनता ने अपना विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डीएमएफटी जिसे केंद्र सरकार देती है, उसका सदुपयोग नहीं किया जा रहा है। वहीं मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण सिंह ने अपने बहुत ही कम समय में किए गए कार्यों को बताते हुए कहा कि 4:30 साल के शासनकाल में चतरा विधायक सह मंत्री के रहते भर में भी जोरी चतरा सड़क मार्ग किस हालत में था यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। इसे मैंने बनवाने का काम किया है। डाल्टनगंज सड़क मार्ग भी बनवाने का काम किया है। जिसे जनता महसूस कर रही है। जोरी-हंटरगंज सड़क मार्ग पर हमेशा जाम की स्थिति रहती है। जिससे निजात दिलाने के लिए दोनों सड़कों पर बाईपास के लिए प्रक्रिया करवाया हूं। जो अभी टेंडर की प्रक्रिया में है। शीघ्र ही बाईपास बन जाएगा। उन्होंने बताया कि रांची जाने के क्रम में चंदवा रेलवे क्रॉसिंग पर घंटो खड़ा रहना पड़ता था लेकिन उसपर भी पुल बन रहा है यह जाम से भी लोगों को छुटकारा मिलेगा। रेल से जोड़ने के लिए मैंने लोकसभा में आवाज उठाई है और प्रतापपुर के बगल इमामगंज से होते हुए टोरी तक रेल मार्ग बनाए जाने को लेकर सर्वे का कार्य प्रारंभ है, शीघ्र ही यह भी पूरा होगा।

# संतान के चिरंजीवी व सुखद जीवन के लिए माताओं ने रखी निर्जला उपवास

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** संतान की चिरंजीवी और सुखद जीवन की कामना को लेकर माताओं ने बुधवार को जितिया व्रत का निर्जला उपवास रखा। सुबह से ही व्रती माताओं ने सरगही की और 24 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। पूजा-अर्चना कर जितिया व्रत कथा का श्रवण किया। कई स्थानों पर जितिया का अनुष्ठान भी हो रहा है। देवी मंडलप के पंडित दिलीप शुक्ला ने कहा कि इस व्रत का महाभारत काल से भी जुड़ाव रहा है। कथा के अनुसार जब अश्वथामा ने पांडवों के सोते हुए सभी बेटों और अभिमन्यु के अजन्मे बेटे को मार दिया था उस समय भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के पोते को गर्भ में ही जीवित कर दिया। इसी वजह से अर्जुन के इस पोते का नाम जीवित्पुत्रिका पड़ा। मान्यता के अनुसार यही कारण है कि माताएं अपने बेटे की लंबी उम्र के लिए यह व्रत करती हैं। जितिया व्रत के लिए उपवास शुरू करने से पहले सुबह ही कुछ खाया-पिया जा सकता है। सूर्योदय होने से पहले महिलाएं पानी, शर्बत व अन्य फल व मीठे भोज्य पदार्थ ले सकती हैं लेकिन इसके बाद कुछ भी खाने या पीने की मनाही रहती है। लातेहार जिला मुख्यालय समेत मनिका, चंदवा, बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज, बरवाडीह, गारू, महुआड़ांड व अन्य प्रखंडों में भी जिउतिया व्रत माताओं द्वारा काफी उत्साह और विधि विधान से किया जा रहा है। व्रत को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है।



### जितिया में महिलाओं ने पूजा-अर्चना की

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के विभिन्न गांव में बुधवार को महिलाओं ने जितिया व्रत का पूजा-अर्चना किया गया। मंगलवार को नहाए खाए के साथ प्रारंभ हुआ। जितिया का व्रत महिलाओं ने पुत्र की चिरंजीवी और सुखद जीवन की कामना को लेकर करती हैं। महिलाएं जितिया व्रत को लेकर 24 घंटे का अखंड निर्जला उपवास कर पूजा अर्चना किया।

### भालू के हमले से दो युवक घायल

**महुआडांड़।** पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी वन प्रमंडल के अंतर्गत करकट गांव स्थित जंगल में भालू के हमले से तीन युवक घायल हो गए। मंगलवार शाम अमरदीप बेक (17 वर्ष), रोहित मुंडा (22 वर्ष) कुछ दोस्तों साथ मवेशी चराकर जंगल अपने घर लौट रहे थे। अचानक भालू ने इन युवकों पर हमला कर दिया, जिसमें अमरदीप बेक और रोहित मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर, हाथ में गहरे जख्म हैं। साथ मौजूद अन्य साथियों ने उस भालू को भगाने के साथ तत्काल मदद की। घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया, वहां प्राथमिक उपचार बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों युवको को सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया। वहां रेंजर तरुण कुमार सिंह ने बताया कि घायल युवकों को सरकारी मुआवजा दिया जाएगा। मौके पर वनपाल कुंवर गंझु, वनरक्षी गुरूदयाल सिंह, कुणाल सिंह मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/15/2024-25(2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग अंतर्गत ग्राम हेसलबार में पुल निर्माण। | 58216000 | 1164400 | 10,000 | 24 माह |
| 2 | Gr_3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा पंचायत चेटर अन्तर्गत पीपरापानी नदी पर पुल निर्माण। | 29806900 | 596200 | 10,000 | 18 माह |
| 3 | Gr_4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत नेवाड़ी अंतर्गत ग्राम सोहदाग में ततहसा नदी पर पुल निर्माण। | 38462400 | 769300 | 10,000 | 18 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.09.2024

3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.09.2024 से दिनांक 05.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।

4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे

6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434

8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।

10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार

PR 336956 (Rural Development)24-25*D

**कार्यालयः–कार्यपालक अभियंता एन०आर०ई०पी०,लातेहार**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 11/2024-25/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 24.09.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/LATEHAR/ 3/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–बालू, ग्राम–बालू में सुरेश उरांव के घर से बालेश्वर उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 22,35,000.00 | बाईस लाख पैंतीस हजार | 03 माह |
| 2 | NREP/LATEHAR/ 4/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–बालू, ग्राम–बालू में मल्लू उरांव के घर से आंगनबाड़ी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 16,73,200.00 | सोलह लाख तिहत्तर हजार दो सौ | 03 माह |
| 3 | NREP/LATEHAR/ 5/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–बालू, ग्राम–बालू में इमली पेड़ से देवनाथ उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 18,62,500.00 | अठारह लाख बासठ हजार पांच सौ | 03 माह |
| 4 | NREP/LATEHAR/ 6/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–भगेया, ग्राम–केरी में लालजी भगत के घर से चतरा सिमाना तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (भाग–1) | 23,14,900.00 | तईस लाख चौदह हजार नौ सौ | 03 माह |
| 5 | NREP/LATEHAR/ 7/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–भगेया, ग्राम–केरी में लालजी भगत के घर से चतरा सिमाना तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (भाग–2) | 23,14,900.00 | तईस लाख चौदह हजार नौ सौ | 03 माह |
| 6 | NREP/LATEHAR/ 8/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–भगेया, ग्राम–केरी में लालजी भगत के घर से चतरा सिमाना तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (भाग–3) | 23,14,900.00 | तईस लाख चौदह हजार नौ सौ | 03 माह |
| 7 | NREP/LATEHAR/ 9/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–भगेया, ग्राम–केरी में लालजी भगत के घर से चतरा सिमाना तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (भाग–4) | 23,79,700.00 | तईस लाख उनासी हजार सात सौ | 03 माह |
| 8 | NREP/LATEHAR/ 10/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–भगेया, ग्राम–केरी में लालजी भगत के घर से चतरा सिमाना तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (भाग–5) | 23,79,700.00 | तईस लाख उनासी हजार सात सौ | 03 माह |
| 9 | NREP/LATEHAR/ 11/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–गणेशपुर, ग्राम–गणेशपुर में अखरा से संतोष उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 13,00,700.00 | तेरह लाख सात सौ। | 03 माह |
| 10 | NREP/LATEHAR/ 12/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–रजवार, ग्राम–रजवार में टोंगरी टोला अखरा से सुखराम उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 18,62,500.00 | अठारह हजार बासठ हजार पांच सौ | 03 माह |
| 11 | NREP/LATEHAR/ 13/2024-25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–रजवार, ग्राम–रजवार में अधनु भुईया के घर से फिरागी भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 17,89,300.00 | सतरह लाख नवासी हजार तीन सौ | 03 माह |
| 12 | NREP/LATEHAR/ 14/2024-25 | प्रखंड–महुआडांड, पंचायत–सोहर, ग्राम–आराहंस में जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण। | 18,19,800.00 | अठारह लाख उनीस हजार आठ | 03 माह |
| 13 | NREP/LATEHAR/ 15/2024-25 | प्रखंड–मनिका, पंचायत–दुन्दू, राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय, दुन्दू में चाहरदीवारी निर्माण (भाग–2) | 16,42,400.00 | सोलह लाख बयालीस हजार चार सौ | 03 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 07.10.2024. अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 6205174469

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 336911 Rural Development(24-25).D

# लोहरदगा में महिलाओं ने जीवित्पुत्रिका का रखा निर्जला व्रत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में पुत्र के दीघार्यु, अमरत्व व आरोग्य की कामना को ले महिलाओं ने बुधवार को जीवित्पुत्रिका व्रत रखा। सुबह से निर्जला रह माताएं नदी, तालाब समेत अन्य जल स्त्रोतों में स्नान कर मंदिरों में व घरों पर विशेष पूजा अर्चना की। बुधवार को जिउतिया व्रत की कथा का श्रवण कर पुत्र के दीघार्यु होने व घर में सुख-समृद्ध की कामना की। व्रती महिलाओं ने जीमूतवाहन व चील कौवा की कथा को भी सुना। लोहरदगा मे हटिया गार्डन स्थित काली मंदिर, गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबारी मंदिर, वीर शिवाजी चौक दुर्गा मंदिर, तिवारी दूर जगन्नाथ मंदिर सहित अन्य स्थानों पर व्रती महिलाओं की भीड़ लगी रही। आचार्य देवेंद्र पाठक ने बताया कि इस व्रत का पौराणिक महत्व काफी गहरा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जीमूतवाहन नामक एक राजा ने अपने प्रजा और नागों की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया था। उनके इस बलिदान की याद में माताएं इस व्रत को करती हैं ताकि उनकी संतानें हर संकट से सुरक्षित रहें। इस व्रत से संतान को दीघार्यु और समृद्धि की प्राप्ति होती है। जितिया व्रत से संतान की उम्र लंबी होती है साथ ही पुत्र के जीवन को दीघार्यु भी बनाता है। ये व्रत करने वालों के घर में सुख, समृद्धि की प्राप्ति होती है।



## श्रद्धा और भक्ति भाव से माताओं ने की जीवित्पुत्रिका पूजा

**सेन्हा-लोहरदगा।** माताओं ने 24 घण्टे का निर्जला व्रत रख श्रद्धा और भक्ति भाव से अपने संतानों की दीघार्यु के लिये और सुख, समृद्धि तथा यश वैभव के लिये माताओं ने जीवितपत्रिका की पूजा अर्चना की। इस दौरान सामूहिक रूप से पीपल की डाली को आंगन में स्थापित कर इसके समक्ष बैठकर पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना की पूजा अर्चना कराया गया। पूजा के महत्व को बताते हुए पुरोहितों द्वारा प्रकाश डाला गया।और बताया गया कि इस व्रत के करने से उनके संतानों की सभी तरह की विघ्न बाधा दूर होती है।और सन्तान दीघार्यु होते हैं।जीवित्पुत्रिका व्रत को करने वाले माताओं को 24 घंटे का निर्जला उपवास रखना पड़ता है। जिसे पूजा करने उपरान्त ही पारण कर अन्न जल ग्रहण करती है। सुबह में पूजा किया हुआ पीपल डाली को सामूहिक रूप से महिलाओं द्वारा विसर्जन की जाती है। साथ ही महिलाओं द्वारा रात्रि के समय सामूहिक रूप से ढोल, मांदर और नगाड़ा से नाच गाना गीत संगीत आयोजित किया जाता है। और लोग उत्सव मनाते हुए महिलाएं अपना खुशी का इजहार करती है।

## संतान के दीर्घायु व सुखी जीवन की कामना के लिए माताओं ने किया जिउतिया का व्रत

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के एमएलए रोड़, पिपल चौक, दुर्ग मन्दिर, प्रेमनगर सहित सभी गांवों की माताओं ने अपने-अपने बच्चों की सुख,समृद्धि ऐश्वर्य और लंबी उम्र के लिए निर्जला जीवित्पुत्रिका व्रत रखा।सभी माताए उपवास कर नदी तालाब पहुंचकर स्नान ध्यान कर पुत्र पुत्री और स्वजनों की सुख समृद्धि और दीघार्यु के लिए मंगल कामना की। लोकमान्यता के अनुसार महिलाएं अपने पुत्र के दीघार्यु जीवन और सुख शांति समृद्धि के लिए 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर जीवित्पुत्रिका व्रत करती हैं। भाद्र कृष्ण पक्ष के अष्टमी तिथि की शाम घर के आंगन में पंडित, पुरोहित और पाहन द्वारा स्थापित जिउतिया पेड़ की डाली की श्रद्धा भक्ति आस्था और विश्वास के साथ पूजा की जाती है। पूजा में आठ तरह के हरी सब्जी के अलावे खीरा, वस्त्र, रोली, चंदन, मौली धूप, नैवेद्य फूल अक्षत और गंड़न आदि की जरूरत पड़ती है। इस त्योहार में खीरा का विशेष महत्व होता है। जितिया व्रत की पूजा महिलाओं के लिए बेहद ही खास महत्व रखता है।

क्योंकि इस दिन माताएं अपनी संतान की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रख भगवान से प्रार्थना करती हैं। इसे जिउतिया या जिवित्पुत्रिका व्रत भी कहा जाता है। इस दिन माताएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं और फिर शाम में विधि विधान से पूजा करते हैं और जितिया की कथा भी सुनती हैं। जितिया व्रत की शुरूआत नहाय खाय के साथ होती है। इस दिन महिलाएं सुबह स्नान कर एक समय भोजन करती हैं। इसके बाद अगले दिन निर्जला व्रत रहती हैं। शाम में जितिया की पूजा करती हैं और कथा सुनी जाती है। इसके बाद अगले दिन सूर्योदय के बाद व्रत का पारण किया जाता है। जितिया व्रत के पारण से पहले विधि विधान से पूजा की जाती है फिर भात, मरूआ की रोटी और नोनी का साग आदि चीजें खाकर व्रत खोल लिया जाता है।



## न्यूज बॉक्स

### मंईयां सम्मान योजना के तहत विद्यालयों व कॉलेजों में शिविर, सैकड़ों छात्राएं लाभान्वित



**गुमला।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार गुमला जिले के विभिन्न उच्च विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 18 से 21 वर्ष की छात्राओं को योजना का लाभ देने के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी करवाई गई। इस योजना के तहत झारखंड सरकार 18 से 21 वर्ष की युवतियों को हर माह ₹1000 की आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। शिविरों में संत जोसेफ इंटर कॉलेज नवाटोली, महिला महाविद्यालय गुमला, कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय सिसई सहित कई संस्थानों की सैकड़ों छात्राओं ने आवेदन जमा किए। जिले की कोई भी महिला इस कल्याणकारी योजना से वंचित न रहे, इस उद्देश्य से गुमला, सिसई, घाघरा, और बसिया समेत विभिन्न स्थानों पर शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

### परिवर्तन संकल्प यात्रा में शामिल होंगे शिवराज व रवि किशन, होगा भव्य रोड शो और जनसभा

**गुमला।** भाजपा द्वारा आयोजित राज्यव्यापी परिवर्तन संकल्प यात्रा में केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 26 सितंबर 2024 को शामिल होंगे। वे सिसई में दोपहर 3 बजे संकल्प रथ यात्रा के साथ रोड शो करेंगे और शाम 5 बजे गुमला नगर में शहीदों को श्रद्धांजलि देकर जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, रायडीह प्रखंड के बैरियर बगीचा मांझाटोली में दोपहर 12 बजे गोरखपुर के सांसद और सिने स्टार रवि किशन रोड शो करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा की इस यात्रा का उद्देश्य राज्य में बदलाव के लिए जनसमर्थन जुटाना और पार्टी के चुनावी प्रचार को गति देना है। परिवर्तन संकल्प यात्रा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और आमजन के शामिल होने की उम्मीद है, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इसकी जानकारी भाजपा नेता यशवंत सिंह ने दी।

### सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन शुरू प्रथम चरण में 3000 स्थान होंगे रोशन



**गुमला।** गुमला जिले के दूरस्थ क्षेत्रों को सोलर स्ट्रीट लाइट से रोशन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन की अनुशंसा पर झारखंड सरकार के जरेडा, ऊर्जा विभाग द्वारा जिले के 387 गांवों में कुल 2015 सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन किया जा रहा है। इसके अलावा, जिला योजना विभाग द्वारा भी 1224 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना बनाई गई है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि जिले के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रथम चरण में लगभग 3000 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाएंगे। शेष आवेदनों पर अगले चरण में कार्यवाही की जाएगी, जिससे पूरे जिले को ऊर्जा के इस स्वच्छ स्त्रोत से लाभान्वित किया जा सके।

### सदर अस्पताल परिसर में फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया



**लोहरदगा।** झारखंड फार्मासिस्ट एसोसिएशन लोहरदगा के द्वारा सदर अस्पताल परिसर में फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। ज्ञात हो की पहली बार विश्व स्तर पर 2013 में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के रूप में मान्यता मिली है। 25 सितंबर के दिन प्रतिवर्ष फार्मासिस्ट दिवस पूरे विश्व में पूरे उत्सव के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश्वर महतो ने सभी फार्मासिस्टो को धन्यवाद देते हुए कहा की सरकार फार्मासिस्टों को उचित प्रतिनिधित्व देने में फेल है। जहां दवा वहां फार्मासिस्ट के तौर पर फार्मासिस्टों की नियुक्ति होनी चाहिए लेकिन सरकार विफल रही है इसे हम निंदा करते हैं। इस अवसर पर उमा कांत,मिथिलेश कुमार महतो, नंदलाल पंडित, गायत्री महतो, रुहुल अमीन, सोहेब नजीर, तहसीन फारूक, कैसर अंसारी, वकार अहमद, सैयद शाहनवाज, शाहनवाज अंसारी, रेनू प्रजापति, साईदा फातिमा, रिजवाना खातून, सौरभ कुमार, अभिलाष कुमार गौरव, विवेक रंजन, गौतम राज, आकाश गिरी एवं अन्य फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी की पहल से ट्रांसफार्मर लगा



**लोहरदगा।** पिछले एक हफ्ते से 63 किलोवाट का ट्रांसफार्मर तिवारी दुरा वार्ड नंबर 20 में खराब पडा हुआ था। इस इलाके के लोग किसी तरह अंधेरे मे रह रहे थे। आजसू छात्र संघ के जिला अध्यक्ष आयुष मेहता के आग्रह पर लोहरदगा विधानसभा प्रभारी केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत के प्रयास से इस क्षेत्र में फिर से नई ट्रांसफार्मर लगाई गई। इसके बाद इस क्षेत्र के लोगों में खुशी है। ट्रांसफार्मर लगाते समय बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और आजसू पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए गए। मौके पर विशाल कुमार महतो, मिथलेश कुमार, सोनू राजकुमार, सुबोध कांत मोर्य, विनय महतो, राजू महतो, विकास महतो, अनिल महतो, संटू महतो एवं मोहले वाशी आदि उपस्थित थे।

### अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो ने संभाला कार्यभार

**गुमला।** राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार जिले की नव पदस्थापित अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो ने आज अपना कार्यभार संभाला। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो को योगदान समर्पित करते हुए स्थानांतरित पदाधिकारी पियूष कुमार से प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ज्योति खलखो ने बताया कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समग्र शिक्षा की गतिविधियों को और सशक्त बनाने के लिए कार्य करेंगी। साथ ही, उपायुक्त गुमला द्वारा की जा रही नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से सहयोग करेंगी। मौके पर शिक्षा परियोजना कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### 30 दिव्यांगों के बीच ट्राईसाइकिल व अन्य उपकरणों का वितरण



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड परिसर में बुधवार को 30 दिव्यांगजनो के बीच ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, ब्लाइंड स्टिक, श्रवण यंत्र, स्टिक आदि उपकरणों का किया गया वितरण। इस मौके पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के लोगों को आगे बढ़ाना चाहती है। केंद्र और राज्य सरकारों की प्राथमिकता में दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करना भी शामिल है। दिव्यांग ट्राईसाइकिल के माध्यम से न सिर्फ एक स्थान से दूसरे स्थान पर अपने कार्य से आसानी से जा सकेंगे बल्कि ट्राईसाइकिल से वह छोटे स्तर का रोजगार भी कर सकेंगे। वही चलने फिरने से लाचार दिव्यांगों को बुधवार को ट्राई साइकिल मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### एटीएम से 25 लाख की चोरी मामले का अब तक खुलासा नहीं

**बसिया।** सदर थाना क्षेत्र के कोनबीर स्थित एसबीआई एटीम से 25 लाख रुपयों की चोरी के मामले अभी तक का उद्भेदन नहीं हो पाया है। इस घटना को लगभग एक माह बीत चुका है और अभी तक इस संबंध में कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूरी गंभीरता से इस मामले का अनुसंधान जारी है और बहुत जल्द अपराधी पुलिस की गिरफ्त में आ जाएंगे। इस क्षेत्र विशेष में यह अपनी तरह का पहला मामला है और यहाँ के मुख्य बाजार से सरेआम इतनी बड़ी घटना के घटित होने के से आम लोग अभी भी सकते में हैं।

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने 81 योजनाओं का उद्घाटन व 40 का किया शिलान्यास

# लोहरदगा के विकास के लिए तत्पर हूं : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला परिषद कार्यालय परिसर में विभिन्न 81 योजनाओं का उद्घाटन वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने फीता काटकर किया। इन योजनाओं की प्राक्कलित राशि 2,66,21000 रू (दो करोड़ छियासठ लाख इक्कीस हजार रुपए) है। मौके पर मंत्री और पूर्व सांसद द्वारा 40 योजनाओं, जिनकी प्राक्कलित राशि 2,11,95000 रू (दो करोड़ ग्यारह लाख पंचानबे हजार रुपए ) है, का शिलान्यास भी किया गया। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य हो रहा है। अभी 81 योजनाओं का उद्घाटन हुआ है, जल्द ही अन्य योजनाएं भी पूरी हो जाएंगी। जल्द ही अन्य पूरी हो जाने वाली योजनाओं का भी शुभारंभ होगा। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की विधायक निधि जनता का है और यह लोहरदगा की जनता के विकास के लिए समर्पित है ।विधायक निधि से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया गया है ताकि जनता की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। जिसमे सभी वर्गों के समुचित सुविधाओं का ध्यान रखा गया है और आधारभूत संरचना का निर्माण किया गया है। मैं लोहरदगा के विकास के लिए तत्पर हूं। पूर्व सांसद धीरज साहू ने कहा कि लोहरदगा में युवा अधिकारी बेहतर कार्य कर रहे हैं। इनके नेतृत्व में योजनाएं पूर्ण हो रही हैं। कहा कि रामेश्वर उरांव बेहतर कार्य कर रहे हैं। जब से इनको लोहरदगा की सेवा करने का मौका मिला इन्होंने इसे बखूबी पूरा किया है। विधायक निधि के माध्यम से इन्होंने क्षेत्र का विकास किया है। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी,जिप सदस्य संदीप गुप्ता, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा सोरेंग, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला अभियंता तारिणी प्रसाद मुखिया, विनोद खेरवार, विशाल डुंगडुंग, मुनीम अंसारी, समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



## मंत्री डॉ उरांव व पूर्व राज्यसभा सदस्य साहू ने दो आरईओ पथों का किया शिलान्यास

**लोहरदगा।** बुधवार को स्थानीय विधायक सह मंत्री रामेश्वर उरांव व पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड कैरो के ग्राम हनहट में मदरसा चौक से एडादोन तक 17 किलोमीटर एवं प्रखंड किस्को के ग्राम पतरातु से आराहसा तक आर ई ओ पथों के सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि विगत कई वर्षों से यह सड़क क्षतिग्रस्त थी जिससे ग्राम वासियों का आवागमन बाधित हो रहा था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता ने मुझे इससे अवगत कराया था। तुरंत संज्ञान के पश्चात इस पथों का शिलान्यास किया जा रहा है। जल्द ही इस क्षेत्र में पथ निर्माण के साथ आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा और राहगीरों, आम जनों, व्यापारियों, को इसका लाभ होगा और यात्रा सुगम होगी समय की बचत होगी। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा की स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से लोहरदगा जिले में विकास कार्य तेजी से हो रहा है सड़को का जाल बिछाया जा रहा है। यहां की जनता की मांग थी कि जर्जर सड़क को जल्दी बनाया जाय और आज शिलान्यास किया गया। हमारा प्रयास है कि लोहरदगा की जनता खुशहाल रहे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप सदस्य संदीप कुमार गुप्ता,तनवीर गौहर,नुसरत अंसारी,विशाल डुंगडुंग,युनुस अंसारी, सत्यदेव भगत,इंतखांब आलम,उल्फत अंसारी, अरशद अयुब,मुजामिल अंसारी,हलीम अंसारी,कैश आलम,निश्चय वर्मा, महफिज मिरदाहा आदि उपस्थित थे।

भाजपाइयों ने मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

## कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य : पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भाजपा द्वारा बुधवार को कुशल संगठनकर्ता सह भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे व देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा देने वाले समावेशित विचारधारा के समर्थक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108 वी जयंती मनायी गई। मौके पर छत्तीसगढ़ के सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर जन कल्याणकारी योजनाओ को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुचाना है। इस विचार को पंडित दीनदयाल उपध्याय ने लाया जिसे भारतीय जनता पार्टी ने अपना मिशन बना लिया। आज समाज में समरसता के साथ वह धरातल पर भाजपा की सरकार मोदीजी के नेतृत्व में कर दिखाया है। छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक सियाराम साहू ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जीवन प्रणाली, कला, साहित्य, दर्शन सब भारतीय संस्कृति है। इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है। इस संस्कृति में निष्ठा रहे तभी भारत एकात्म रहेगा। इसे अनुसरण करते हुए कई सांस्कृतिक विरासत भाजपा की सरकार मोदीजी ने जीवंत कर खूबसूरती प्रदान की है।

### गुमला में रोजगार मेले का आयोजन 28 को

**गुमला।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, गुमला द्वारा 28 सितंबर 2024 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला गुमला नगर भवन में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के बेरोजगार युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करना है। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा 602 से अधिक रिक्तियों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। इन पदों में शिक्षक, ऑपरेटर, मैकेनिक, फील्ड ऑफिसर सहित अन्य कई महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, वोटर आईडी और पासपोर्ट साइज फोटो जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं। सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से समय पर उपस्थित होकर रोजगार के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## मसना स्थल खुदाई पर आदिवासी समाज में रोष, कराई प्राथमिकी

*मसना स्थल खुदाई मामले में एक ही परिवार के पांच सदस्य नामजद, दामाद द्वारा मामले को दिया गया तूल*

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** मसना स्थल खुदाई के बाद आदिवासी समाज नाराजगी जताते एक ही परिवार के पांच सदस्यों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कानूनी कारवाई का मांग किया। विदित हो कि मामला सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की कुम्बा टोली ग्राम में सिंह परिवार के द्वारा घटना को अंजाम दे आदिवासी समाज को ठेस पहुंचाने का कार्य किया गया था। जिसको लेकर मुर्की कुम्बा टोली ग्राम का आदिवासी समाज के नेतृत्व में बैठक कर विचार विमर्श कर सेन्हा थाना को आवेदन देते हुए घटना से अवगत कराया गया। आवेदन के माध्यम से आदिवासी समाज के लोगो ने बताया कि बीते 26 अगस्त को समय लगभग 1:15 बजे मिथलेश सिंह पिता नगेन्द्र सिंह मुर्की निवासी रामबीर सिंह का दामाद ने अपने ससुराल के निजी जमीन का सीमांकन के दौरान मसना स्थल का खुदाई कर जमीन अधिग्रहण करने का प्रयास किया जा रहा था। तभी ग्रामीणों द्वारा आपत्ति जताने पर गली गलौज करते हुए परिवार के साथ मिलकर आदिवासियों के धरोहर के साथ खिलवाड़ किया गया है। और बर्बाद करने का धमकी भी दिया गया है। वहीं आदिवासी समाज की ओर से प्राप्त आवेदन के आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार ने मामला को संज्ञान में लेते हुए पांच नामजद के विरुद्ध कांड संख्या 86/24 दर्ज कर मिथलेश सिंह पिता नगेन्द्र सिंह, अरुण सिंह, परमेश्वर सिंह, कौशल सिंह तीनो के पिता रामवीर सिंह तथा रामवीर सिंह पिता स्वर्गीय गणेश सिंह पंचों नामदज के विरुद्ध पुलिस कारवाई आरम्भ कर दिया गया।

## चैनपुर में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की हुई शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों तक पहुंचना आज भी लोगों के लिए एक चुनौती है। आज भी इन ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शहरों तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है या फिर समय से ही सुबह और शाम के वक्त सिर्फ परिवहन की सुविधा उपल्बध हो पाती है। यातायात सुविधाओं में कमी के कारण इन क्षेत्रों के बच्चे बेहतर शिक्षा हासिल करने के लिए रोज शहर नहीं जा पाते हैं या फिर काम करने के लिए रोज शहर नहीं जा पाते हैं। लोगों की इन परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से झारखंड में मुख्यमंत्री गाड़ी ग्राम योजना की शरुआत की गई है। इसी के तहत चैनपुर में मंगलवार को झामुमों के जिला उपाध्यक्ष सह जिला बिस सूत्री सदस्य सुशील दीपक मिंज ने फीता काटकर ओहदार नामक बस की शुरूआत की है जो चैनपुर प्रखंड के घोरहठी गांव से बसिया तक चलेगी।

उन्होंने कहा कि इस बस के चलने से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए शहर तक या मुख्यालय तक पहुंचना आसान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वाहन में झारखंड आंदोलनकारी, छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग और एचआईवी संक्रमित लोग मुफ्त में यात्रा कर सकेंगे इस पहल से शहर और गांव के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी। आवागमन में सुविधा होने से गांव और शहरों के बीच की दूरी कम हो जाएगी। इससे गांवों के विकास में तेजी आयेगी।

# शंख नदी के बीचो-बीच सड़क पर पहुंचे जंगली हाथी, घंटों खड़े नजर आए

**नवीन मेल संवाददाता**

**जारी।** चैनपुर अनुमंडल के जारी चैनपुर मुख्यमार्ग में शाम के करीब 4:00 बजे चैनपुर व जारी सीमावर्ती क्षेत्र स्थित शंख नदी जंगल के बीचो-बीच सड़क पर जंगली हाथी निकलकर घँटों खड़े हो गए।जिससे राहगीरों का आना जाना बंद हो गया। इसके बाद राहगीर जंगली हाथी के साथ छेड़छनी करने लगे। जिसकी सूचना चैनपुर वन विभाग को दिया गया।वन विभाग हरकत में आते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभालते हुए ग्रामीणों को समझाने के साथ-साथ जंगली हाथी को बम पटाखे के द्वारा जंगल के अंदर घुसाया गया। जिसके बाद सड़क पर चलने वाले राहगीरों को आना-जाना शुरू किया गया। साथ ही प्रभारी वनपाल बुधदेव बड़ाइक ने कहां की इतने बड़े जानवर से कोई भी उल्टा पुल्टा हरकत ना करें। वरना कुछ भी घटना घट सकती है। यदि सड़क पर आते जाते जंगली हाथी मिल भी जाते है।जंगली हांथी को सड़क पार करने के बाद ही राहगीर आगे बढ़े यदि सड़क के बीचो बीच जंगली हाथी निकलती है तो तत्काल वन विभाग को इसकी जानकारी दी जाए। ताकि वन विभाग की टीम पहुंचकर कार्रवाई कर सके। जंगली हाथी से बचाव के लिए बहुत से रास्ते हैं ना कि उसे इट पत्थर से मार कर गुस्सैल बनाएं। जारी-जारी,चैनपुर सीमा स्थित श्रीनगर जंगल में जंगली हाथियों का अड्डा बना हुआ है। जंगली हाथी पिछले कई सालों से इसी इलाके में अपना डेरा जमाया बैठे हुए हैं। जिससे आसपास के गांव में तांडव मचाते रहते हैं। कभी किसी का घर ध्वस्त करते है।तो कभी किसी का अनाज को चट कर जाते हैं। पिछले कई दिनों से रोजाना शाम ढलते ही जंगली हाथी जंगल से निकलकर चैनपुर, जारी मुख्य मार्ग पर घंटो खड़े रह जाते हैं। जिससे राहगीरों को घंटो खड़े होकर जंगली हाथी को सड़क से हटने का इंतजार करना पड़ता है। सड़क से जंगली हाथी हटते हैं। तब जाकर राहगीरों का परिचालन शुरू होता है। श्रीनगर, चटकपुर, कोड़ी, जर्मना, गांव के ग्रामीण बताते हैं कि हमारे छोटे-छोटे बच्चे चैनपुर के विभिन्न स्कूलों में पढ़ाई करने जाते हैं। छुट्टी होते ही वापस जब आते हैं। तो कई बार ऐसा हुआ है। जंगली हाथी सड़क पर आ जाते हैं। इसके बाद बच्चे इधर-उधर भागना शुरू करते हैं। जिसके चलते कभी भी बड़ी हादसा हो सकती है।



### बरकनगांगों में विधायक ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

# क्षेत्र में सड़क निर्माण, विद्यालय उन्नयन समेत कई विकास कार्य जारी हैं : विधायक



*सीजीएल की परीक्षा में झारखंड सरकार ने दो दिन इंटरनेट बंद कर दिए, फिर भी लीक हुआ पेपर*

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरकनगांगों में सड़क निर्माण का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव ने नारियल फोड़ कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा में सड़क निर्माण, विद्यालय उन्यन्न कार्य समेत अन्य विकास कार्य की जा रही है।उन्होंने कहा कि बरकनगांगों में ग्रामीणों द्वारा विगत कई वर्षों से यह मांग थी जो आज पुरा हुआ। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बरकनगांगों से गैड़ा भाया शमशान घाट तक पथ निर्माण 4करोड़ 12लाख की लागत से शिव लिंगम कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड के संवेदक दिनेश मेहता के द्वारा की जाएगी। साथ ही शिलान्यास के दौरान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने हरा कार्ड बनवाया लेकिन राशन नहीं दिया। सीजीएल का इग्जाम में झारखंड सरकार ने दो दिन इंटरनेट बंद कर दिया। उसके बावजुद हजारीबाग, दुमका से पेपर लीक हो गया। इसलिए इस बार भ्रष्ट सरकार को उखाड़ कर कमल को खिलाना है।वहीं मंच संचालन उमेश पासवान ने किया। इस मौके पर मुखिया बसंती देवी, उप मुखिया दुलारचंद पासवान, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद यादव, भाजपा नेता इंद्रदेव प्रसाद यादव, सरयू प्रसाद, रत्न पासवान, ध्रुव बर्नवाल, रीतलाल प्रसाद, राजू कुमार पासवान, रतन पासवान, गंगाधर रजक, बद्री पंडित, तुलसी प्रसाद चौधरी नंदलाल पासवान नृपत राणा समेत सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

# मलेशिया में फंसे मजदूर ने सरकार से वापसी की लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी** झारखंड के हजारीबाग,गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिले के मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला जारी है.झारखंड के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर मलेशिया से सामने आया है.इस बार झारखंड के 70 प्रवासी मजदूर मलेशिया में फंसे हुए हैं.पिछले चार माह से मजदूरों को कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है.मजदूरों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है.मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपनी दुर्दशा बताई है और सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है.साथ ही उन्होंने बकाया वेतन के भुगतान की मांग भी की है.केंद्र और राज्य सरकार से मदद की अपील की है इधर प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकंदर अली ने भारत सरकार और राज्य सरकार से मजदूरों की मदद की अपील की है.उन्होंने कहा कि रोजगार की कमी के कारण झारखंड में हर दिन कहीं न कहीं से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं.लोग रोजी-रोटी की तलाश में विदेश जाते हैं,वहां उन्हें प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है.

### अबुआ आवास में बबुआ लोगों का हो रहा है खेल

# आवास के नाम पर 20-20 हजार वसूलने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** इन दिनों झारखंड में अबूआ आवास में बबुआ लोगों का खेल चल रहा है. इस योजना में सरकारी बाबुओं के साथ - साथ बिचौलिए भी जमकर हावी हैं. रुपए नहीं तो पाठा ही दे दीजिए लेकीन घुस तो देना ही पड़ेगा. बिचौलिए को दीजिए या हमको दीजिए,कैश दे दीजिए या ऑनलाइन दे दीजिए लेकिन घूस तो देना ही पड़ेगा. अबुआ आवास के नाम पर एक गरीब से एक बिचौलिया बकरे की मांग करता है और वह गरीब आवास लेने के लिए मजबूर होकर बकरा भी दे देता है.आखिर गरीबों से लूटने की ये कैसी व्यवस्था है. अगर यह आरोप सच है तो समझिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना में किस कदर लूट मचा हुआ है. मुखिया, पंचायत सचिव के साथ-साथ इस योजना में बिचौलिए भी पूरी तरह से हावी हैं. ताजा मामला तिसरी प्रखंड के लोकाय पंचायत का है. जहाँ से कुल 8 महिलाओं ने स्थानीय मुखिया और पंचायत सेवक द्वारा अबुआ आवास के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है. ग्रामीण सोसाना हेमब्रॉम पति तालो हेमब्रॉम, रतनी बास्के पति बड़कू सोरेन,सांझली हंसदा पति सांझला सोरेन, तालो हेमब्रॉम पति तालो सोरेन,बसंती हेमब्रॉम पति मनोज बेशरा, छोटू बेसरा पिता संजूल बेसरा ने मुखिया अनीता हेमब्रोम और पंचायत सेवक प्रभु हाजरा पर अबुआ आवास योजना के नाम पर 20000 मांगने का आरोप लगाया है. इनमें से तीन लोगों ने मुखिया को फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन 7000, 4000 और 1000 देने की भी बात कही। इस बाबत सोनी देवी ने कहा कि आवास के नाम पर उनसे पंचायत सेवक द्वारा 12000 की मांग की गई थी. जिसमें से जिओ टैग के समय उन्होंने ऑनलाइन 1000 दिया और 10000 कैश दिया.छुटकी हेमब्रम ने बताया कि बिचौलिया द्वारा आवास के लिए उनसे बकरा मांगा गया था.उन्होंने बकरा भी दिया और उन्हें आवास भी नहीं मिला. इस मामले को लेकर बुधवार को माले नेता जयनारायण यादव, राजकुमार यादव, नारायण यादव उपमुखिया लाटो रविदास के साथ सभी शिकायतकर्ता प्रखंड कार्यालय पहुंचे.

# वन विभाग ने अवैध ढिबरा लदे वाहन को किया जब्त



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड के पटना बल्हारा पथ पर भीखी घाटी के पास वन विभाग के द्वारा अवैध ढिबरा लदे पिकअप वाहन को जब्त किया गया। विभाग को सूचना मिली थी कि प्रतिदिन रात के अंधेरे में उक्त पथ से अवैध रूप से ढिबरा को कोडरमा भेजा जाता है। सूचना पर डीएफओ मनीष कुमार तिवारी व रेंजर अनिल कुमार के द्वारा उक्त पथ में गश्ती अभियान चलाया गया। रात्रि करीब 12 बजे पिकअप वाहन को जब वनकर्मियों ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर खलासी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की और भाग गए। बाद में वन कमीयो ने अवैध ढिबरा लदे पिकअप जब्त कर वन विभाग कार्यालय ले आई। मामले में रेंजर अनिल कुमार ने कहा कि ढिबरा लदे पिकअप को जब्त किया गया है। वाहन मालिक व ढिबरा व्यवसाई की जांच पड़ताल की जा रही है। जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सूरत में अवैध उत्खनन नही होने देंगे।


**उपायुक्त का कार्यालय (समाज कल्याण शाखा) लातेहार।**
विकास भवन, प्रथम तल, समाहरणालय परिसर, लातेहार पिन–829206 झारखंड
Email ID- latehardswo@gmail.com ; dswolatehar@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य योजनान्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित 03 से 06 वर्ष के बच्चों का शीतकाल में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से बच्चों को गर्म पोशाक, हुडी (Winter Uniform: Hoodie) उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त आवंटन से लातेहार जिला अन्तर्गत सभी 07 (सात) बाल विकास परियोजनाओं के 962 आंगनबाड़ी केन्द्रों में आपूर्ति हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता / संस्थान / निर्माता से मुहर बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति किए जाने वाले गर्म पोशाक (Winter Uniform: Hoodie) के गुणधर्म निम्नवत् निर्धारित है :–

Annexure - I

| Sl. | Particulars | Specification |
|---|---|---|
| 01 | Sweater Quality | Unisex |
| 02 | Colour | Maroon |
| 03 | Material (Blend Composition) | Acrylic – 100% (±2%) |
| 04 | Yarn | High Bulk Yarn |
| 05 | Neck Type | Hoodie |
| 06 | Sleeve | Full regular sleeve |
| 07 | Weight | 225 gm & above |
| 08 | Shrinkage or elongation on Washing (max) | 4% or Better |
| 09 | Colour fastness to Light | 4% or Better |
| 10 | Colour fastness to Washing | Change in colour 3 or Better, Stain on Adjacent Fabric 3 or Better |
| 11 | Logo (Stitched/ Pasted in Color on Left Side of Hoodie – size 1"x1") | आंगनबाड़ी चलो अभियान-2024 जिला- लातेहार। |
| 12 | Size | For Children's of AWC age Group Between 3-4 Yrs, 4-5 Yrs & 5-6 Yrs |

निविदादाता द्वारा Double Envelop system पद्धति के अनुरूप मुहरबन्द अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में दिनांक 04.10.2024 को अपराह्न / पूर्वाह्न 05:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्त निविदा को दिनांक 05.10.2024 को अपराह्न / पूर्वाह्न 12:00 बजे गठित जिला क्रम समिति / निविदा निस्तारण समिति द्वारा निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा, नियम एवं शर्तें जिले के वेबसाईट www.latehar.nic.in एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार।

PR 336906 (Women, Child Development & Social Security) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०–02,गढ़वा**

ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/05/2024-25/RE(2nd Call)
PR 330575 Rural Development (24-25)D

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–रक्सी, ग्राम–रक्सी में देवी मण्डप से दुलवा सीमा के पास हड़बडिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण | 2,70,63,240.00 | 5,42,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 58.08 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–26.09.2024 से दिनांक–02.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–04.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 336989 Rural Development(24-25).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**Very Short Term e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No- 9/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 918 Dated:- 23.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of RCC Drain & Hard Shoulder of Both side In Hilly Area of Chainpur - Ramkanda Road Under Chainage 10.500 to 11.00 km for the year 2024-25. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 59,91,416.00 (Rupees Fifty Nine Lacs Ninety One Thousand Four Hundred Sixteen) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 1,20,000.00 (Rupees One Lac Twenty Thousand) Only. |
| 4. | Time of Completion | 03 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 30.09.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 07.10.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 09.10.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj.06562&225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 336902 Road (24-25)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, MEDININAGAR**
Jailhata, Near Railway Crossing, Daltonganj, Dist.-Palamau-822101
Ph. No. 06562- 231237, E-mail Id- eenhmedini-jhr@nic.in, eenhmedini@gmail.com

**Very Short Term Notice Invitation for Quotation**
(3rd Call)
**Quotation Ref. No. NH/MEDININAGAR/01/2024-25 Dated : 24.09.2024**

**Name of work: Hiring of Commercial Vehicles of One No. of Innova (In well condition)/equivalent on monthly hire basis for the O/o Executive Engineer, National Highways Division, Medininagar officials - Reg.**
**Time Period:**One year likely to be extendable up to a maximum period for Two (02) years and on same terms and conditions.

Sealed Quotation are hereby invited from established, experienced and reputed individuals, firms/ Organizations and other agencies having adequate experience in execution of such works.

The blank BOQ and terms & conditions for the above may be obtained from the office of the undersigned on any working day from **27.09.2024 to 04.10.2024** on 05:00 PM office hours by submitting a copy of online receipt towards payment of cost of document of Rs. 500/- (Rupees Five Hundred only/-) on NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/Ministry Info.aspx through Pay & Account Office Code : 034756- PAO(NH)- Kolkata and Drawing & Disbursing Office (DDO) Code : 202122-Regional Officer, Ministry of Road Transport Highways.

The duly filled quotation in sealed envelope can be submitted in the office of the undersigned up to 03:00 PM on **05.10.2024**. The quotation will be opened on **05.10.2024** at 03:30 PM in the presence of intending quotationers or its authorized representatives, who choose to remain present.

This office reserves the right to reject all Quotations and cancel the Quotations without assigning any unavoidable reasons.

**Executive Engineer**
**National Highways Division, Medininagar**
**Ph: 9006954612**

PR 337117 District(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/16/2024-25(2ND CALL)
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत चेताग ग्राम सेमरसोत में चरकी डोकी बांध के पास पुल निर्माण। | 9948644 | 199000 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.09.2024 से दिनांक 05.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 336947 Rural Development (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/05/2024-25/RE_3
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_1 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड पंचायत सोहर ग्राम चोरमुण्ड़ा में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 2 | Gr_2 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड पंचायत ओरसा ग्राम कुकुद पाट में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.09.2024 से दिनांक 05.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.10.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 336963 Rural Development(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।**
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/18/2024-25, दिनांक–23.09.2024

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड मेराल के ग्राम हसनदाग में मेराल पथ से चार मुहान हरिजन टोला मध्य विधालय होते हुए चरक पथली लगमा जरही पथ तक 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 43,20,000.00 | 86,500.00 | 5000.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–25.09.2024 से दिनांक–01.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–04.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02,
गढ़वा।

PR 336960 Rural Development(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/13/2024-25(2ND CALL)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_2 | लातेहार जिला के प्रखण्ड चन्दवा पंचायत माल्हन ग्राम देवनदिया स्कूल से लेकर सरना तक नाली निर्माण। | 1293200 | 25900 | 2500 | 3 माह |
| 2 | Gr_3 | लातेहार जिला के प्रखण्ड चन्दवा पंचायत माल्हन ग्राम माल्हन में केकराही रामजीत गंझू के घर से लेकर देवनद नदी तक नाली निर्माण। | 142400 | 2900 | 500 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.09.2024 से दिनांक 05.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.10.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 336949 Rural Development(24-25).D

> मैं दूसरों से कुछ अपेक्षा नहीं रखता, अतः दूसरों के कार्य मेरी इच्छा के विपरीत नहीं हो सकते। - **श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, "योगी कथामृत" में**



संपादकीय

# गांव हो सशक्त व सभी के सोच में हो बदलाव

हम सभी समानता और समान अवसर की बात करते हैं जो संविधान की मूल अवधारणा है। समाजवाद की परिभाषा के अनुसार, यह एक ऐसी राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था है, जिसमें उत्पादन के साधनों और संपत्ति पर सार्वजनिक स्वामित्व होता है और सरकार द्वारा यह नियंत्रित नहीं किया जाता है। इसका मूल सार यह है कि उत्पादन के साधनों का सार्वजनिक स्वामित्व समाज में समानता लाने में अहम भूमिका निभाता है। दुनिया के अनेक देशों में इसे विकास का सबसे बेहतर सिद्धांत माना जाता है। वैसे, भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया गया है। अर्थात यहां उत्पादन के साधनों का स्वामित्व सरकारी और निजी, दोनों हाथों में है।

> **दुनिया के अनेक देशों में इसे विकास का सबसे बेहतर सिद्धांत माना जाता है। वैसे, भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया गया है। अर्थात यहां उत्पादन के साधनों का स्वामित्व सरकारी और निजी, दोनों हाथों में है।**

दूसरे शब्दों में कहें तो यह पूंजीवाद और समाजवादी सिद्धांतों का मिश्रण है। समाजवादी सिद्धांत के अनुरूप डॉ. लोहिया समावेशी विकास के समर्थक थे। वह देश के विकास में सभी लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना चाहते थे। यह तभी मुमकिन था, जब देश के सभी लोग आत्मनिर्भर हों, यानी कोई रोजगार करें या स्वरोजगार। व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र के भी वे पैरोकार थे अर्थात सभी लोग व्यक्तिगत तौर पर स्वतंत्र हों, अपने अधिकारों का इस्तेमाल करें, लेकिन साथ में कुछ निश्चित जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करें, क्योंकि तभी हमारा समाज और देश विकास के पथ पर आगे बढ़ सकता है।ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के तौर-तरीकों के बारे में महात्मा गांधी और डॉ. लोहिया की विचारधारा में समानता थी। डॉ. लोहिया के अनुसार, देश की ग्रामीण आबादी को सबल बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर व लघु उद्योगों की स्थापना करना आवश्यक है। डॉ. लोहिया का मानना था कि देश में पूंजी और तकनीकी कौशल की कमी है। इसलिए यूरोप या रूस की विकासात्मक रणनीति को अपनाकर भारत में विकास की गति को तेज नहीं किया जा सकता है। वे चाहते थे कि देश में गांधी जी के कुटीर उद्योग और नेहरू के भारी उद्योग के नजरिये के बीच का रास्ता अपनाया जाए, ताकि देश में समावेशी विकास को बल मिल सके। उनके अनुसार, कृषि और औद्योगिक विकास की गति में समानता हो, ताकि किसानों व ग्रामीणों को भी विकास की राह पर आगे लेकर बढ़ा जा सके। डॉ. लोहिया चाहते थे कि रेल, इस्पात आदि भारी उद्योग केंद्र सरकार की देखरेख में चलें, लेकिन कृषि आधारित उद्योगों का स्वामित्व एवं प्रबंधन जिलों, तहसील और गांवों पर छोड़ दिया जाए। वह युवाओं और महिलाओं को विशेष तरजीह देते थे। उनका मानना था कि युवा देश के कर्णधार हैं, क्योंकि वे एक लंबे समय तक देश के विकास में सहभागी बने रहते हैं। इसलिए उन्हें कौशलयुक्त बनाने की जरूरत है, ताकि वे बेरोजगार नहीं रहें और देश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में सतत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें। डॉ. लोहिया लिंग के आधार पर भेदभाव करने के सख्त खिलाफ थे। उनके अनुसार, शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को पुरुषों के बराबर का स्थान देकर लैंगिक भेदभाव की समस्या को जड़ से खात्मा किया जा सकता है। वह महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना चाहते थे। डॉ. लोहिया जानते थे कि भारत जैसे बड़े देश में वंचित तबकों की उपेक्षा नहीं की जा सकती है।

# पर्यावरण को स्वस्थ बनाकर ही मनुष्य का स्वास्थ्य संभव

हर साल दुनियाभर में 26 सितंबर को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है, पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना। हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण को बचाना कितना जरूरी है। जिस जगह हम रहते हैं, वहां पर्यावरण से जुड़ी हर चीज की देखभाल करना हर व्यक्ति का फर्ज होना चाहिए। हर बीमारी का उपचार प्रकृति एवं पर्यावरण में है। इस दिवस की 2024 की थीम है पर्यावरण स्वास्थ्य, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, औद्योगीकरण, शहरीकरण, वैश्वीकरण और प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिये गंभीर खतरा है। मनुष्य को घेर रही तरह-तरह की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण प्रकृति के प्रति लापरवाही एवं उपेक्षा है। ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, नदियों में गंदगी फैलाना, पशुओं को हानि पहुंचाना आदि पर्यावरणीय स्वास्थ्य के नुकसान पहुंचाने के कई कारण हैं। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े संकट की ओर ले जा रही है। इन संकटों के बीच प्राकृतिक पर्यावरण, वायु, जल, भोजन, आवास और समुदायों की गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है।



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

26 सितंबर, 2011 को इंडोनेशिया में आयोजित शिखर सम्मेलन में इस दिन की स्थापना हुई थी। यह दिवस लोगों को पर्यावरण के कई पहलुओं के बारे में शिक्षित करने का एक साधन है जो किसी न किसी तरह से स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकते हैं जैसे कि हवा और पानी की गुणवत्ता, ठोस अपशिष्ट निपटान, और खतरनाक पदार्थों का प्रभाव। यह दिवस मनुष्य स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ावा देने और सभी निवासियों के जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरण की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त साधनों की खोज से जुड़ा है। हानिकारक पर्यावरणीय कारक श्वसन पथ के संक्रमण या जलजनित रोगों सहित विभिन्न गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिये मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को समाप्त करने, नवीकरणीय ऊर्जा, कुशल स्वास्थ्यवर्द्धक ऊर्जा उपयोग और वनीकरण पर आधारित हैं। शमन का अर्थ है लोगों के व्यवहार को बदलना और सूखे का सामना करने वाली फसलों को विकसित करना और सिंचाई प्रणालियों में सुधार जैसे कठोर और नरम उपायों के माध्यम से उपयुक्त जलवायु के लिए पर्यावरण में आवश्यक संशोधन करना।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस



विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस इस बात की याद दिलाता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्राकृतिक दुनिया का संरक्षण नहीं है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा है। इसलिए, जब लोग समुदायों में एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो पर्यावरण के कारण होने वाली आपदाओं के बावजूद उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए अच्छे उपायों को अपनाना आसान हो जाता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इस दिन हम रुकें और इस बात पर विचार करें कि हम पर्यावरणीय स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बना सकते हैं और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए और अधिक प्रयास कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए हमें पर्यावरणीय स्वास्थ्य को सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भविष्य के मार्ग के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। यह दिन विशेष रूप से आधुनिक वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और उन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है जो दुनिया को लोगों और पर्यावरण दोनों के लिए एक बेहतर स्थान बनाने में मदद कर सकते हैं। इस दिन को सेमिनार, कार्यशाला, मीटिंग आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों द्वारा चिह्नित किया जाता है। यह लोगों, संगठनों और सरकारों को एक साथ आने और समुदाय के बेहतर और अधिक टिकाऊ रूपों को बनाने के लिए रणनीतियों पर विचार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह दिन पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को एक दूसरे से निकटता से जुड़ा हुआ मानता है। यह उल्लेखनीय है कि प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियाँ कई बीमारियों का मूल कारण हैं, उदाहरण के लिए, श्वसन रोग, जलजनित रोग और पुरानी बीमारियाँ। विशेषतः वायु प्रदूषण जानलेवा होता जा रहा है, जीवन की औसत आयु को कम कर रहा है। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की ललक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा, एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा? यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हालिया रिपोर्ट फिक्र बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये सक्रिय हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलक रही है। मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। ये स्थितियां मनुष्य एवं पर्यावरण स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को कहना पड़ा कि हमारी पृथ्वी एक तरह से जलवायु अराजकता की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि इंसानी सभ्यता के सामने अब सिर्फ 'सहयोग करने या खत्म हो जाने' का विकल्प बचा है। विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा। विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस को सार्थक सकेंगे। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## बच्चों की डिजिटल लाइफ पर नजर जरूरी

आज के बच्चे डिजिटल परिदृश्य में बड़े हो रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, लैपटॉप और गेमिंग कंसोल तक उनकी मुट्ठी में हैं। इंटरनेट उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। यह सच है कि ऑनलाइन दुनिया अंतहीन शैक्षिक और मनोरंजन के अवसर प्रदान करती है। डिजिटल क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा सर्वोपरि है। डिजिटल युग में बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना तथा सूचना तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण चुनौती है। इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ बच्चों को सीखने के अवसर और साइबरबुलिंग, शोषण और आपत्तिजनक सामग्री जैसे जोखिम दोनों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन सुरक्षा को संतुलित करने के लिए कानूनी ढांचे, माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी समाधानों को सम्मिलित करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। अनेक माता-पिता और बच्चों में पर्याप्त डिजिटल साक्षरता का अभाव होता है। इससे सुरक्षित ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करना और संभावित जोखिमों को समझना मुश्किल हो जाता है। देश में केवल 40 फीसद व्यक्ति बुनियादी डिजिटल कार्य करने में सक्षम हैं, इससे बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के प्रयास जटिल हो जाते हैं। बच्चे अकसर परिवार के सदस्यों के साथ डिवाइस का साझा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी और उन्हें विनियमन करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई ग्रामीण घरों में, साझा फोन के उपयोग से बच्चों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग की गई गतिविधियों को ट्रैक करना असंभव हो जाता है, जिससे उन्हें साइबरबुलिंग जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। कई प्लेटफार्मों पर मजबूत फिल्टरिंग तंत्र की कमी के कारण बच्चे अकसर ऑनलाइन अनुचित सामग्री के संपर्क में आते हैं। यू -ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों द्वारा एडल्ट कंटेंट तक पहुंचने की रिपोर्ट ने मजबूत सुरक्षा जरूरतों की आवश्यकता पर बल दिया है। साइबरबुलिंग और ऑनलाइन शोषण में वृद्धि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न करती है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में तीन में से एक बच्चे ने साइबरबुलिंग का सामना किया है, जिसके उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम देखे गए हैं। सरकारों को माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए डिजिटल साक्षरता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से नेविगेट करने में मदद मिल सके। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



प्रियंका सौरभ

समाज की बात

# गरीबों के 'ईश्वर', विद्या के सागर

बंगाल पुनर्जागरण के प्रमुख स्तंभ तथा नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को समाज सुधारक, दार्शनिक, शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक इत्यादि अनेक रूपों के स्मरण किया जाता रहा है, जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं। ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितंबर, 1820 को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में धार्मिक प्रवृत्ति के एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उनका बचपन का नाम ईश्वर चंद्र बंदोपाध्याय था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि उन्हीं के अनथक प्रयासों तथा दृढ़संकल्प के चलते ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेज वर्ष 1856 में विधवा पुनर्विवाह कानून पारित करने को विवश हुए थे। उसी के बाद भारतीय समाज में विधवाओं को नए सिरे से जीवन की शुरूआत कर ससम्मान जीने का अधिकार मिला ।उनके अथक प्रयासों से ही कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर कई बालिका विद्यालयों की स्थापना हुई और उन्होंने कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की ।



योगेश कुमार गोयल

'अपना काम स्वयं करो' सिद्धांत के प्रवर्तक ईश्वर चंद्र विद्यासागर नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। अपने क्रियाकलापों से उन्होंने लोगों को हमेशा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की सीख दी। अपने समाज सुधार अभियान के तहत उन्होंने स्थानीय बांग्ला भाषा तथा लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ कोलकाता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी। नारी शिक्षा के लिए गंभीर प्रयास करते हुए उन्होंने कुल 35 स्कूल खुलवाए, जिनके संचालन के लिए पूरे खर्च की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं अपने कंधों पर ली। स्कूलों के खर्च के लिए वह विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए बंगाली में लिखी गई किताबों की बिक्री से फंड जुटाते थे। समाज सुधार कार्यों की बदौलत उन्हें जीवन पर्यन्त गरीबों और दलितों का संरक्षक माना जाता रहा। अपने इसी प्रकार के समाज की भलाई के लिए किए जाने वाले कार्यों के चलते ही उन्हें एक समाज सुधारक के रूप में जाना जाने लगा था। सदैव समाज की भलाई के लिए ही सोचने और समाज के लिए कुछ न कुछ नया करते रहने के कारण ही नैतिक मूल्यों के संरक्षक विद्यासागर को महान समाज सुधारक के रूप में राजा राममोहन राय का उत्तराधिकारी भी माना जाता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

जयंती विशेष



# अनिश्चित संसार में सुरक्षा



बोधि वृक्ष


**मानव जाति की अणुबम के प्रति चिंता का एक अप्रत्यक्ष लाभ योग विज्ञान में उसकी व्यावहारिक रुचि की वृद्धि के रूप में हो सकता है, जो वास्तव में, एक 'बम-अभेद्य शरण' है।**

मानव का मन गम्भीर और उदार होता जाएगा। मानवी मन अपने भीतर पत्थरों एवं धातुओं में निहित ऊर्जा से कहीं अधिक महान ऊर्जाओं को उन्मुक्त कर सकता है और उसे यह करना भी चाहिए, अन्यथा अभी-अभी मुक्त हुआ भौतिक आण्विक दानव, पलट कर संसार पर विवेकहीन विनाश के लिए झपट पड़ेगा। मानव जाति की अणुबम के प्रति चिन्ता का एक अप्रत्यक्ष लाभ योग विज्ञान में उसकी व्यावहारिक रुचि की वृद्धि के रूप में हो सकता है, जो वास्तव में, एक 'बम-अभेद्य शरण' है। संसार में सदा उथल-पुथल एवं परेशानी रहेगी। आप किस बात से चिन्तित हैं? ईश्वर की शरण में जाएँ, जहाँ गुरुजन गए हैं, और जहाँ से वे संसार को देख रहे हैं और उसकी सहायता कर रहे हैं। वहाँ आपको सदा के लिए सुरक्षा मिलेगी, न केवल अपने लिए, अपितु उन सभी प्रियजनों के लिए भी जिनको प्रभु एवं परमपिता ने आपकी देखरेख में सौंपा है। सच्ची प्रसन्नता, स्थायी प्रसन्नता, केवल ईश्वर में ही है, ज्जिन्हें प्राप्त करने से बड़ा और कोई लाभ नहीं है। उनमें ही केवल एक मात्र सुरक्षा, केवल एक मात्र आश्रय, हमारे सभी भयों से एकमात्र बचाव है। संसार में आपके पास कोई अन्य सुरक्षा, कोई अन्य मुक्ति नहीं है। ईश्वर में ही एकमात्र सच्ची मुक्ति है। इसलिए प्रातः और सायं ध्यान में और साथ ही अपने दिन के सभी कार्यों एवं कर्त्तव्यों को करते हुए भी उनसे सम्पर्क करने का गहनता से प्रयास करें। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

फेसबुक वॉल से




X से




रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

आज का दोहा

**अदल बदल कर आप तब, करते थे कुछ जाप।**
**वादा था बदलाव का, बदल गये खुद आप।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

देश की बात

# आआपा में आतिशी पारी, कहीं विस चुनाव में पड़े न भारी

दिल्ली सरकार के आबकारी नीति घोटाले पर दुनिया-जहान के अखबारों में सुर्खियां बने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संरक्षक अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हुए आतिशी को कमान दे दी। राजनीतिज्ञ व विशेषज्ञ इसे तकनीकी रूप से सियासी दांव मान रहे है। एक वर्ग का मानना यह है कि मौजूदा स्थिति में केजरीवाल के पास मुख्यमंत्री रहते हुए भी सत्ता नहीं थी चूंकि कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी है। इन शर्तों की वजह से वह अपनी शक्तियों का प्रयोग नहीं सकते थे। वह बिना एलजी की सहमति के बिना मुख्यमंत्री कार्यालय या दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकते थे। एलजी के बिना सहमति के किसी सरकारी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते थे। इसके अलावा पब्लिक मंच से इस मामले में बयान नहीं दे सकते व साथ ही वह इस केस से संबंधित किसी गवाह से न संपर्क करेंगे न ही कोई बात करेंगे। आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने का आआपा के अंदर नकारात्मक व सकारात्मक दोनों तरह का माहौल बना गया। नकारात्मकता की स्थिति इसलिए ज्यादा मानी जा रही है कि पार्टी में आतिशी से पुराने व बड़े कद के नेता भी हैं जिनको मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था जैसे कि संजय सिंह, गोपाल राय, सोमनाथ भारती आदि। दरअसल पार्टी के जो नेता केजरीवाल के साथ के हैं या यूं कहें कि जो आंदोलन के समय से लेकर अब तक साथ हैं व उनकी वरिष्ठता आतिशी से कहीं बड़ी है। वह मन ही मन तो बहुत दुखी होंगे। बहुत सारे ऐसे नेता भी हैं जो आतिशी से ज्यादा प्रभावशाली भी हैं। राजनीति में महत्वकांक्षा का बड़ा महत्व है। हर नेता कुर्सी के पीछे डोलता है। आतिशी के मुख्यमंत्री बनने से ऐसे नेताओं के हाथों से तोते उड़ गए हैं। उनका आआपा के प्रथम पंक्ति के नेताओं से मोहभंग हो गया है। आआपा में कभी भी कुर्सी का कलह ज्वालामुखी बनकर फूट सकता है। एक सवाल यह भी है कि आखिर बड़े नेता आतिशी को अपना बॉस क्यों माने? क्या मात्र केजरीवाल के कहने से वह यह बात समझ जाएंगे। आआपा का शीर्ष नेतृत्व ऐसे लोगों को यह संदेश देने का प्रयास कर रहा है कि वह पार्टी के किसी भी स्तर के नेता को इतना बड़ा मौका दे सकते हैं, जिससे पार्टी के अधिकतर कार्यकताओं का हौसला बढ़ सकता है। लेकिन एक वर्ग का यह भी मानना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में केवल चार-पांच महीने ही रह गए हैं, ऐसे समय में आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने का मुद्दा फायदेमंद हो सकता है। वैसे इसे जमकर भुनाने की योजना तैयार की जा रही है। एक महिला को मुख्यमंत्री बनाने पर भी महिलाओं कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने का कार्ड भी खेलने की तैयारी है। सवाल व समीकरण कई तरह के हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में कोई भी बात कही हुई सोशल मीडिया एक्सपर्ट भूलने नहीं देते। मात्र मुख्यमंत्री बदलने से क्या पार्टी की छवि बदलेगी, ऐसा मुश्किल है। वफादार तो अब भी यही कहते हैं कि आम आदमी पार्टी का भरोसा अभी भी केजरीवाल पर ही है। मगर इस्तीफा देकर पटकथा में नायक बनने की कोशिश को दिल्ली के लोग कुबूल नहीं कर पा रहे। बहरहाल, आतिशी पर अब बड़ी जिम्मेदारी आई गई है। उनके पास सबसे ज्यादा विभाग हैं। विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं है और केजरीवाल पर संकट अभी भी बरकरार है। सवाल कई हैं...। क्या केजरीवाल पहले की तरह ऊजार्वान होकर चुनाव लड़ पाएंगे और यदि इस बीच दोबारा जेल चले गए तो किसके चेहरे पर चुनाव होगा? केजरीवाल ने अब आतिशी को कमान दी है तो अब उन्हें रणनीति के साथ पार्टी की छवि को सुधारते हुए काम करना होगा। मुख्यमंत्री जैसे पद की जिम्मेदारी बेहद गंभीर व बड़ी मानी जाती है। योग्यता व अपनी आक्रामक शैली का फायदा उठाते हुए आतिशी को पार्टी को सजाना होगा व साथ ही सबको साथ लेकर कार्य करने होंगे। चुनाव में समय कम है और जिम्मेदारी ज्यादा। यदि इस बार कांग्रेस व आप का गठबंधन नहीं हुआ तो त्रिकोणीय मुकाबले को लेकर चुनाव बेहद चुनौतीपूर्ण होंगे। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



योगेश कुमार सोनी
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 54 प्रतिशत मतदान



**जम्मू।** दूसरे चरण में बुधवार को जम्मू-कश्मीर के छह जिलों की 26 सीटों पर मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक 54.11 प्रतिशत मतदान हुए यह पिछले चुनाव की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत कम हैं। हालांकि अभी अंतिम आंकड़े आने बाकी है। अधिकारियों ने बताया कि मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। दूसरे चरण में 26 सीटों पर 25.78 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। कश्मीर के श्रीनगर जिले के निर्वाचन क्षेत्र हजरतबल, खानयार, हब्बाकदल, लाल चौक, चन्नापोरा, जदीबल, सेंट्रल शाल्टेंग और ईदगाह में मतदान हो रहे हैं। बडगाम जिले के खंड बडगाम, बीरवाह, खानसाहिब, चरार-ए-शरीफ और चादूरा में वोटिंग चल रही है। इसके अलावा गांदरबल जिले के दो निर्वाचन क्षेत्रों कंगन और गांदरबल में भी मतदान हो रहे हैं।

## पंडित जसराज की पत्नी मधुरा जसराज का निधन



**मुंबई।** भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज की पत्नी मधुरा जसराज का निधन हो गया है। मधुरा की बेटी दुर्गा ने अपनी मां की मौत की दुखद खबर मीडिया को बताई है। 86 साल की उम्र में मधुरा पिछले कई महीनों से शारीरिक बीमारियों से जूझ रही थीं। मधुरा और पंडित जसराज की पहली मुलाकात 6 मार्च, 1954 को हुई थी। 1954 में मधुरा के पिता और महान निर्देशक वी. शांताराम फिल्म 'जनक जनक पायल बाजे' का निर्माण कर रहे थे। इसी दौरान जसराज और मधुरा की जान-पहचान हुई और बाद में उन्होंने 1962 में शादी कर ली। पंडित जसराज का 2020 में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

# 96 लाख एमएसएमई वाले देश का सबसे बड़ा राज्य है यूपी : सीएम योगी

- **05** ट्रिलियन इकोनॉमी के देश के सपने में एक ट्रिलियन यूपी का योगदान
- **06** एक्सप्रेसवे पर काम जारी, 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर हो रहा काम
- **40** लाख प्रवासी कामगारों को कोरोना काल में रोजगार उपलब्ध कराया

### बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जा रहा प्रदेश

**02** करोड़ युवाओं को राज्य भर में तकनीकी स्किल प्रदान की जा रही है



यूपी के उद्यमियों को अपने आप को दुनिया के सामने वैश्विक मंच पर लाभ मिलेगा। प्रदेश बेहतरीन इंफ्रा के लिए जाना जा रहा है। हम छह एक्सप्रेसवे पर काम कर रहे हैं। 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर काम कर रहे हैं, चार क्रिया शील हैं। देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर में बन रहा है। इसे साल के अंत तक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे भी महाकुंभ से पहले शुरू हो जाएगा। हमारे यहां सड़क और रेल का नेटवर्क मौजूद है। कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल मैन पावर यहां मौजूद है। 2 करोड़ युवा को तकनीकी स्किल दी जा रही है।

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बुधवार से यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ हो गया। इसके उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी समेत उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्री मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य तो है ही एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य भी है। 96 लाख एमएसएमई यूनिट 75 जिलों में हैं। उप्र में कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार एमएसएमई दे रहा है। 2017 के पहले यह मृतप्राय था। जिसका लंबा इतिहास रहा, जो आजादी के बाद टेक्नोलॉजी नहीं मिलने, उचित प्रोत्साहन नहीं मिलने पर बंदी की कगार पर पहुंच गए। 2017 में जब हमारी सरकार आई, तब आत्मनिर्भर भारत के तहत कार्यक्रमों को बढ़ाया। हम 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडेक्ट' लेकर आए। उसकी ब्रांडिंग के लिए डिजाइनिंग-पैकेजिंग टेक्नोलॉजी दी। उन्होंने कहा कि उप्र, देश-दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी। उस समय उप्र में श्रमिक काम कर रहे थे। मैं निश्चिंत था। 40 लाख कामगार जो उप्र में आए थे, यूपी में आते ही उनकी स्किल मैपिंग कराई। एक-एक जनपद में स्किल के अनुसार काम दिया। परिणाम था कि कहीं अव्यवस्था नहीं फैली। यही कारण है भारत की 5 ट्रिलियन इकोनॉमी के सपने में 1 ट्रिलियन यूपी का योगदान है। यूपी ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। उप्र में देश का सबसे बड़ा एमएसएमई बेस है। अनेक कार्यक्रम भारत सरकार के साथ मिलकर किए हैं। जो भी यूनिट हैं, मात्र रजिस्ट्रेशन पर किसी आपदा का शिकार होती है तो तत्काल 5 लाख का बीमा देते हैं। तेजी के साथ उप्र में बढ़ा है।

# हमारी सरकार बनते ही जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाएंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग दोहराई। राहुल गांधी ने कहा कि अगर भाजपा जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा वापस नहीं करेगी, तो इंडिया गठबंधन संसद में इस मुद्दे को उठाएगी और सड़क पर भी उतरेगी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को दूसरे राज्यों के लोग चला रहे हैं। अगर भाजपा नहीं मानी, तो जैसे ही इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, हम सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का काम करेंगे। ये आपका भविष्य है। इसके बिना आप लोग आगे नहीं बढ़ सकते हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में 1947 के बाद बहुत सारे केंद्रशासित प्रदेश को राज्य बनाया गया। आंध्र प्रदेश से तेलंगाना, बिहार से झारखंड, मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ बना। लेकिन, पहली बार आजादी के बाद एक प्रदेश को केंद्र शासित प्रदेश में बदला गया है। वो जम्मू-कश्मीर के साथ हुआ है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आपके साथ अन्याय हुआ है।

### राहुल गांधी के साथ चुनाव प्रचार में उतरेंगी कुमारी सैलजा



चंडीगढ़। हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए राहुल गांधी गुरुवार को हरियाणा दौरे पर आ रहे हैं। वह करनाल के असंध तथा हिसार के बरवाला में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। चुनाव प्रचार से 12 दिनों तक दूर रहने वाली सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा भी उनके साथ मंच पर दिखाई देंगी। सैलजा ने यह फैसला मंगलवार की रात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात के बाद लिया है। सैलजा के कार्यालय की तरफ से बुधवार को उनका कार्यक्रम जारी किया गया है। कुमारी सैलजा ने 13 सितंबर को अंतिम बार सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लिया था।

### केंद्रीय मंत्री शेखावत का दावा- जम्मू कश्मीर में भाजपा की बनेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीयमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव को लेकर लोगों में उत्साह है। पहले चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत 60 से अधिक होना इसका सबसे बड़ा प्रमाण है । एक समय था जब आतंकवादियों के खतरों के कारण मतदान प्रतिशत एकल अंक में था। अब लोग बिना डरे हुए मतदान कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बननी तय है। आज पंडित दीनदयान उपाध्याय की जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग भाजपा और केंद्र के साथ खड़े हैं।

### मध्य प्रदेश के 28वें मुख्य न्यायाधीश बने न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत



**भोपाल।** दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठ जज न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 28वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। बुधवार को भोपाल स्थित राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव वीरा राणा सहित कई नेता और अधिकारी इस मौके पर मौजूद रहे। राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनियुक्त मुख्य न्यायाधिपति को शपथ ग्रहण के बाद पुष्प-गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को आज उनकी जयंती पर नमन किया। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर एक वीडियो अपलोड कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन प्रसंगों की चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, ''महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।



## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी मोक्ष भूमि 'गया' पहुंचे, पिंडदान किया

**एजेंसी। गया**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी बुधवार को मोक्ष और ज्ञान की भूमि गया में पिंडदान करने के लिए पहुंचे। उन्होंने अपने पूर्वजों के मोक्ष दिलाने को लेकर गयाजी स्थित विष्णुपद परिसर में कर्मकांड किया। सुधांशु त्रिवेदी ने विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह में श्री हरि के चरण पर पिंड अर्पित करते पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति की कामना की। उन्होंने कहा कि गयाजी में पिंडदान करने के बाद अलग तरीके से संतुष्टि और शांति मिलती है। विष्णुपद मंदिर के हनुमान मंदिर परिसर में उन्होंने अपने पूर्वजों की मोक्ष की कामना के लिए कर्मकांड किया, साथ ही फल्गु नदी में तर्पण भी किया। उनका पिंडदान उनके पुरोहित दामोदर लाल पांडा जी के द्वारा संपन्न कराया गया। वे पहली बार गया आए हैं। उन्होंने देवघाट फल्गु नदी और अक्षयवट में जाकर पिंडदान किया, वहीं इस मौके पर विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल ने उन्हें विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह में पूजा अर्चना भी कराई। विट्ठल ने उन्हें शॉल, विष्णु चरण का प्रतीक चिन्ह और प्रसाद देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि गया जी गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, जहां हम मदर्स डे, फादर्स डे नहीं बल्कि अपने समस्त पूर्वजों के मोक्ष की कामना करते हैं। यही नहीं यहां मित्र और प्रकृति के समस्त जीव जंतुओं जिनसे आपका जीवन में संबंध रहा है उनका भी पिंडदान किया जाता है। यह समागम, धर्म के गौरव का प्रतीक है। गया जी इस गौरवशाली परंपरा का प्रमाण है। बिहार के गया की पहचान मोक्ष स्थली के रूप में होती है। मान्यता है कि यहां अपने पुरखों को पिंडदान करने से उन्हे जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिल जाती है और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के कारण पितृ पक्ष में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पिंडदान के लिए यहां पहुंचते हैं और पूर्वजों की मोक्ष प्राप्ति की कामना से पिंडदान करते हैं। इस वर्ष पितृपक्ष की शुरूआत 17 सितंबर से हुई है और यह दो अक्टूबर तक चलेगा। इस पितृपक्ष में लाखों श्रद्धालु पिंडदान के लिए गया पहुंचे हैं।

# मंदिरों का प्रबंधन धर्माचार्यों के हाथ में होना चाहिए : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**एजेंसी। गंगटोक**



जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि मंदिरों का प्रबंधन धमार्चार्यों के हाथ में होना चाहिए और सरकारों को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। सिक्किम की दो दिवसीय यात्रा पर आए महाराज बुधवार को राजधानी गंगटोक के ठाकुरबाड़ी मंदिर में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में भक्तों को मिलावटी प्रसाद वितरण का जिक्र करते हुए महाराज ने कहा, 'धर्मनिरपेक्षता की शपथ लेने वाली सरकारें हमारे मंदिरों में व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही हैं। धर्मनिरपेक्षता की शपथ लेने के बाद धर्म की शपथ पूरी नहीं की जा सकती। ये दो अलग-अलग विषय हैं।' उन्होंने कहा कि तिरुपति में जो हुआ उसके बाद सरकार को मंदिर प्रबंधन में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। सरकार को वहां व्यवस्था करनी है तो यात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करें। हम इसे स्वीकार करते हैं। देश के हिंदू जो तिरूपति का प्रसाद ग्रहण करते हैं, वे अभक्ष्य भोजन के कारण मन में ग्लानि लेकर बैठे हैं, लेकिन गाय हमें इससे मुक्ति दिला सकती हैं।

### अरविंद केजरीवाल ने मोहन भागवत को लिखी चिट्ठी, पूछे पांच सवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत को बुधवार को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पांच सवाल पूछे। केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए अपने पहले सवाल में कहा, बीजेपी के नेतृत्व में तरह-तरह के लालच देकर, ईडी और सीबीआई की धमकी देकर, दूसरी पार्टी के नेताओं को तोड़ा जा रहा है, दूसरी पार्टियों की सरकारों को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस तरह से एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक चुनी हुई सरकार को गिराना सही है?

# बदलापुर एनकाउंटर पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने उठाए कई सवाल

**एजेंसी। मुंबई**

- **हाई कोर्ट ने पुलिस को इस मामले से संबंधित सभी रिपोर्ट तीन अक्टूबर तक पेश करने का आदेश दिया**

बदलापुर दुष्कर्म मामले के आरोपित अक्षय शिंदे के एनकाउंटर थ्योरी पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को कई सवाल खड़ा किये और कहा कि घटना में गड़बड़ी लग रही है, इसलिए मामले की और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। हाई कोर्ट ने पुलिस को इस मामले से संबंधित सभी रिपोर्ट तीन अक्टूबर तक पेश करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी। बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपित अक्षय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने बॉम्बे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर करके मांग की है कि हत्या की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करके हाई कोर्ट की निगरानी में जांच की जानी चाहिए। बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस रेवती मोहिते ढ़ेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अमित कतरनवारे ने कहा कि अक्षय शिंदे की 'फर्जी मुठभेड़' में हत्या की गई है। इन दलीलों के बाद जस्टिस चव्हाण ने कहा, एक आम आदमी पिस्तौल नहीं चला सकता। एक कमजोर आदमी पिस्तौल लोड नहीं कर सकता। हाई कोर्ट ने कहा कि आरोपित पर गोलीबारी टाली जा सकती थी और पुलिस से पूछा कि उसने पहले उसे काबू करने की कोशिश क्यों नहीं की। बॉम्बे हाई कोर्ट ने सवाल किया, आरोपित को पहले सिर में गोली क्यों मारी गई, पैरों या हाथों में क्यों नहीं? जिस क्षण उसने पहला ट्रिगर दबाया, दूसरे लोग आसानी से उसे काबू कर सकते थे। पुलिस वैन में पांच पुलिस कर्मी थे। वह बहुत बड़ा या मजबूत आदमी नहीं था। इसे स्वीकार करना बहुत मुश्किल है। इसे मुठभेड़ नहीं कहा जा सकता। हाई कोर्ट ने वैन में उपस्थित पांचों पुलिस कर्मियों के मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट भी पेश करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने पूछा कि आरोपित को घटनास्थल से अस्पताल कितनी देर में पहुंचाया गया।

## मुकेश सहनी ने नीतीश कुमार को कहा बूढ़ा, तो मिला 'करारा जवाब'

**एजेंसी। पटना**



बिहार में साल 2025 में विधानसभा के चुनाव होने हैं और चुनाव से पहले ही सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए हैं। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''वो मुंबई से आए हैं और प्रोफेशनल हैं।'' डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा, ''वह खुद को ह्यसन ऑफ मल्लाहह्ल कहते हैं। लेकिन, एक भी मल्लाह को टिकट नहीं देते, बल्कि, जो माल देता है, सीट भी उसी को सौंप देते हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, वह चार्टर्ड प्लेन पर बर्थडे और पिकनिक मनाते हैं, उनके साथ मुकेश सहनी की दोस्ती है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार्टर्ड प्लेन पर पिकनिक नहीं मनाते हैं।''मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'बूढ़ा' कहे जाने वाले बयान पर बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा, ''बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज भी अधिक से अधिक जिलों में दौरा करते हैं। साथ ही विभागों की समीक्षा होती है। मुख्यमंत्री पूरी मुस्तैदी के साथ सजग रहते हैं। लेकिन, अपराधी और भ्रष्टाचारियों के संग रहने वाले लोग कभी बिहार के हितैषी नहीं हैं।'' दरभंगा में एक दिन पहले मंगलवार को वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने एक बैठक की थी।

## भारत नवंबर में फ्रेंडली मैच में मलेशिया की मेजबानी करेगा



**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर पुरुष टीम फीफा विंडो के दौरान 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच खेलेगी, हालांकि वेन्यू की घोषणा अभी नहीं हुई है। मलेशिया वर्तमान में फीफा रैंकिंग में 132वें स्थान पर है, जबकि भारत 126वें स्थान पर है। पिछली बार दोनों टीमें अक्टूबर 2023 में मर्डेका कप के सेमीफाइनल में भिड़ी थीं, जहां ब्लू टाइगर्स को 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस महीने के अपने सबसे हालिया मैच में मनोलो मार्क्वेज की भारतीय टीम को इंटरकॉन्टिनेंटल कप में मॉरीशस के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद सीरिया के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले के बाद टीम का अगला असाइनमेंट वियतनाम में तीन देशों की प्रतियोगिता है, जो 9 अक्टूबर से शुरू होगी। जहां उनका मुकाबला लेबनान और मेजबान देश से होगा।

## चेन्नईयिन का लक्ष्य मोहम्मडन के खिलाफ जीत हासिल करना



**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी का लक्ष्य इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन में जीत की लय को जारी रखना होगा। इस टीम का सामना गुरुवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ताजा प्रमोट किए गए मोहम्मडन एससी से होगा। दो बार के आईएसएल चैंपियन ने कलिंगा स्टेडियम में ओडिशा एफसी पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। टीम के हेड कोच ओवेन कॉयल चाहते हैं कि उनकी टीम अपनी लय बरकरार रखे क्योंकि वे 12 दिनों के ब्रेक के बाद सीजन के पहले घरेलू मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कॉयल ने प्री- मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, "सबसे पहले, हम यहां (होम ग्राउंड) वापस आकर बहुत खुश हैं।

## ग्लोबल शतरंज लीग प्रशंसकों के लिए शानदार टूर्नामेंट : निहाल

**लंदन।** ग्लोबल शतरंज लीग का दूसरा सीजन जल्द शुरू होने वाला है। इस बीच भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने कहा कि खेल प्रशंसकों का ध्यान लीग की ओर खींचने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। दूसरा सीजन 3 से 12 अक्टूबर के बीच लंदन में होगा और निहाल, जो इस वर्ष नवोदित खिलाड़ी के रूप में वापसी करेंगे, उनका मानना है कि वह टूर्नामेंट की प्रकृति का लुत्फ उठाते हैं। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, "मैं टूर्नामेंट में वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं, खासकर यह देखते हुए कि पिछले साल सब कुछ कैसा रहा था। इस साल सभी शीर्ष खिलाड़ी भी खेल रहे हैं और इसलिए मैं इसके लिए उत्सुक हूं। अपने पहले सीजन में ग्लोबल शतरंज लीग ने काफी लोकप्रियता हासिल की। पहली फ्रैंचाइज-आधारित शतरंज लीग में कुल छह टीमें शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक टीम में छह खिलाड़ी हैं। सभी टीम में एक आइकन खिलाड़ी, दो सुपरस्टार पुरुष खिलाड़ी, दो सुपरस्टार महिला खिलाड़ी और एक नवोदित खिलाड़ी शामिल रहता है। निहाल ने आगामी सीजन के लिए अपनी रणनीति पर कहा, "इस साल मेरा लक्ष्य अपनी टीम की जरूरतों को अपनी क्षमता के अनुसार पूरा करना है।

# ऋषभ पंत टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे

## गुरबाज वनडे में शीर्ष 10 में




बांग्लादेश पर भारत की जीत की दूसरी पारी में पंत के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचा दिया

एजेंसी

**दुबई।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने लंबे अंतराल के बाद शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर से प्रवेश किया है, क्योंकि आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग में सभी प्रारूपों में बदलाव हुआ है, जिसमें दुनिया के कई शीर्ष खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के रोमांचक सप्ताह के बाद टेस्ट और वनडे प्रारूपों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। चेन्नई में बांग्लादेश पर भारत की जीत की दूसरी पारी में पंत के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचा दिया, जिससे उन्हें 731 रेटिंग अंक मिले। विकेटकीपर बल्लेबाज के हमवतन यशस्वी जायसवाल ने 751 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर जगह बनाई, जिन्होंने उसी मैच में अपना अर्धशतक बनाया था। इस बीच, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पांच पायदान नीचे खिसकने के बावजूद शीर्ष 10 में बने हुए हैं, अब वे बांग्लादेश के खिलाफ दोनों पारियों में 10 से कम रन बनाने के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद 716 अंकों के साथ दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी विभाग में, श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या ने गॉल में शानदार प्रदर्शन से ध्यान आकर्षित किया। जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ विकेट लिए, जिससे वे 743 रेटिंग अंकों के साथ टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। हालांकि, श्रीलंका के ही असिथा फर्नांडो 13वें स्थान पर खिसक गए। बल्लेबाजी के मोर्चे पर, कामिंडू मेंडिस 16वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि धनंजय डी सिल्वा ने ऑलराउंडर रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वे पांच पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए। वनडे क्रिकेट में, अफगानिस्तान के उभरते सितारों ने इतिहास रच दिया। युवा सनसनी रहमानुल्लाह गुरबाज 23 साल की उम्र से पहले अपना सातवां शतक जड़कर वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। गुरबाज का उदय अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि वह आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके शानदार प्रदर्शन ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड को पीछे छोड़ दिया, जो इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले वनडे में नाबाद 154 रन बनाकर नौवें स्थान पर पहुंच गए। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने भी कमाल दिखाया, दक्षिण अफ्रीका पर अफगानिस्तान की ऐतिहासिक सीरीज जीत में सात विकेट लेने के बाद वे वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में आठ पायदान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

## रियल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर राफेल वराने ने फुटबॉल से संन्यास लिया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राफेल वराने ने 31 साल की उम्र में फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और फ्रांस के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ने अपने फैसले की पुष्टि करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया, जिसमें उन्होंने अपने खेल से संन्यास लेने के पीछे मुख्य कारण शारीरिक चुनौतियों, खासकर घुटने की समस्याओं को बताया। मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने के बाद पिछली गर्मियों में फ्री ट्रांसफर पर इतालवी क्लब कोमो में शामिल हुए वराने को घुटने की समस्या के कारण 2024 सीज़न का एक बड़ा हिस्सा मिस करने की उम्मीद थी। वास्तव में, कोमो ने उन्हें अपनी सीरी ए टीम के लिए पंजीकृत भी नहीं किया था, क्योंकि यह स्पष्ट हो गया था कि उन्हें ठीक होने में लंबा समय लगेगा। फिटनेस के लिए संघर्ष जारी रखने के बजाय, वराने ने खेल से दूर रहने का फैसला किया है, उन्होंने अपने समर्थकों को एक भावनात्मक विदाई पत्र लिखा है। वराने ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, "वे कहते हैं कि सभी अच्छी चीजों का अंत होना ही चाहिए।

### सोशल मीडिया ट्रोल्स पर भाकर ने कहा

## यह मेरी खूबसूरत यात्रा को शेयर करने का मेरा तरीका है

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सोशल मीडिया का चलन है। हर कोई अपनी खुशी, बड़ी उपलब्धि और यहां तक की गम भी अपने ऑनलाइन फ्रेंड और फैंस के साथ शेयर करता है। लेकिन कुछ लोग इसका गलत फायदा उठाते हैं और दूसरों को ट्रोल करते हैं। ऐसा ही कुछ पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर के साथ हुआ है। पेरिस ओलंपिक में देश का गौरव बढ़ाने वाली देश की यह बेटी इन दिनों सोशल मीडिया सेंसेशन बनी हुई है। मनु ने ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने



महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इन जीतों के साथ, वह ओलंपिक के एक संस्करण में एक से अधिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं।

### राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का ओपन ट्रायल शुरू

## सात खेलों के साथ हुई ट्रायल की शुरूआत

- दो अक्टूबर तक चलेगा ओपन ट्रायल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 के लिए ट्रायल शुरू हो गया है। बुधवार से रांची के विभिन्न केंद्रों में कुल 21 खेलो के लिए 600 से अधिक प्रतिभागी बच्चे जोर आजमाएंगे। बुधवार को सात खेलो के साथ ओपन ट्रायल की शुरूआत हुई। हुए ट्रायल प्रतियोगिता में बैडमिंटन (यू-14,17,19), टेबल टेनिस (यू-14,17), सेपक टकराव (यू-17,19), टेनिस (यू-17,19), शूटिंग (यू-14,17,19), मलखंब (यू-14,17,19), फेंसिंग



(यू-17,19) के लिए बालक बालिका वर्ग के बीच ट्रायल हुआ। ओपन ट्रायल का आयोजन रांची के खेलगांव, बीएसपी उच्च विद्यालय (धुर्वा) और बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में किया गया। गुरुवार को जिन खेलो के लिए ओपन ट्रायल होना है उनमे हैंडबॉल (यू-14,17,19), वॉलीबॉल (यू-17,19 बालिका वर्ग), जिम्नास्टिक (यू-14,17,19), कराटे (यू-14,17,19), स्विमिंग (यू-14,17,19), बॉक्सिंग (यू-14 बालक, 17,19 बालक/बालिका वर्ग) शामिल है। ओपन ट्रायल में भाग ले रहे बालक बालिकाओं को राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल कोषांग के अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

### 4 अक्टूबर से होगी राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता


राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 का आगाज 4 अक्टूबर, 2024 को होगा। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अभी ओपन ट्रायल शुरू हो गया है। प्रतियोगिता का आयोजन रांची में किया जाएगा। राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 4 अक्टूबर, 2024 से शुरू होकर 5 नवंबर, 2024 तक चलेगी।



# शेयर बाजार ऑल-टाइम हाई पर बंद निफ्टी पहली बार 26,000 के पार

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में ऑल-टाइम हाई पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 85,247 और 26,032 का नया ऑल-टाइम हाई लगाया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 255 अंक या 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 85,169 और निफ्टी 63 अंक या 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,004 पर बंद हुआ। लार्जकैप के मुकाबले मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 385 अंक या 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,465 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 82 अंक या 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,357 पर बंद हुआ। एनएसई के फिन सर्विस, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा, पीएसई और सर्विसेज इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, पीएसयू



बैंक और एफएमसीजी लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एमएंडएम, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो टॉप लूजर्स थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक दे का कहना है कि कमजोर शुरुआत के बाद भी निफ्टी नया ऑल-टाइम हाई पर बंद होने में कामयाब रहा। जब तक निफ्टी 25,900 के ऊपर रहेगा, रुझान सकारात्मक रहने की उम्मीद है। ऐसा लगता है कि बाजार कुछ समय के लिए सकारात्मक रुझान के एक रेंज में ट्रेड करेगा। 26,200 और 26,250 एक रुकावट का स्तर है।

लार्जकैप के मुकाबले मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई

## भारत में डिजिटल लेंडर्स ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में दिए 37,676 करोड़ के लोन

एजेंसी

**मुंबई।** डिजिटल लेंडर्स की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 37,676 करोड़ रुपये के 2.64 करोड़ लोन बांटे गए हैं। इसमें सालाना आधार पर वॉल्यूम में 15 प्रतिशत और वैल्यू में 27 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) द्वारा जारी किए गए डेटा में मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में लोन का औसत टिकट साइज 12,997 रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के मुकाबले सालाना आधार 16 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। डेटा दिखाता है कि डिजिटल क्रेडिट की मांग मजबूत बनी हुई है। इसमें बड़ी भूमिका वित्तीय समावेशन की है। एफएसीई के सीईओ सुगंध सक्सेना ने कहा, "सदस्य कंपनियों ने कंज्यूमर गाइडलाइन और विवेकपूर्ण रिस्क मैनेजमेंट के जरिए ग्राहकों की क्रेडिट जरूरतों को पूरा किया है और ग्राहकों एवं सभी पक्षकारों का विश्वास जितने में सफल रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि अप्रैल-जून की अवधि में 11 कंपनियों ने 5 लाख से ज्यादा लोन बांटे हैं। कुल वॉल्यूम में इनकी हिस्सेदारी 93 प्रतिशत रही है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर करीब 55 प्रतिशत कंपनियों की वॉल्यूम में वृद्धि देखने को मिली है।



## गौतम अदाणी ने बॉम्बार्डियर के सीईओ के साथ एविएशन सेक्टर में साझेदारी पर चर्चा की

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की ओर से बॉम्बार्डियर के सीईओ एरिक मार्टेल के साथ एविएशन सेक्टर में परिवर्तनकारी साझेदारियों पर उच्च-स्तरीय बैठक में चर्चा की गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुधवार को गौतम अदाणी ने जानकारी दी कि इसका उद्देश्य एक आत्मनिर्भर और मजबूत भारत बनाने के लिए बेहतर तालमेल करना है। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने कहा, "भारत के एविएशन सेक्टर की ग्रोथ को आगे बढ़ाने के लिए बॉम्बार्डियर के सीईओ एरिक मार्टेल के साथ एयरक्राफ्ट सर्विसेज, एमआरओ और डिफेंस में परिवर्तनकारी साझेदारियों पर चर्चा की गई। आगे कहा, "हम साझेदारी का उपयोग कर भारत को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दे सकते हैं। अदाणी ग्रुप ने अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की स्थापना 2019 में की थी और यह अदाणी एंटरप्राइजेज के 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली कंपनी है। एएएचएल के पास एविएशन सेक्टर में एक बड़ा पोर्टफोलियो है। मौजूदा समय में कंपनी के पास मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, मेंगलुरु, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम जैसे बड़े एयरपोर्ट्स हैं। दिसंबर 2024 से नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) भी एएएचएल के पोर्टफोलियो में जुड़ जाएगा। वर्तमान में एएएचएल देश की सबसे बड़ी एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। यह



कंपनी देश के कुल पैसेंजर फुटफॉल का 25 प्रतिशत और एयरकार्गो ट्रैफिक का 33 प्रतिशत संभालती है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) पर 5 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में एयरफोर्स की ओर से रनवे पर फाइटर जेट की लैंडिंग का ट्रायल किया जाएगा। एनएमआईए पर ऑपरेशन दो चरणों में शुरू होंगे। इस एयरपोर्ट में सालाना 2 करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। यह एयरपोर्ट अटल सेतु और मेट्रो रेल से जुड़ा होगा। इसकी लागत करीब 16,700 करोड़ रुपये है।


## कॉल और मैसेज आते ही यूजर्स को मिलेगी स्पैम की जानकारी: एयरटेल सीईओ



एजेंसी

**गुरुग्राम।** एयरटेल की ओर से बुधवार को स्पैम कॉल और मैसेज रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल लॉन्च किया गया है। इस एआई टूल के माध्यम से कॉल और मैसेज के आते ही यूजर्स को स्पैम का पता लग जाएगा। कुछ दिनों पहले टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की ओर से टेलीकॉम कंपनियों को स्पैम कॉल और मैसेज रोकने का सख्त आदेश दिया गया था। एयरटेल के प्रबंधक निदेशक और सीईओ गोपाल विट्टल ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, "इस एआई टूल के माध्यम से आसानी से 99.5 स्पैम मैसेज और 97 प्रतिशत स्पैम कॉल को पहचाना जा सकता है। उन्होंने एआई मॉडल के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे नेटवर्क में प्रतिदिन 1.5 अरब मैसेज और 2.5 अरब कॉल आते हैं। इस एआई मॉडल के माध्यम से हम 2 मिली सेकंड में हर मैसेज और कॉल को ट्रैक करके 250 पैरामीटर पर परख कर बता सकते हैं कि कॉल और मैसेज स्पैम है या नहीं।

## आज धनबाद आयेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ



**रांची।** भाजपा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल (पूर्वी) की परिवर्तन यात्रा का समापन आज को होगा। इस परिवर्तन यात्रा का समापन समारोह धनबाद के गोल्फ मैदान में होगा। रक्षा मंत्री इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। परिवर्तन यात्रा के प्रभारी सह पूर्व सांसद रवींद्र राय ने बताया कि समापन समारोह में स्थानीय सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा सहित अन्य स्थानीय नेता मौजूद रहेंगे। वहीं गोल्फ मैदान की सभा में धनबाद, बाघमारा व झरिया विस क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता व नेता शामिल होंगे। विस चुनाव से पहले भाजपा ने परिवर्तन यात्रा को गंभीरता से लिया है। पार्टी सभी विधानसभा क्षेत्र में रोड शो व आम सभा का आयोजन कर रही है। 26 सितंबर को परिवर्तन यात्रा धनबाद महानगर में प्रवेश करेगी। धनबाद में सभा को मुख्य वक्ता के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे। साथ ही विधायक राज सिन्हा ने बताया कि धनबाद शहर में रोड शो और आम शो का भी आयोजन होगा।

# झारखंडवासियों को खनिज संपदा का नहीं मिला लाभ : हेमंत सोरेन

***पिछले 4 वर्षों में सभी को रोटी, कपड़ा व मकान उपलब्ध कराने पर हुआ काम***

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साहेबगंज में भोगनाडीह में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में रोटी, कपड़ा और मकान की व्यवस्था आवश्यक है। हमारी सरकार राज्य में सभी को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करा रही है। पिछले 4 वर्षों में हमारी सरकार ने जन-जन और घर-घर तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य कर दिखाया है। पूर्व की सरकार ने 11 लाख हरा राशन कार्ड डिलीट करने का काम किया था परंतु हमारी सरकार ने 20 लाख अतिरिक्त राशन कार्ड निर्गत कर लोगों के घरों तक राशन पहुंचाने का काम किया है।

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने आम लोगों के साथ-साथ सरकार के कर्मियों के समस्याओं को सुलझाने का काम किया है। विभिन्न विभागों में वर्षों से चली आ रही लंबित मांगों को तथा सरकारी कर्मियों के हक-अधिकारों को राज्य सरकार ने सहानुभूति पूर्वक देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि शुरूआती दिनों से ही झारखंड की खनिज संपदाओं पर दूसरे प्रदेश के व्यापारी वर्गों की नजर रही है। यहां की खनिज संपदाओं का पूरा लाभ राज्य के आदिवासी-मूलवासी सहित किसी भी वर्ग-समुदाय या विस्थापितों को आज तक नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के ऊपर राज्य सरकार का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए का बकाया है। यह बकाया राशि केंद्र सरकार अगर राज्य सरकार को उपलब्ध करा दे तो गए अन्य विकासात्मक योजनाओं को राज्य के भीतर लागू किया जा सकेगा।



### नियुक्तियों का सिलसिला निरंतर जारी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि रोजगार और नौकरी उपलब्ध कराने की दिशा में भी हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत रही है। राज्य सरकार ने अपने प्रयास से डेढ़ से दो लाख लोगों को निजी क्षेत्र में नियुक्त करने का काम किया है, वहीं हजारों की संख्या में अलग-अलग चरणों में सरकारी नियुक्तियां भी की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 40 से 50 हजार नियुक्तियों का सिलसिला जारी है।

### महिला सशक्तीकरण रही प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि राज्य की आधी आबादी विभिन्न योजनाओं से जोड़कर सशक्त की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी कड़ी में झारखंड 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत राज्य की लगभग 50 लाख बहन-माताओं को जोड़ा गया है जिन्हें साल में 12 हजार सम्मान राशि दी जा रही है।

# आदिवासियों का अस्तित्व मिटाने में लगी है सरकार : रवि किशन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/लातेहार।** पलामू जिले के पांकी और लातेहार जिले के बालूमाथ में गोरखपुर सांसद रवि किशन ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए। परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए रवि किशन ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा राज्य की सरकार को उखाड़ फेंकने आई है। उन्होंने एक फिल्म का डायलॉग याद करते हुए कहा, जली को आग कहते हैं, बुझी को राख कहते हैं, और जिस आग से बारूद बने, उसे दुनिया के बड़े नेता नरेंद्र मोदी गरीबों का मसीहा कहते हैं। उन्होंने बालूमाथ में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है, हिंदू बनकर वोट करने निकलो.. अब जात पात में नहीं बटना है। जब बटोगे तो कटोगे। इसलिए बटना नहीं है सभी को एक साथ रहना है। सभी जात बिरादरी एक साथ रहना है। देश में अद्भुत प्रधानमंत्री मिले हैं। विश्व के सबसे बड़े नेता मिले हैं, जो निःस्वार्थ संत है उन्हें जाने नहीं देना है।

## पृष्ठ एक के शेष

**केंद्र सरकार झारखंड के साथ...**

झारखंड की खनिज संपदा को लूटने की कोशिश करने वाली ताकतों को राज्य से बाहर भगाएं। उन्होंने कहा अब समय आ गया है कि झारखंड की माताएं और बहनें करारा जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता यहां आने वाले बहुरूपियों को पहचान गई है। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में महिला सशक्तिकरण से ही राज्य का विकास संभव है। उन्होंने कहा, 'महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता देश के जीडीपी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। महिला सम्मान योजना ने महिलाओं के जीवन में नई आशा और आत्मसम्मान लाया है।' कार्यक्रम में झामुमो की नेता दीपिका पांडे ने भी महिला सम्मान योजना को क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'यह सरकार महिलाओं के साथ खड़ी है, और महिलाओं को अब डरने की जरूरत नहीं है।' इस सभा के दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

**भगवान बिरसा मुंडा की धरती से...**

पर भी चर्चा की और कहा कि 'झारखंड में लोगों को बालू नहीं मिल रहा है, जबकि बालू माफिया बेखौफ होकर राज कर रहे हैं।' उन्होंने अपने संसदीय कार्यकाल का उदाहरण देते हुए बताया कि 'गोरखपुर में पिछले 5 सालों में 30,000 करोड़ रुपये की योजनाएं संचालित की गई हैं। यह डबल इंजन की सरकार की उपलब्धि है।' रवि किशन ने झारखंड में घुसपैठियों की बढ़ती संख्या को चिंताजनक बताया और कहा कि 'भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों का अस्तित्व खतरे में है। धर्म परिवर्तन और सरकारी योजनाओं के अभाव में गरीब और गरीब होते जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं भी इस सरकार के कारण बाधित हो रही हैं। कार्यक्रम के दौरान, सांसद ने पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता को गरीबों के लिए काम करने वाला नेता बताया। उन्होंने महंत गोरखनाथ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी उल्लेख किया। 'हमें अपने क्षेत्र में विकास लाने के लिए मिलकर काम करना होगा,' उन्होंने कहा। इस अवसर पर सांसद का स्वागत सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी और अन्य पार्टी नेताओं ने किया। सभी ने सांसद को बुके और माला पहनाकर सम्मानित किया, जो कि क्षेत्र के विकास और समाज के उत्थान के लिए उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। रवि किशन ने झारखंड के वर्तमान मुद्दों पर चिंता व्यक्त करते हुए साफ किया कि यह समय है जब जनता को अपनी आवाज उठानी चाहिए और भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।

**हमारी मांग सिर्फ न्याय की...**

है। झारखंड में काम करने वाली कोयला कंपनियों पर मार्च 2022 तक राज्य सरकार का लगभग 1,36,042 करोड़ रुपये का बकाया है।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला भी दिया :** पत्र में हेमंत सोरेन ने खनन रॉयल्टी पर सुप्रीम कोर्ट के पिछले दिनों के एक फैसले का हवाला भी दिया है, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि राज्यों को खनिज युक्त जमीन पर रॉयल्टी के लिए पिछला बकाया वसूलने का अधिकार है। बकाया के संबंध में कानून में प्रावधान और न्यायिक आदेशों के बावजूद कोयला कंपनियां कोई भुगतान नहीं कर रही है, जिसके कारण झारखंड को भारी नुकसान हुआ है। हमें अभी तक भुगतान मिलना शुरू नहीं हुआ है। अभी तक मुआवजा भी नहीं दिया गया है। फैसले के आधार पर झारखंड को 2005 से खनिज रॉयल्टी की बकाया राशि मिलनी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक, झारखंड को 2026 से 12 सालों तक बिना किसी दंड के बकाया कर वसूलने की अनुमति मिलेगी।

**510 करोड़ रुपये प्रति माह ब्याज बनता है :** जब झारखंड की बिजली कंपनी के स्तर से डीवीसी को बकाया राशि के भुगतान में थोड़ी देरी हुई थी तब झारखंड के आरबीआई खाते से 12 प्रतिशत की दर से ब्याज वसूला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बकाया भुगतान की नीति में अंतर है और यह अंतर बकाया जो हमारे द्वारा देय हैं और जो हमें देय है में विरोधाभास को दशार्ता है। कोल कंपनियों के बकाया पर 4.5 फीसदी की दर से साधारण ब्याज की गणना करने पर राज्य को देय ब्याज राशि 510 करोड़ रुपये प्रति माह होगी। यदि डीवीसी बकाया के संबंध में राज्य से वसूले गये ब्याज समानता के आधार पर चलते हैं, तो ब्याज 1100 करोड़ रुपये प्रति माह हो जाता है।

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला :** 25 जुलाई 2024 के फैसले में कहा गया है कि खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार राज्यों के पास है, न कि संसद के पास। इस फैसले में कहा गया है कि रॉयल्टी, कर नहीं है, रॉयल्टी और करों के बीच अंतर है। रॉयल्टी, खनन पट्टाधारक और पट्टादाता के बीच के अनुबंध पर आधारित होती है। वहीं, कर सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए लगाए जाते हैं। इस फैसले में कहा गया है कि राज्यों को खनिजों पर बकाया रॉयल्टी भी वसूलने का अधिकार है। इस फैसले में कहा गया है कि खान और खनन से जुड़े 1957 के कानून में संसद की तरफ से खनिजों पर कर लगाने के लिए कोई सीमा नहीं लगाई गई थी। इस फैसले के मुताबिक, राज्यों को टैक्स का भुगतान अगले 12 सालों में 2005 से करना होगा। बकाया राशि पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। यह निर्णय 1 अप्रैल, 2005 से पूर्वव्यापी रूप से लागू होगा। राज्य इससे पहले हुए किसी भी लेन-देन के लिए कर की मांग नहीं कर सकते।

**केंद्र का पक्ष :** केंद्र ने कहा था कि अगर राज्यों को टैक्स लगाने का अधिकार दिया तो राज्यों में महंगाई बढ़ेगी। खनन क्षेत्र में एफडीआई में दिक्कतें आएंगी। इससे भारतीय मिनरल्स महंगे होंगे और इंटरनेशनल मार्केट में कॉम्पिटिशन घटेगा। केंद्र ने रॉयल्टी से अधिक टैक्स लगाने का विरोध किया था। केंद्र के पास खदान और खनिजों पर टैक्स लगाने की ज्यादा शक्तियां हैं। खदान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम राज्यों को खनिजों पर टैक्स लगाने से रोकती है। मिनरल्स पर रॉयल्टी तय करने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। खनन मंत्रालय ने भी कहा था कि बिजली, स्टील, सीमेंट, एल्यूमीनियम आदि के लिए कच्चा माल खनिजों से मिलता है। इसलिए अगर राज्यों ने रॉयल्टी से अलग टैक्स लगाया तो पूरे देश में महंगाई बढ़ेगी।

**होम गार्ड बहाली में...**

चयन करते हुए प्रशिक्षण में भेजने का आदेश जारी कर दिया। जब जनवरी 2024 में रांची जिला के नव चयनित महिला होमगार्ड को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया और वहां पर पुनः ऊंचाई की मापी हुई तब यह खुलासा हुआ कि जो ऊंचाई की न्यूनतम मापदंड है उसे यह पूरा नहीं करतीं। इसके बाद इन्हें प्रशिक्षण से निकाल दिया गया। दिलचस्प बात यह है कि इस महिला अभ्यर्थी पर कार्रवाई तो हो गई परंतु उन अधिकारियों पर कार्रवाई आज तक नहीं हुई जिन्होंने इसे गलत तरीके से होमगार्ड में चयनित करते हुए मेधा सूची में नाम प्रकाशित किया था। जिस अधिकारी ने गलती किया उसके उपर कार्रवाई न होना और अभ्यर्थी पर कार्रवाई हो जाने पर अब सवाल उठाये जा रहे हैं।

**बारिश के बावजूद पांकी...**

के जरिए जवाब देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान रवि किशन ने अपने फिल्मी अंदाज में कुछ गाने भी गाकर लोगों का मनोरंजन किया। जिसे लोगों ने खूब सराहा। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडेय, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्याम नंदन ओझा समेत हजारों लोग मौजूद थे।

**जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने...**

11 जुलाई को उनके ट्रांसफर की सिफारिश की थी। जस्टिस राव का जन्म सात अगस्त 1966 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय से बीएससी गणित (ऑनर्स) की पढ़ाई की। इसके बाद वर्ष 1989 में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से एलएलबी पास किया। जस्टिस राव एलएलबी के अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए। वर्ष 1991 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय यूके से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की। जस्टिस राव को 29 जून 2012 को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद स्थायी न्यायाधीश बने। इन्होंने तेलंगाना हाई कोर्ट, पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट में भी अपनी सेवा दी है। पदोन्नति मिलने के बाद 30 मई 2023 को जस्टिस राव को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया। जस्टिस राव के पिता जस्टिस एम जगन्नाथ राव भारत सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भारत के विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष थे। जस्टिस राव के दादा एमएस रामचंद्र राव भी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

# कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक रूट निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में 26 सितंबर को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित बड़ी संख्या में लाभुक और अतिथि शामिल होंगे। इस के मद्देनजर विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आने वाली बसों और अन्य वाहनों का रूट लाइन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसे लेकर ट्रैफिक एसपी ने बुधवार को आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में वाहनों का रूट लाइन और पार्किंग की अलग व्यवस्था की गई है। वीवीआईपी वाहनों की पार्किंग मंच के पीछे होगी। गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़, गुमला और रांची के बेड़ो, खलारी और ओरमांझी की तरफ से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए दलादली, नयासराय, रिंग रोड होते हुए बालालौंग मोड़ से बाएं धुर्वा डैम होते हुए। धुर्वा बस स्टैंड से बाएं सखुआ बागान में बस पार्क होगी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**Very Short Term e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No- 7/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 920 Dated:-2309.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of RCC Drain of Both Side In Chainpur - Ramkanda Road Under Chainage 0.000 to 0.734 km for the year 2024-25 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 74,88,722.00 (Rupees Seventy Four Lacs Eighty Eight Thousand Seven Hundred Twenty Two ) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 1,50,000.00 (Rupees One Lac Fifty Thousand) Only. |
| 4. | Time of Completion | 03 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 30.09.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 07.10.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 09.10.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562-225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 336905 (Road) 24-25 (D)



**झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय**
**गृह, कारा एवं आपदा पबंधन विभाग, झारखंड**
**कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा**
E-Mail ID:- dj-garhwa@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.garhwa@gmail.com
Phone No. 06561-222104

**अति अल्पकालीन ई० निविदा सूचना**

HJ AND DM/DJ GARHWA/Q-1/2025/1342

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कारा का नाम | मंडल कारा, गढ़वा |
| 02 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, एंव चीनी आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण। (1) प्रथम त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.01.2025 से 31.03.2025 तक। |
| 03 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 04 | बेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–05.10.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–08.10.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 05 | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–05.10.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–08.10.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 06 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–11.10.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–13.10.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 07 | अग्रधन राषि (EMD)(₹ 2500/–से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) | दिनांक–11.10.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–13.09.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 08 | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–14.10.2024, समय–पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखंड सरकार की बेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.-9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह/0
काराधीक्षक,
मंडल कारा, गढ़वा

PR 336977 Home, Prison And Disaster Management (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।
दिनांक–23.09.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /57/2024-25 | आर0सी0डी0 पथ महुरांव से प्रखंड मुख्यालय तथा पुलिस थाना नौडीहा बाजार का पहुंच पथ का निर्माण कार्य। 1.30कि0मी0 | 165.205 | एक करोड़ पैंसठ लाख बीस हजार पांच सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /58/2024-25 | अनुसूचित जाति बालिका आवासीय विद्यालय डुमरी का पहुंच पथ भाया तरीडीह चुनवालेवाड़ तक पथ निर्माण कार्य। 2.95कि0मी0 | 337.082 | तीन करोड़ सैंतीस लाख आठ हजार दो सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 03.10.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 05.10.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR 336895 Rural Development(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 13/2024–25**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.09.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 01.10.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 01.10.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation of Ashram from Set-1 to Set-3 (9 Ashram) of Netarhat Residential School at Netarhat in Latehar District. | 22,77,500.00 | 46,000 /- | 5000 /- | 02 (Two ) Months |
| 2 | Renovation of Ashram from Set-4 to Set-6 (9 Ashram) of Netarhat Residential School at Netarhat in Latehar District. | 22,77,500.00 | 46,000 /- | 5000 /- | 02 (Two ) Months |
| 3 | Renovation of Ashram from Set-7 (3 Ashram) of Netarhat Residential School at Netarhat in Latehar District. | 7,59,200.00 | 15,500/ - | 1250/ - | 02 (Two ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 336969 Building(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 13/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : दिनांक–24.09.2024

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /59/2024-25 | पंचायत कोल्हुआ सोनबरसा बीरधवर पुल से बिहरा पुल तक पथ निर्माण। 2.10कि0मी0 | 213.902 | दो करोड़ तेरह लाख नब्बे हजार दौ सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /60/2024-25 | पंचायत पंसा, ग्राम–पंसा महावीर मंदिर से कोयल नदी तक पथ निर्माण कार्य। 1. 60कि0मी0 | 163.455 | एक करोड़ तिरसठ लाख पैतालीस हजार पांच सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/ DALTONGANJ /61/2024-25 | मंझौली मेन रोड से बरवाडीह हरिजन टोला तक पथ निर्माण कार्य। 1.10कि0मी0 | 132.160 | एक करोड़ बत्तीस लाख सोलह हजार रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 4 | EE/RWD/ DALTONGANJ /62/2024-25 | पंचायत महुवरी नवीनगर मुख्य पथ से ग्राम बसारी पी0डब्लू0डी0 पथ तक पथ निर्माण कार्य। 1.975कि0मी0 | 222.183 | दो करोड़ बाईस लाख अठ्ारह हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 5 | EE/RWD/ DALTONGANJ /63/2024-25 | हैदरनगर देवीधाम शिव मंदिर से ग्राम जमुआ खूर्द होते हुए रतनबीघा शिव सिंह के घर तक पथ निर्माण कार्य। 1.50कि0मी0 | 184.407 | एक करोड़ चौरासी लाख चालीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 6 | EE/RWD/ DALTONGANJ /64/2024-25 | प्रखंड निलांबर पिताम्बर पंचायत चौरा अंतर्गत ग्राम राजपुर में सुरेश साव के घर से सरहेवा पुराना बाजार से रजबरिया तीनमुहान पुल होते हुए ग्राम नावाडीह तेनार में जयराम ठाकुर के घर तक पथ निर्माण कार्य। 4.50कि0मी0 | 497.038 | चार करोड़ संतावे लाख तीन हजार आठ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 7 | EE/RWD/ DALTONGANJ /65/2024-25 | ग्राम बोहिता से देवठाही होते हुए चपरना चौक तक पथ निर्माण कार्य। 3.90कि0मी0 | 417.438 | चार करोड़ सतरह लाख तेतालीस हजार आठ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 30.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.10.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.10.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 336892 (Rural Development)24-25*D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## इजरायल ने लेबनान पर किए हवाई हमले, 25 लोगों की मौत, 6 घायल



**बेरूत।** इजरायल ने लेबनान पर हवाई हमला किया है, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। लेबनान के सैन्य और चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, इजरायली ने दक्षिणी लेबनान में घरों को निशाना बनाया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, हवाई हमले में मरने वालों में 15 लेबनानी नागरिक थे, जबकि अन्य 10 सीरियाई थे। सैन्य सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि सुबह के समय नमैरियेह गांव के मध्य में स्थित कई घरों पर इजरायल ने चार मिसाइलें दागीं हैं। हवाई हमले के बाद, लेबनान रेड क्रॉस और नागरिक सुरक्षा टीमों ने घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया है।सूत्रों ने बताया है कि घटना स्थल से बुलडोजरों और क्रेनों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। जिन का अधिकांश समय ध्वस्त मकानों का मलबा हटाने में लगा। इस दौरान मलबों से शवों को निकाला गया। जिनमें से अधिकांश क्षत-विक्षत अवस्था में थे।

## अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने ट्रंप को दी हत्या की चेतावनी, ईरान से खतरा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान से उनकी जान को होने वाले 'वास्तविक और विशिष्ट' खतरे के बारे में सूचित किया है, जिसका उद्देश्य देश में अराजकता फैलाना है। ट्रंप की चुनावी अभियान के संचार निदेशक स्टीवन च्यांग ने मंगलवार रात कहा था कि आज सुबह राष्ट्रपति ट्रंप को राष्ट्रीय खुफिया निदेशालय की ओर से ईरान से उन्हें हत्या के प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। खुफिया अधिकारियों ने इन लगातार और समन्वित हमलों की पहचान की है, जो पिछले कुछ महीनों में बढ़े हैं। सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियां डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा सुनिश्चित करने और नवंबर के चुनावों में किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप से बचने के लिए काम कर रही हैं। ट्रंप पर पहला असफल हत्या का प्रयास 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया में एक रैली के दौरान हुआ था, जब एक गोली उनके कान के पास से गुजरी थी।



## पाकिस्तानी भिखारियों की वजह से बढ़ रही है सऊदी अरब की टेंशन

**सऊदी अरब ।** पाकिस्तान के भिखारियों से परेशान है। सऊदी अरब ने उमराह की आड़ में पाकिस्तान से आने वाले भिखारियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है। सऊदी सरकार ने सख्त रुख दिखाते हुए पाकिस्तान से कहा है कि ऐसे लोगों (भिखारियों) को यहां आने से पहले रोका जाए और उन पर कार्रवाई की जाए। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय के सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी खबर में बताया है कि सऊदी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान भिखारियों को नहीं रोक पाया तो इसका असर पाकिस्तानी उमरा और हज यात्रियों पर पड़ सकता है।वहीं, सऊदी हज मंत्रालय ने पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय को चेतावनी जारी की है, जिसमें उमराह वीजा के तहत पाकिस्तानी भिखारियों को खाड़ी देश में प्रवेश करने से रोकने के लिए कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।



### मेक इन इंडिया के 10 वर्ष पूरे

# हम सब मिलकर विकसित भारत बनाएंगे : पीएम मोदी

▸ मेक इन इंडिया हमारे देश को विनिर्माण और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए **140 करोड़ भारतीयों** के सामूहिक संकल्प को दशार्ता है।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 'मेक इन इंडिया' के 10 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन पिछले एक दशक से उन सभी लोगों के लगातार प्रयासों का परिणाम है, जो इसे सफल बनाने के लिए काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज हम मेक इन इंडिया के 10 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। मैं उन सभी लोगों को बधाई देता हूं जो पिछले एक दशक से इस अभियान को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

मेक इन इंडिया हमारे देश को विनिर्माण और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प को दशार्ता है। सुधारों में भारत की प्रगति भी जारी रहेगी। हम सब मिलकर एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे! वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने विनिर्माण में भारत की जबरदस्त क्षमता को उजागर किया है। आत्मनिर्भर भारत के मंत्र के साथ, हमारा देश विनिर्माण में अग्रणी और निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है, जिससे हमारे युवाओं के लिए अवसरों की दुनिया बन गई है। बता दें कि 'मेक इन इंडिया' अभियान का उद्देश्य भारत को विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।



### कांग्रेस के डीएनए में है आरक्षण का विरोध

**सोनीपत/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सोनीपत के गोहाना में आयोजित चुनावी रैली में आरक्षण और भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आरक्षण का विरोध और इससे नफरत कांग्रेस के डीएनए में है, हरियाणा की जनता को कांग्रेस की आरक्षण विरोधी रणनीति से सावधान रहना होगा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस राजघराने से आने वाले हर प्रधानमंत्री ने आरक्षण का लगातार विरोध किया है। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि कांग्रेस राजघराने की चौथी पीढ़ी भी अब आरक्षण खत्म करने की वकालत कर रही है। उन्होंने नागरिकों से कांग्रेस की आरक्षण विरोधी चालों से सतर्क रहने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही एससी, एसटी और ओबीसी को भागीदारी से वंचित रखा है।



## कृषि कानूनों पर मेरे विचार व्यक्तिगत हैं : कंगना रनौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को फिर से लागू करने को लेकर टिप्पणी की थी। इस वजह से उन्हें अपनी पार्टी से भी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच, कंगना रनौत ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उनके विचार निजी थे और वह पार्टी के रुख का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं। कंगना रनौत ने बुधवार को भाजपा नेता गौरव भाटिया के उस सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि कंगना की ओर से कृषि कानूनों पर दिया गया बयान उनका व्यक्तिगत विचार है। वह भाजपा की ओर से ऐसा बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं। गौरव भाटिया के एक्स पोस्ट को कोट करते हुए कंगना रनौत ने लिखा, बिल्कुल, कृषि कानूनों पर मेरे विचार व्यक्तिगत हैं। वह उन बिलों पर पार्टी के रुख का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। धन्यवाद। दरअसल, गौरव भाटिया ने एक्स पर पोस्ट में कहा था कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कृषि बिलों पर कंगना रनौत के बयान को भाजपा का समर्थन नहीं है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह बयान उनका निजी बयान है। कंगना रनौत भाजपा की ओर से ऐसा बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और यह कृषि बिलों पर भाजपा के दृष्टिकोण को नहीं दशार्ता है। कंगना ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा था, मुझे पता है कि यह बयान विवादास्पद हो सकता है, लेकिन तीनों कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए।



## बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर जब्त किए विदेशी गोल्डन तीतर



एजेंसी

**कोलकाता ।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में चार विदेशी गोल्डन तीतर जब्त किया। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सीमा पार से पक्षियों की तस्करी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर अमुदिया सीमा चौकी के जवान सतर्क थे। उन्होंने बताया कि जवानों ने बांग्लादेश की ओर से दो व्यक्तियों को संदिग्ध तरीके से सीमा बाड़ की ओर आते देखा, तो उन्हें रुकने का इशारा किया। लेकिन दोनों तस्कर अपने साथ लाए प्लास्टिक के बैग छोड़कर भाग गए। जब बैग की तलाशी ली गई तो उसमें पक्षियों को पाया गया। पक्षियों को अमुदिया सीमा चौकी ले जाया गया। उसके बाद उन्हें बशीरहाट स्थित वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया।


## एम्स का लगातार 7वें वर्ष शीर्ष स्थान पर रहना खास उपलब्धि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एम्स नई दिल्ली के 69वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि एम्स नई दिल्ली ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और दुनिया में शीर्ष क्रम के चिकित्सा संस्थानों में से एक बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के बाद से लगातार सातवें वर्ष, एम्स नई दिल्ली को देश के चिकित्सा संस्थानों में नंबर एक स्थान दिया गया है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि एम्स नई दिल्ली अब स्वास्थ्य मंत्रालय के नेशनल मेडिकल कॉलेज नेटवर्क के राष्ट्रीय संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करता है।

## यूएन में बाइडन ने दुनिया में फैले तनाव और भारत में हुए चुनावों का जिक्र किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने आज संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतिम भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने दुनिया के कई देशों में जारी तनाव को लेकर अपने विचार रखे। इसदौरानउन्होंने भारत समेत कई देशों में हुए चुनावों का भी जिक्र किया और तारीफ की। इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच जारी हमलों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि दुनिया को 07 अक्टूबर की भयावहता को भूलना नहीं चाहिए, इसे जिस देश ने भी अंजाम दिया हो, उसे अब सुनिश्चित करना होगा कि ऐसा दोबारा न हो। हिज्बुल्लाह बिना किसी उकसावे के इसमें शामिल होकर एक साल से इजराइल पर रॉकेट और मिसाइल दाग रहा है। इजराइल-लेबनान सीमा के दोनों तरफ बहुत से लोग विस्थापित हुए हैं। ये जंग किसी के हित में नहीं है। स्थिति और भी खराब हो गई है। कूटनीतिक समाधान ही एक एकमात्र विकल्प है। बाइडन ने यह भी कहा कि हम आक्रामकता के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जब दुनिया साथ मिलकर काम करती है तो हम कहीं अधिक मजबूत स्थिति में होते हैं। रूस-यूक्रेन के हमलों को लेकर उन्होंने कहा कि जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया, तो हम केवल विरोध करके खड़े हो सकते थे। और अमेरिका और नाटो देश, 50 से ज्यादा देश, यूक्रेन के साथ खड़े हुए। उन्होंने कहाकि सबसे जरूरी बात ये थी कि यूक्रेनी लोग भी रूस के खिलाफ खड़े रहें। ये अच्छी खबर है कि पुतिन का युद्ध फेल हो गया। वहीं अपने भाषण के दौरान बाइडन ने चीन को कड़ा संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने गठबंधनों और साझेदारियों के नेटवर्क को मजबूत करना जारी रखेगा। बाइडन ने स्पष्ट किया कि ये गठबंधन और साझेदारियां किसी देश के खिलाफ नहीं हैं, क्योंकि अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन करना चाहता है।



### एजुकेशन/करियर

बीए एंथ्रोपोलॉजी को बीए एंथ्रोपोलॉजी या बैचलर ऑफ आर्ट्स इन एंथ्रोपोलॉजी भी कहा जाता है। यह तीन साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है जिसमें मनुष्य के विकास और मनुष्यों के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास का अध्ययन किया जाता है। इस कोर्स में सामाजिक-सांस्कृतिक, जैविक-भौतिक तथा पुरातत्व का अध्ययन भी शामिल है। इस कोर्स में करियर के कई विकल्प हैं।

# एंथ्रोपोलॉजी की पढ़ाई कर बना सकते हैं करियर



## बीए एंथ्रोपोलॉजी

- समाज के विकास, व्यवहार और संरचनाओं में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा कोर्स है।
- इस कोर्स में आप मानव जाति के बारे में सीख और रिसर्च कर सकते हैं।
- बीए नृविज्ञान कोर्स के बाद कई करियर विकल्प मिलते हैं।
- इस कोर्स के जरिए मानव विकास और व्यवहार के जैविक और सांस्कृतिक पहलुओं काअध्यन करने को मिलता है। साथ ही आपको जगह जगह घूमने का अवसर भी मिलता है।

## भारत में टॉप कॉलेज

- सेंट जेवियर्स कॉलेज
- नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज
- बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय
- आर्य विद्यापीठ कॉलेज
- मोदी विश्वविद्यालय
- अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- शिया पीजी कॉलेज
- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- निम्स विश्वविद्यालय
- करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय

## विदेश की टॉप यूनिवर्सिटीज

- ट्रेंट यूनिवर्सिटी
- सिराकस यूनिवर्सिटी
- टेनेसी यूनिवर्सिटी
- लिमरिक यूनिवर्सिटी
- कैंटरबरी यूनिवर्सिटी
- दक्षिणी इलिनोइस यूनिवर्सिटी एडवर्ड्सविले
- ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी
- टेंपल यूनिवर्सिटी
- ओटागो यूनिवर्सिटी
- शोरलाइन कम्युनिटी कॉलेज

## बीए एंथ्रोपोलॉजी करने के बाद करियर स्कोप

बीए नृविज्ञान ग्रेजुएट निजी व्यवसायों, सामुदायिक संगठनों, संग्रहालयों, स्वतंत्र अनुसंधान संस्थानों, सेवा संगठनों, मीडिया में भी नौकरी पा सकते हैं। एंथ्रोपोलॉजिस्ट विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर शुरू कर सकते हैं

- स्कूल
- यूनिवर्सिटी
- सरकारी एजेंसियां
- गैर सरकारी संगठन
- व्यवसाय
- स्वास्थ्य और मानव सेवाएं
- रोग नियंत्रण केंद्र
- विश्व स्वास्थ्य संगठन
- विश्व बैंक

### जॉब प्रोफाइल्स

- एंथ्रोपोलॉजिस्ट
- आर्कियोलॉजिस्ट
- ह्यूमन रिसोर्स
- डेटा साइंटिस्ट
- प्रोफ़ेसर
- रिसर्चर
- लेक्चरर
- इकोनॉमिस्ट

